
www.epaper.azadsipahi.in
11 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
गुरुवार, वर्ष 11, अंक 53


दीपावली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया




**लोकसभा का शीतकालीन सत्र:** गृह मंत्री ने चुनाव सुधार और एसआइआर पर दिया जवाब

# घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलिट और डिपोर्ट करेंगे: अमित शाह

- विपक्ष के एक-एक आरोपों का दिया जवाब, कहा, वोट चोरी का असली इतिहास कांग्रेस ने लिखा
- सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक विपक्ष ने वाकआउट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को आठवां दिन था। चुनाव सुधार और एसआइआर पर सरकार की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह ने जवाब दिया। शाह ने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलिट और डिपोर्ट किया जायेगा। उन्होंने विपक्ष के एक-एक आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का असली इतिहास कांग्रेस ने लिखा है। शाह के वक्तव्य के समय सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद विपक्ष सदन से वाकआउट कर निकल गया। गृह मंत्री ने कहा कि देश में एसआइआर को लेकर झूठ फैलाया गया। जनता को गुमराह करने की कोशिश की गयी। सुधारों पर चर्चा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 327 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने का पूर्ण अधिकार देता है।

**शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना:** अमित शाह ने वोट चोरी के आरोपों पर कहा कि पहली वोट चोरी तो यह थी कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा? यह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्षों के वोट से तय हुआ था। 28 प्रदेश अध्यक्षों ने सरदार पटेल को वोट दिया, सिर्फ दो ने पंडित नेहरू को। फिर भी नेहरू जी प्रधानमंत्री बन गये। दूसरी वोट चोरी थी, जब इंदिरा गांधी रायबरेली से अनैतिक तरीके से जीतीं। राज नारायण कोर्ट गये, इलाहाबाद हाइकोर्ट ने इंदिरा गांधी की जीत रद्द कर दी। इसे छिपाने के लिए संसद में कानून लाया गया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई मुकदमा ही नहीं चल सकता। अमित शाह ने कहा कि एक केस सामने आया है कि सोनिया गांधी भारतीय नागरिक बनने से पहले ही मतदाता बन गयी थीं। विपक्ष के हंगामे पर उन्होंने कहा कि केस कोर्ट में चल रहा है, यह तथ्यात्मक बात है। जवाब तो सोनिया गांधी को कोर्ट में देना है। मैंने अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकाला है। केसी वेणुगोपाल ने चुनौती दी कि गृह मंत्री साबित करें। स्पीकर ने भी कहा कि गृह मंत्री ने कोई फैसला नहीं सुनाया, सिर्फ एक आये हुए केस का जिक्र किया है।


**सिर्फ आयोग की छवि खराब करने की कोशिश:** शाह ने कहा कि 2014 के बाद हमने तीन लोकसभा सहित 44 बड़े चुनाव जीते। विपक्ष ने भी 30 से अधिक जीते। आप वोट चोरी-वोट चोरी चिल्लाते रहते हैं, भारत जोड़ो-न्याय यात्राएं निकालते रहते हैं। आपकी ही सरकारों के समय आपने कई चुनाव जीते, हमने कभी नहीं कहा। यह सिर्फ चुनाव आयोग की छवि खराब करने की कोशिश है। एसआइआर का मतलब ही मतदाता सूची का शुद्धिकरण है। आप लोग सालों से कहते थे वोटर लिस्ट ठीक करो, अब चुनाव आयोग वही कर रहा है।

## अमित शाह और राहुल गांधी में तीखी बहस

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चुनाव सुधार और एसआइआर पर लोकसभा में चर्चा के दौरान बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच तीखी बहस हुई।

शाह की स्पीच के दौरान राहुल ने डिबेट का चैलेंज दे दिया। शाह ने अपनी बात रखते हुए नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी के समय तक के एसआइआर का जिक्र किया।

पूछा कि उस समय विरोध क्यों नहीं किया। आज क्यों हो रहा है? शाह ने एसआइआर पर राहुल की तीन प्रेस कांफ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा कि वह सभी का जवाब देंगे। तभी राहुल उठे चर्चा के लिए चैलेंज देने लगे।



### दोनों के बीच क्या बहस हुई

**अमित शाह:** विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) की तीनों प्रेस कांफ्रेंस का जवाब दूंगा। एक सादी वाली, एक एटम बम वाली और एक हाइड्रोजन बम वाली। हर सवाल का जवाब दूंगा। राहुल गांधी ने उन्हें बीच में टोका।

**राहुल:** शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कांफ्रेंस पर चर्चा करें।

**शाह:** 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा। आप नहीं।

**राहुल:** शाह जी का रिस्पांस पूरी तरह से घबराया हुआ है। डरा हुआ रिस्पांस है।

**शाह:** मैं उनके उकसावे पर नहीं आऊंगा। विषय पर बोलूंगा। मेरे भाषण में पहले-बाद में जो बोलना है मैं तय करूंगा। हमने तो नहीं कहा कि नेता विपक्ष झूठा बोल रहे हैं।

**इंडिगो संकट :** दिल्ली हाइकोर्ट ने जतायी नाराजगी, पूछा

# इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया

चार हजार का टिकट 30 हजार रुपये तक कैसे पहुंचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाइकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगायी। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गयी थी, तब सरकार ने क्या किया? हवाई जहाज की टिकट की कीमत 4-5 हजार रुपये से बढ़कर 30 हजार रुपये तक कैसे पहुंच गयी? अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया? आपने क्या कार्रवाई की? आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिवीजन बेंच इंडिगो संकट मामले से संबंधित जनहित याचिका (पीआइएल) की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गयी थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाये और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे, उन्हें मुआवजा दिया जाये। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ यात्रियों का व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि इससे देश को आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो।

**चार सदस्यों वाली बनायी कमेटी:** इंडिगो ने पिछले सप्ताह से हुई बड़े पैमाने पर रुकावट के बाद हजारों उड़ानें रद्द, रीशेड्यूल और देर की हैं। डीजीसीए ने चार सदस्यों वाली एक कमेटी बनायी है। इसमें संयुक्त महानिदेशक संजय ब्राह्मणे, उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान परिचालन निरीक्षक (एफओआइ) कपिल मांगलिक और एफओआइ लोकेश रामपाल शामिल हैं। इस समिति को इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में आई बाधाओं के मूल कारणों का पता लगाने का काम सौंपा है।




### डीजीसीए ने इंडिगो के सीइओ को भेजा समन

नागरिक उड्डयन नियामक (डीजीसीए) ने संकटग्रस्त इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीइओ) पीटर एल्बर्स को गुरुवार को अपने कार्यालय में तलब किया है। डीजीसीए ने एल्बर्स और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को एयरलाइन के परिचालन में आयी बाधाओं से संबंधित जानकारी वाली रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। नियामक के आदेशानुसार, विमानन कंपनी को उड़ानें बहाल करने, पायलटों तथा केबिन क्रू की भर्ती योजना, रद्द की गयी उड़ानों की संख्या और रिफंड आदि से जुड़ी जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

# आम सूचना 29 अप्रैल को प्रकाशित हुई और 5 मई को शराब आपूर्ति का दे दिया आदेश

- सवालों के जवाब में घिर गये हैं आइएएसअमित कुमार
- देशी शराब की आपूर्ति की सूचना ऑनलाइन क्यों नहीं जारी की गयी

अजय शर्मा




**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी के सवालों में आइएएस अधिकारी अमित कुमार घिर गये हैं। वे सवालों के बौछार को झेल नहीं पा रहे थे। अधिकांश सवालों के जवाब में चुप्पी साध लेते थे। बुधवार को उनसे लंबी पूछताछ हुई। एसीबी ने पूछा कि उत्पाद विभाग रांची के माध्यम से आपके कार्यकाल में जितने भी टेंडर प्रकाशित हुए, उसमें कागजातों को ऑनलाइन जमा करने के साथ-साथ हार्डकॉपी भी मांगी गयी थी। हार्डकॉपी मांगने की मंशा अपनी एजेंसी को लाभ पहुंचाना तो नहीं था, ताकि दूसरे को अयोग्य किया जा सके। इसके जवाब में अधिकारी ने चुप्पी साध ली। प्लेसमेंट एजेंसी से संबंधित टेंडर में लेबर को कितना भुगतान किया जाना था, इसकी भी जानकारी नहीं दी। छत्तीसगढ़ के डिस्टलरियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी शराब में कांच का टुकड़ा और कचरा मिला था। उस समय संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह ने शराब आपूर्ति पर तत्काल रोक लगा दी थी। इसके बाद भी आपके द्वारा रोक नहीं लगायी गयी, बल्कि देशी शराब आपूर्ति का विस्तार किया गया। इस पर भी सही जवाब अमित कुमार नहीं दे सके। मेसर्स एनवी डिस्टलरी द्वारा देसी शराब आयात के संबंध में न तो अपना लेबल रजिट्रेशन कराया गया और न ही मूल्य निर्धारित कराया गया, इसके बाद भी देशी शराब के आपूर्ति की अनुमति कैसे मिली। अमित कुमार का जवाब था कि मुझे याद नहीं है। सवाल किया गया कि आम सूचना का प्रकाशन 29 अप्रैल 2022 को हुआ और 5 मई को आपूर्ति की अनुमति कैसे दे दी गयी? इतने कम समय में अनुमति देना लाभ पहुंचाने के समान है। इसके जवाब में भी अधिकारी ने चुप्पी साध ली। एसीबी ने पूछा झारखंड सरकार का उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के माध्यम से क्रमशः मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरी प्रालि, मेसर्स वेलकम डिस्टलरी प्रालि को आम सूचना के पूर्व ही जानकारी दे दी गयी थी, ऐसा कैसे हुआ। झारखंड शराब की थोक बिक्री नियमावली 2022 में यह प्रावधान है कि तीन वर्ष के आयकर रिटर्न की प्रति जमा करनी थी। बिवरेज प्रालि और विशिता वेंचर्स ने दो वर्ष के आयकर रिटर्न के कागजात जमा किये और उन्हें काम दे दिया गया। ऐसा कैसे हुआ? पूर्व उत्पाद आयुक्त एसीबी के सवालों का सही-सही जवाब नहीं दे पाये।

# भारत में 3.14 लाख करोड़ रुपये निवेश करेगी अमेजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब अमेजन ने भी भारत में बड़ा निवेश करने का ऐलान किया है। अमेजन ने घोषणा की है कि 2030 तक कंपनी भारत में 35 बिलियन डॉलर यानी 3.14 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी। यह निवेश एआइ ड्रिवन डिजिटाइजेशन, एक्सपोर्ट ग्रोथ और जॉब क्रिएशन पर फोकस्ड होगा। यह ऐलान अमेजन की सालाना एस.एम.भव समिट में हुआ। जहां कंपनी ने छोटे बिजनेस और एमएसएमइ को एआइ टूल्स देने का प्लान बताया। 2013 से अब तक अमेजन ने भारत में कुल 40 बिलियन डॉलर यानी 3.59 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें कर्मचारियों की सैलरी और इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है।

**अमेजन तीन सेक्टरों पर फोकस करेगी :** अमेजन का यह नया निवेश तीन मुख्य सेक्टरों में बंटा है। पहला- एआइ से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को तेज करना। दूसरा- एक्सपोर्ट को बढ़ावा देना ताकि मेड-इन-इंडिया प्रोडक्ट्स ग्लोबल मार्केट में पहुंचें। तीसरा- जॉब क्रिएशन के जरिए इकोनॉमी को बूस्ट करना। इस महीने ही अमेजन ने 12.7 बिलियन डॉलर (1.14 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का ऐलान किया था, जो एआइ और अमेजन वेब सर्विसेज पर था। इसमें तेलंगाना और महाराष्ट्र में डेटा सेंटर्स का एक्सपेंशन शामिल है।

### 2030 तक 10 लाख जॉब्स क्रिएट करेंगे

अमेजन के इमर्जिंग मार्केट्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अमित अग्रवाल ने समिट में कहा, 'हम पिछले 15 सालों से भारत के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का हिस्सा बने हैं। अमेजन की ग्रोथ यहां आत्मनिर्भर और विकसित भारत की विजन से मैच करती है।' उन्होंने आगे बताया, 'हमने फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में स्केल पर निवेश किया है। जिससे लाखों जॉब्स क्रिएट हुए और मेड-इन-इंडिया प्रोडक्ट्स ग्लोबल हुए। आगे हम एआइ को लाखों भारतीयों के लिए डेमोक्रेटाइज करेंगे, 1 मिलियन यानी 10 लाख जॉब्स क्रिएट करेंगे और 2030 तक ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को 80 बिलियन डॉलर यानी 7.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचायेंगे।'

# सरकार लंबी और गाढ़ी लकीर खींचने को तैयार : हेमंत सोरेन

फॉलोअप के कॉन्क्लेव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि दिल्ली जाने के पीछे कई कारण होते हैं। मैं अपने काम से दिल्ली जाता हूं। खबरनवीस इसका अलग-अलग मतलब निकालते हैं, तो इसमें कोई क्या कर सकता है। मुख्यमंत्री बुधवार को रांची के ऑड्रे हाउस में आयोजित फॉलोअप डिजिटल प्लेटफॉर्म के कॉन्क्लेव में सवालों के जवाब दे रहे थे। पत्रकार संजय रंजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा कि जब भी आप दिल्ली जाते हैं, तो कई तरीके की चर्चाएं शुरू हो जाती हैं। सरकार बनने और बदलने की चर्चा होती है। इस पर क्या कहेंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि दिल्ली सभी राजनेता जाते हैं। वे चाहे मुख्यमंत्री हों, विधायक हों। लोग व्यक्तिगत कारणों से भी दिल्ली जाते हैं। जहां तक खबरों की बात है, यह तो खबर वालों का अपना-अपना आकलन होता है। हम तो अपने काम से जाते हैं, अपने काम से आते हैं। मैं अपने काम पर फोकस करता हूं।

**आनेवाले 25 सालों में बहुत कुछ देखने को मिलेगा:** मनोज पांडेय ने पूछा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए आपलोगों ने साल 2050 का लक्ष्य रखा है। अगले 25 सालों में हम राज्य को उस जगह पर ले जा पायेंगे, जहां जनता खुशहाल रहे। लोगों की मुसीबतें और समस्याएं ना का बराबर हों? साथ ही सरकार के एक साल पूरा होने पर कोई ऐसा कार्य जो छूट गया, उस पर क्या कहेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले 25 सालों में आपको बहुत कुछ देखने को मिलेगा। एक साल में सरकार ने जो कार्य किया है, जो लक्ष्य हमने हासिल की है, जो नियुक्तियां हमने की, उससे आने वाली पीढ़ी और समृद्ध होगी। मुझे आज गर्व महसूस होता है, जब मइयां सम्मान योजना की राशि से बच्चे जेपीएसपी की तैयारी कर रही हैं। जेपीएससी क्वालीफाई भी कर रही हैं। उनका भविष्य संवर रहा है।



### नियुक्तियों की रफ्तार जारी रहेगी

सन्नी शरद ने पूछा कि झारखंड अब रफ्तार पकड़ने को तैयार है। झारखंड 25 साल का हो चुका है। जिस तरह से जेपीएससी, सीजीएल, सीडीपीओ, एफआरओ का रिजल्ट निकला। जिस तरह से लगातार नियुक्तियां हो रही हैं, क्या यह रफ्तार जारी रहेगी? इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की रजत जयंती अभी हम लोगों ने मनायी। 25-30 हजार नौजवानों की सरकारी नियुक्तियां हुईं। ऐसा समागम और दृश्य 24 साल में देखने को नहीं मिला। हर साल ऐसी उपलब्धियां और गतिविधियां आने वाले सालों में देखने को मिलेंगी। सरकार लंबी और गाढ़ी लकीर खींचने को तैयार है।

# शीतकालीन सत्र: झारखंड राजभवन का नाम 'बिरसा भवन' रखने का प्रस्ताव

## दुमका में राजभवन का नाम सिदो-कान्हू करने का प्रस्ताव, सरकार ने पेश किया मसौदा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सरकार ने राजभवन के नाम बदलने को लेकर प्रस्ताव पेश किया। बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब रांची स्थित राज भवन का नाम 'बिरसा भवन' किया जाये, ताकि भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को उचित सम्मान मिल सके। इसके साथ ही दुमका स्थित राजभवन के लिए 'सिदो-कान्हू' भवन नाम का प्रस्ताव रखा गया है, जो संताल विद्रोह के महान नायकों सिदो और कान्हू मुर्मू की स्मृति को समर्पित होगा।

### राज्यपाल के पास है शक्ति

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में स्पष्ट किया कि राजभवन राज्य सरकार की संपत्ति है। संविधान के अनुच्छेद 154 के अनुसार राज्य की कार्यकारी शक्ति राज्यपाल में निहित होती है। इसलिए राज्य सरकार को राजभवनों के नामकरण का पूरा अधिकार प्राप्त है।

### केंद्र सरकार ने हाल में बदला नाम

बताते चलें कि केंद्र सरकार ने 3 दिसंबर को देशभर के सभी राजभवनों का नाम बदलकर लोक भवन करने का निर्देश जारी किया था, जिसे झारखंड ने भी लागू किया गया है। अब राज्य सरकार ने उससे अलग अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए स्थानीय महानायकों के सम्मान में नये नाम रखने की दिशा में कदम बढ़ाया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# कोल इंडिया चेयरमैन ने केंदुआडीह गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह क्षेत्र में जहरीली गैस रिसाव की स्थिति को लेकर कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा धनबाद के केंदुआडीह पहुंचे। उन्होंने पूरे प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस रिसाव को अत्यंत गंभीर बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि जान बचाने के लिए लोगों का अस्थायी तौर पर विस्थापन होना बहुत जरूरी है।

कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा ने अधिकारियों को साथ लेकर पूरे प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बीसीसीएल की ओर से चलाए जा रहे राहत और बचाव कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। कोल इंडिया के चेयरमैन ने केंदुआडीह क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर अधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।



**गैस रिसाव को लेकर जानकारी देते लोगों का हटना ही एक मात्र उपाय है: कोल इंडिया चेयरमैन :** कोल इंडिया चेयरमैन ने कहा कि मौजूदा स्थिति अच्छी नहीं है। गैस का लेवल सामान्य से कहीं अधिक है। कुछ जगहों पर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की मात्रा यानी पीपीएम 2000 तक है। ऐसे में फिलहाल सबसे बड़ा और जरूरी कदम यह है कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए। जिससे कि उनकी जान बचाई जा सके। चेयरमैन ने कहा कि मौजूदा खतरे को देखते हुए अभी यहां से हटना ही एकमात्र उपाय है।

### अस्थायी रूप से विस्थापित होने पर लोगों में बनी सहमति

कोल इंडिया चेयरमैन के दौरे के बाद केंदुआडीह प्रभावित क्षेत्र के लोगों में एक उम्मीद जगी है। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि चेयरमैन ने आश्वस्त किया है कि गैस रिसाव को बंद किए जाने को लेकर सारे प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने विस्थापन जैसी कोई बात नहीं कही है। उन्होंने कहा कि चेयरमैन ने राहत शिविरों में जाने की अपील की है और इसे लेकर स्थानीय लोगों में भी सहमति बनी।

### प्रभावित लोगों को शिविरों में रहने, खाने और इलाज की मिलेगी सुविधा

कोल इंडिया चेयरमैन ने यह भरोसा दिलाया है कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए राहत शिविरों में खाने, रहने और चिकित्सा की पूरी व्यवस्था की गई है। राहत केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गैस निकासी और तकनीकी समाधान को लेकर प्रयास जारी है। लेकिन इसमें समय लग सकता है। अधिकारी यह भी दावा कर रहे हैं कि पूरे मामले की गहन तकनीकी जांच की जा रही है। इसके साथ ही देश की नामी और विशेषज्ञ एजेंसियां इस कार्य में लगी हुई हैं। अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन दोनों स्तरों पर समाधान की योजना तैयार की जा रही है।

# प्रगतिशील मत्स्य कृषकों का दल आंध्र प्रदेश रवाना

**मत्स्य पालन की आधुनिकतम तकनीक से होंगे रूबरू**

**सात बैच में कुल एक सौ मत्स्य कृषक प्रशिक्षित होंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश के आलोक में मछली पालन के क्षेत्र में आधुनिकतम तकनीक अपनाकर मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु झारखंड से प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर विजिट पर 16 सदस्यीय प्रगतिशील मत्स्य कृषकों (सातवां बैच) का दल ऐलुर (आंध्र-प्रदेश) के लिए रवाना हुआ। इस भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कृषि मंत्री के प्रयास से नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड (एनएफडीबी) द्वारा प्रायोजित किया गया। इस दल में रांची जिला के राहे प्रखंड से मत्स्य मित्र विशेश्वर महतो, राहुल पाथर मुंडा, निरंजन मुंडा, सोनाहातू से रामू सिंह मुंडा, बेड़ों से सुमन मिंज, निर्मल महतो, मांडर से भागीरथ उरांव, अनगड़ा से रंजीत मुंडा, सहित कुल 16 प्रगतिशील मत्स्य किसान शामिल हैं। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मत्स्य पालकों के साथ मत्स्य विभाग से शिवपूजन सिंह, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, रांची तथा त्रिलोक कुमार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, बोकारो भी शामिल हैं। मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी ने सभी मत्स्य पालकों को सुखद यात्रा एवं सफल प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि किसान आन्ध्र-प्रदेश से मछलीपालन की उन्नत तकनीक सीखकर अपने राज्य में व्यावसायिक खेती कर सकेंगे तथा राज्य को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर ले जा सकेंगे। इस अवसर पर मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक एवं मंजूश्री तिर्की, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी ने मिलकर रांची रेलवे स्टेशन से किसानों को रवाना किया। सभी मत्स्य पालकों ने विभागीय मंत्री तथा निदेशक मत्स्य के साथ साथ एनएफडीबी का आभार प्रकट किया।

# बोकारो का संतुलित विकास: उड़ान के साथ पुनर्वास और संवाद की जरूरत

धर्मेंद्र सिंह

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो आज एक नये विकास अध्याय की ओर बढ़ रहा है। शहर के एयरपोर्ट विस्तार और सौंदर्यीकरण की योजनाओं ने जहां विकास की उम्मीदें जगाई हैं, वहीं विस्थापितों और बाजार प्लॉट धारकों के बीच असमंजस और असंतोष की स्थिति भी पैदा कर दी है। मामला अब प्रशासन, बोकारो स्टील प्लांट और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की परीक्षा बन गया है।

विस्थापितों की उम्मीदें और विकास की अनिवार्यता

बोकारो इस्पात संयंत्र के लिए जमीन देने वाले विस्थापित परिवार एयरपोर्ट विस्तार को अपने त्याग का परिणाम मानते हैं। उनके लिए उड़ान सेवाओं का प्रारंभ न केवल शहर की प्रगति का प्रतीक है, बल्कि उनके योगदान की मान्यता भी है। वे मानते हैं कि विकास के मार्ग में अतिक्रमण हटाना जरूरी है, ताकि बोकारो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर सके।

**व्यापारियों का पक्ष: आजीविका का संकट :** वहीं दूसरी ओर दशकों से बाजार क्षेत्रों में व्यापार कर रहे प्लॉट धारक और निवासी हैं, जो खुद को ह्यअतिक्रमणकारीह्न कहलाने से आहत महसूस करते हैं। उनका कहना है कि वर्षों से उन्होंने अपनी मेहनत से कारोबार खड़ा किया है, जो अब उनके अस्तित्व से जुड़ा है। वे प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि किसी भी कार्रवाई से पहले पुनर्वास की ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी आजीविका प्रभावित न हो।




### सांसद का हस्तक्षेप और संवाद की पहल

स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने बाजार के लोगों से मुलाकात कर आश्वासन दिया है कि बिना उचित पुनर्वास योजना के कोई अतिक्रमण नहीं हटाया जायेगा। उनका रुख साफ है - विकास जरूरी है, लेकिन वह मानवीयता और सर्वसम्मति के साथ होना चाहिए। यह हस्तक्षेप प्रशासन और इरछ के लिए संकेत है कि किसी भी निर्णय से पहले सामाजिक संतुलन का ध्यान रखा जाये।

### संतुलित समाधान की जरूरत

बोकारो का विकास तभी सार्थक होगा जब इसमें सभी पक्षों की भागीदारी हो। प्रशासन और इरछ को ऐसी नीति बनानी होगी, जो विस्थापितों की उम्मीदों और व्यापारियों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे। शहर को उड़ान भरनी है, लेकिन यह उड़ान तभी स्थायी और ऊंची होगी जब इसके पंखों में विकास के साथ मानवीय संवेदनाओं की भी हवा हो।

# कटुअल कला के बेटे ने किया कमाल, पिता स्व रामायण सिंह के सपने को किया पूरा, जेएसएससी में लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर(पलामू)।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कटुवल गांव निवासी अविनाश कुमार सिंह किसान परिवार का बेटा अपनी मेहनत के बल पर सीजीएल की नौकरी में सफलता हासिल कर ऊंचाई को छूने में कामयाब हुआ है। बताते चले कि पूर्व समाजसेवी स्वं रामायण प्रसाद सिंह का पुत्र है। वें जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल प्रतियोगिता में सफलता को हासिल कर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर चयनित हुए है। इनकी सफलता से ग्रामीण क्षेत्र में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं में भी खुशी की लहर दौड़ गयी है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि गांव में ही रहकर मेहनत एवं लगन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। जिसको अविनाश ने कर दिखाया है। इनकी सफलता इस क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। जिनसे सीख लेकर अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की जरूरत है। पतरिया खुर्द पंचायत की मुखिया रानी सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी मेहनत के बल पर इन्होंने अपनी सफलता पायी है।



इससे पूर्व भी यह पीजीटी प्लस टू की परीक्षा में सफलता हासिल कर पलामू जिले के पड़वा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन से इन्होंने झारखंड राज्य में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में सफलता पाकर गांव सहित पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं अविनाश सिंह ने अपनी सफलता के बारे में बताया कि माता पिता का आशीर्वाद एवं साहित्य की किताबों से मिली प्रेरणा ने इन्हें प्रेरित कर आगे बढ़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार किया है। आधुनिक युग में मोबाइल से दूर रहकर किताबों से प्यार किया है। आज भी किताबों के गहरे अध्ययन से हम आगे बढ़ सकते हैं। आगे भी अन्य परीक्षाओं की तैयारी करते रहेंगे। मौके पर अविनाश सिंह को बधाई देने वालों में कई सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण पूर्व मुखिया विवेक सिंह,विक्रमा सिंह,उमाशंकर सिंह,केशरी सिंह,योगेंद्र सिंह ने शामिल है उनके उज्ज्वल करियर की कामना की।

# महुदा इंटर कॉलेज में उबाल: भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से आमरण-अनशन तक भड़का जनाक्रोश

**अनियमित बर्खास्तगी से फूटा गुस्सा, ग्रामीणों ने विधायक-सचिव का पुतला फूंककर चेताया होश में आओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा ।** महुदा इंटर महाविद्यालय में वर्षों से पल रहे भ्रष्टाचार, मनमानी नियुक्तियों और दमनात्मक रवैये के खिलाफ क्षेत्र की जनता अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ चुकी है। व्याख्याता, द्वारपाल और एक महिला सफाईकर्मी की कथित नियम-विरुद्ध बर्खास्तगी ने जनता के सब्र का बाँध तोड़ दिया है। धरना तीसरे दिन आमरण अनशन में बदल गया और आंदोलन का तापमान लगातार चढ़ता जा रहा है। महुदा इंटर महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और तानाशाहीपूर्ण प्रबंधन के खिलाफ उठी आवाज अब प्रचंड आक्रोश का रूप ले चुकी है। कॉलेज प्रशासन द्वारा मनमाने ढंग से व्याख्याता, द्वारपाल और एक महिला सफाई कर्मी की बर्खास्तगी ने पूरे क्षेत्र में असंतोष भड़का दिया है। इसी अन्याय के खिलाफ शुरू हुआ शांतिपूर्ण धरना बुधवार को तीसरे दिन आमरण अनशन में तब्दील हो गया। अनशनस्थल पर मेडिकल टीम ने सुरेश रजक और गौतम महतो की स्वास्थ्य जाँच कर बताया कि दोनों की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। टीम में डॉ. शोभा सिन्हा, सुनीता देवी (सीनियर एएनएम) और शंकर चंद्र नाथ मेडिकल स्टाफ शामिल थे। डॉक्टरों ने बताया कि सुरेश रजक को लगातार भूखे रहने से कमजोरी और सिरदर्द की शिकायत है, वहीं गौतम महतो ने सीने में तेज दर्द की बात कही।

डॉक्टरों ने दवा लेने और अनशन समाप्त करने की सलाह दी, परंतु दोनों अनशनकारियों ने अपनी मांगों से एक कदम भी पीछे हटने से साफ इंकार कर दिया। धरना स्थल पर महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ ने आंदोलन को नई ऊर्जा दी है। उधर शाम को गुस्साए ग्रामीणों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने संस्थान के सचिव दीपनारायण शर्मा, प्राचार्य सिकंदर रवानी और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की– बाघमारा विधायक होश में आओह्व, तेरी तानाशाही नहीं चलेगी भ्रष्टाचार मुदार्बादह्व। ग्रामीणों का आरोप है कि महाविद्यालय में फैली अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को विधायक का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण वर्षों से शिकायतें दबाई जाती रही हैं। जनता का साफ संदेश है–जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती और कॉलेज में पारदर्शिता की पुनर्स्थापना नहीं की जाती, आंदोलन किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा।



> महुदा इंटर महाविद्यालय में चल रहे व्यापक भ्रष्टाचार और सचिव दीपनारायण शर्मा की तानाशाही का हर स्तर पर विरोध तेज हो गया है। सचिव द्वारा नियम-विरुद्ध तरीके से प्रोफेसरों व कर्मचारियों का शोषण और मनमानी बर्खास्तगी किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं। आज शासी निकाय अध्यक्ष एवं सचिव का पुतला दहन कर जनाक्रोश स्पष्ट कर दिया गया। हमारी बातचीत पर एसडीओ ने प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर मामले का संज्ञान लेने, निष्पक्ष जाँच कराने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की आश्वस्ति दी है। यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।
>
> -गिरिधारी महतो: सांसद प्रतिनिधि

> महुदा इंटर महाविद्यालय में फैले भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के लिए हम बाघमारा विधायक शत्रुधन महतो को जिम्मेदार ठहराते हैं। हमारे आरोप हैं कि उनके संरक्षण में सचिव दीपनारायण शर्मा मनमानी, अनियमित नियुक्तियाँ और कर्मचारियों के शोषण जैसे गंभीर कृत्य कर रहे हैं। संस्थान को निजी अड्डा बनाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की इस मिलीभगत के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।
>
> -निर्मल रवानी: अधिवक्ता सह समाजसेवी।

> अखबार के माध्यम से मामला संज्ञान में आया हैं, मुख्यमंत्री जी को मामले से अवगत करा चूका हूं, कल धनबाद उपायुक्त इस पर कार्रवाई की दिशा में कार्य करेंगे।
>
> -अनूप सिंह: बेरमो विधायक।

# संजय सेठ को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैच लगा कर किया गया सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सैनिक कल्याण निदेशालय, राँची के पदाधिकारियों ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का बैच लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर (से. नि.) निरंजन कुमार, कर्नल (से. नि.) एस. पी. गुप्ता, लेफ्टिनेंट कर्नल (से. नि.) पी. के. झा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने देश की सशस्त्र सेनाओं के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन किया तथा सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस देश की एकता, साहस और समर्पण की भावना का प्रतीक है।

इसके बाद निदेशक ब्रिगेडियर (रि.) निरंजन कुमार ने पूर्व सैनिक संघ के सदस्यों एवं सैनिक बाजार के दुकानदारों के साथ एक आमसभा कर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से देश सेवा और सैनिक कल्याण में सहयोग देने का आह्वान किया।

सभा में बड़ी संख्या में दुकानदार उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से सोनी मेहता, रजनीकांत, मोहम्मद सकील अहमद, मोहम्मद रिजवानुल हक (बाबू भाई) और मोहम्मद फिरोज खान शामिल थे। इस अवसर पर निदेशक ने आने वाले समय में नए शॉपिंग मॉल के निर्माण की जानकारी भी साझा की। इस पर उपस्थित लोगों ने उत्साह व्यक्त करते हुए मॉल के शीघ्र निर्माण की इच्छा जताई।

बैठक के अंत में निदेशक ने सभी पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सैनिक एकता और सम्मान की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

### तीन साल पहले शुरू हुआ था महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण

# एक साल में पूरा काम करना था, पर अभी तक है अधूरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** उग्रवाद प्रभावित इलाके में विकास के कई कार्य हुए हैं। सड़कों का जाल भी बिछाया गया है। कई सड़क के निर्माण में सीधे तौर पर अनियमितता बरती गई। चिरकी-पलमा मुख्य पथ से पांडेयडीह सड़क निर्माण में भी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। तीन साल में भी इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

### जैसे-तैसे बनाया गया गार्डवाल

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2022 में सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। लगभग 4.27 किमी लंबी इस सड़क को 2.16 करोड़ में बनाने का काम नवंबर 2022 में शुरू किया गया। कार्य को एक साल के अंदर पूर्ण करना था, इसके पांच साल तक सड़क का देखभाल का जिम्मा भी धनबाद की एजेंसी को दिया गया। लेकिन तीन वर्ष बाद भी सड़क पूरी तरह से बनी नहीं है। कई जगह सड़क अधूरा है तो गार्डवाल भी जैसे तैसे बनाया गया जो अभी भी अधूरा है। गार्डवाल में लगाया गया पत्थर भी लोकल प्रतीत हो रहा है। अधिकांश गार्डवाल को जैसे तैसे न सिर्फ जोड़ा गया बल्कि उसका प्लास्टर भी नहीं किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क के निर्माण के वक्त विभागीय अधिकारियों ने विशेष ध्यान नहीं दिया, यही कारण है कि निर्माण में गड़बड़ी की गयी।

### उग्रवाद उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण रही सड़क

चिरकी-पलमा पथ से पांडेयडीह तक बनी ( अपूर्ण ) सड़क कई मायने ने महत्वपूर्ण है। दरअसल यह सड़क उन इलाके से गुजरी है, जहां नक्सलियों की समानांतर व्यवस्था कभी कायम थी। यह सड़क उन गावों से गुजरी है, जहां हार्डकोर नक्सलियों का घर था। यह सड़क इनामी नक्सली के गांव तक गई है। ऐसे में इस सड़क के निर्माण को प्रशासन ने अपनी प्रमूखता में रखा था।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस विषय पर ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता ( पीरटांड प्रखंड ) मेघलाल कुमार ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य 2023 में ही पूर्ण होना था। कुछ काम बचा है उसे पूर्ण करने का दबाव संवेदक पर बनाया जा रहा है। वहीं जहां भी गड़बड़ी है उसे दुरूस्त किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.9 °c | 8.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.19 बजे |



## झारखंड विधानसभा में सिदो-कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड की चतुर्थ बैठक संपन्न

# किसानों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड विधानसभा में सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मंडल की चतुर्थ बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय वृद्धि, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा प्रशिक्षण एवं विपणन तंत्र को सशक्त बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



**फसलों का मूल्य समय पर मिले, किसानों का मनोबल बढ़े :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती के प्रत्येक चरण – उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण से लेकर विपणन तक – पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई की बेहतर सुविधा और बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी फसलों के उचित मूल्य का भुगतान समय पर मिलना चाहिए, ताकि उनका मनोबल बढ़े, वे आर्थिक रूप से सशक्त हों और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती-किसानी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जलस्त्रोतों के संरक्षण और चेक डैमों की मरम्मत एवं देखरेख की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। साथ ही सुझाव दिया कि इन जल संरचनाओं की देखरेख की जिम्मेदारी किसानों के समूहों या जलसहिया समितियों को सौंपी जाये, ताकि स्थानीय स्तर पर स्वामित्व और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो सकें। इससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी स्थायी आधार प्राप्त होगा।

### किसानों के लिए स्पेशल मोबाइल ऐप एवं कृषि पोर्टल विकसित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के हित में एक विशेष मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया जाये। इस एप के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के किसान अपनी फसलों, आवश्यक कृषि सामग्रियों, विपणन स्थिति और बाजार संबंधी जानकारी को सीधे डिजिटल माध्यम से साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल पहल से किसानों को न केवल अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य निर्धारण में सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें बाजार की वास्तविक स्थिति की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त होगी। साथ ही निर्देश दिया कि कृषि विभाग का एक स्थानीय पोर्टल विकसित किया जाये, जिसके माध्यम से उपभोक्ता सीधे किसानों से जुड़कर कृषि उत्पादों की खरीद कर सकें। इस व्यवस्था से किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक पारदर्शी एवं लाभकारी संपर्क स्थापित होगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में लाह, इमली, कोदो, कुटकी, चिरौंजी, महुआ, करंज, रेशम और तसर जैसे झारखंड के विशिष्ट वनोपजों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि राज्य के किसानों और वनोपज संग्राहकों को इसका सीधा आर्थिक लाभ मिल सके।

### किसान पाठशाला और वीडियो आधारित प्रशिक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी दिशा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के वनोपज उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ठोस एवं निर्णायक पहल कर रही है। सरकार का उद्देश्य न केवल इन उत्पादों के विपणन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है, बल्कि राज्य के किसानों, विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के कृषकों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने कहा कि सरकार खेतिहर समुदाय को वैकल्पिक कृषि, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और विपणन के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और गति दी जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को ज्ञान और तकनीक के माध्यम से समृद्ध बनाने के लिए किसान पाठशाला जैसी पहल को सुदृढ़ किया जाये। किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, संरक्षण तकनीकों तथा नवाचारों से जोड़ने के लिए वीडियो आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किये जायें, ताकि वे संबंधित मूल्य संवर्धन की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से अपना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पहलों के माध्यम से ग्रामीण एवं जनजातीय समुदायों को उनकी परंपरागत आजीविका से जोड़ते हुए आधुनिक आर्थिक तंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण अपनाया जाये, ताकि झारखंड के किसान वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो।

### बजट और कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

बैठक में सिद्धो-कान्हो कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (सिद्धकोफेड) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिए विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, बजट एवं कार्ययोजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान लाह, बीज, तसर सहित राज्य के प्रमुख कृषिझ्रवनोपज उत्पादों के उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने से संबंधित नीतिगत निर्णय लिये गये। बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव अबु बकर सिद्दीक, प्रशांत कुमार, कृपानंद झा, अरवा राजकमल सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी और आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे।

# झारखंड के 374 बालू घाटों पर 100 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन में बताया कि राज्य सरकार अपने बयान पर अडिग है। उन्होंने फिर दुहराया कि राज्य के 374 बालू घाटों पर 100 रुपये प्रति ट्रैक्टर बालू दिया जायेगा। सरकार न पहले झूठ बोली थी, न अब बोल रही है और न हीं सदन को गुमराह कर रही है। इसके लिए बालू लेने वालों को अपना ट्रैक्टर, किराये का ट्रैक्टर लेकर ग्रामसभा के पास जाना होगा। रांची के विधायक सीपी सिंह ने सूचना के माध्यम से सदन में यह सवाल उठाया कि एक दिन पहले भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बालू की कालाबाजारी पर सवाल उठाया था, तो मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन को आश्वस्त किया था कि 374 बालू घाटों पर 100 सीएफटी बालू 100 रुपये में दिया जा रहा है। विधायक सीपी सिंह ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद के उक्त बयान को सदन को गुमराह करने वाला बयान बताया था। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में अपनी बात फिर दोहराया कि उन्होंने न कल सदन को गुमराह किया था और न ही अब गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने फिर दोहराया कि राज्य के 374 घाटों पर 100 रुपये में एक ट्रैक्टर बालू मिलेगा। उनके इस बयान को संशोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि 100 रुपये में एक ट्रैक्टर बालू मिलेगा, इसके लिए ग्राहक को ग्राम सभा में अपना ट्रैक्टर लेकर जाना होगा।



नीरा यादव ने मातृत्व अवकाश के समय वेतन का उठाया मामलाकोडरमा से भाजपा की विधायक डॉ नीरा यादव ने सूचना के माध्यम से मेडिकल छात्राओं के वेतन का मामला उठाया। उन्होंने सदन को बताया कि छात्राओं को मातृत्व अवकाश में वेतन नहीं दिया जाता है। हालांकि बाद में पूरी राशि दी जाती है, जबकि मातृत्व अवकाश के वक्त वेतन की आवश्यकता होती है। उन्होंने सदन से मांग की कि छात्राओं को मातृत्व अवकाश के समय भी वेतन दिया जाये।

# दिल्ली स्थित झारखंड भवन और ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस की सूची मंगायें: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को विपक्ष ने दिल्ली स्थित झारखंड भवन और ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस में ठहरने से जुड़े नियमों और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाये। इसके साथ ही नल-जल योजना और अबुआ आवास से जुड़े मुद्दे भी सदन में उठे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड भवन में ठहरने से संबंधित नियमों को गलत बताते हुए कहा कि कैबिनेट निगरानी विभाग का यह निर्णय कि केवल विधायकों के सगे संबंधी ही झारखंड भवन में रह सकते हैं, उचित नहीं है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ रामेश्वर उरांव ने आलोक दूबे और लाल किशोर नाथ शाहदेव को ठहराने के लिए संबंधी बनाकर अनुशंसा की।



मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से पांच वर्षों का रजिस्टर मंगाने की मांग की, ताकि स्पष्ट हो सके कि झारखंड भवन में वास्तव में कौन-कौन ठहरता रहा है। मरांडी ने कहा कि दिल्ली स्थित ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस के लिए राज्य सरकार हर महीने पांच लाख रुपये किराया देती है, जहां, 8 स्टाफ तैनात हैं, 4-5 वाहन उपलब्ध हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस गेस्ट हाउस में अब तक कोई विधायक ठहरा भी है या नहीं? इसकी जानकारी के लिए इस गेस्ट हाउस के रजिस्टर, ठहरनेवालों की सूची, संचालन व्यवस्था, पदस्थ इंचार्ज और आवंटन प्रक्रिया की जानकारी सदन के सामने लाने की मांग की।

बाबूलाल मरांडी के सवालों पर राज्य के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और सरकार इस पर गंभीरता से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई भी निर्णय कैबिनेट की स्वीकृति के बिना नहीं लिया जा सकता और नेता प्रतिपक्ष की उठायी गयी मांगों की जांच करायी जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृष | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| तुला | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# पूर्णिमा साहु ने टाटा कमांड एरिया में रजिस्ट्री का मुद्दा उठाया



रांची (आजाद सिपाही)। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन विधायक पूर्णिमा साहु ने टाटा कमांड एरिया में संपत्ति की रजिस्ट्रीं का मामला तारांकित प्रश्न के जरिये उठाया। राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने जबाव देते हुए कहा कि टाटा कमांड एरिया में संपत्ति की रजिस्ट्रीं बंद होने की सामुहिक शिकायत मिलने पर सरकार जरूर कार्रवाई करेगी। यह मामला लीज से संबंधित है। इसलिए जब तक विभाग को मामले को लेकर शिकायत नहीं मिलेगी कार्रवाई करना संभव नहीं होगा। इस संबंध में विभाग के पास कोई शिकायत नहीं मिली है। ऐसे में कैसे कार्रवाई की जा सकती है। इस पर विधायक पूर्णिमा साहु ने कहा कि मामले में जो उन्हें उत्तर प्राप्त हुआ है, उसमें अस्वीकारात्मक लिखा है। इसका अर्थ है कि संपत्ति की रजिस्ट्री बंद नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि टाटा कमांड एरिया में पिछले 60-70 वर्षों से संपत्ति की रजिस्ट्री हो रही थी, लेकिन बताया जा रहा है कि अब रजिस्ट्री नहीं हो रही है। विधायक ने कहा कि इससे राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने मंत्री से मामले की जांच कराने की मांग की। वहीं मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि मामले में अधिकारियों की ओर से दिया गया प्रश्न का उत्तर गुमराह करनेवाला है। उन्होंने मामले में सरकार को स्थिति स्पाष्ट करने की मांग की।

# विधानसभा में झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 पास

## निजी विश्वविद्यालयों के चार पुराने विधेयक वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को दोपहर की कार्यवाही महत्वपूर्ण रही। सदन ने चार निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित पुराने विधेयक वापस लिए और बहुचर्चित झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) विधेयक-2025 को बहस के बाद पास कर दिया। सदन को बताया गया कि निजी विश्वविद्यालय स्थापना मापदंडों और प्रक्रियाओं में हुए व्यापक बदलाव की पृष्ठभूमि में यह फैसला लिया गया है। राज्य सरकार की ओर से वापस लिये गये विधेयकों में दो अगस्त 2023 को विधानसभा की ओर से पारित सीवी रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 हैं। इसके अलावे 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2023 और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक-2023 के नाम शामिल हैं।

वापस लिये गये इन सभी विधेयकों को सरकार अब नयी प्रक्रिया के अनुरूप फिर से तैयार करना चाहती है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि पांच दिसंबर से अबतक बारह निवेदन स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजा जायेगा। इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही दूसरी पाली में दोपहर 2:09 बजे जैसे शुरू हुई, पर्यटन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के विधायकों ने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राज सिन्हा ने धनबाद के भटिंडा फॉल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले वहां शूटिंग होती थी। बड़ी संख्या लोगों की आवाजाही थी। सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए लोग यहां जमा होते थे। यहां पर्यटन की परंपरा संभावनाएं हैं, लेकिन आज उसकी बदहाली से लोग रोज डूब रहे हैं। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों को सहयोग और बंद खदानों के सौंदर्यीकरण की मांग की और कहा कि संशोधन विधेयक को प्रवर समिति में भेजना चाहिए। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जिस क्षेत्र में पर्यटन स्थल है, उस विधानसभा क्षेत्र के विधायक को समिति में नामित किया जाये, ताकि प्रबंधन और विकास योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से लागू किया जा सके।





इसी बीच विधायक जयराम महतो ने भी सदन में संशोधन मंतव्य रखा। उन्होंने कहा कि संबंधित पर्यटन क्षेत्र यदि दो जिला क्षेत्रों में आता है, तो ऐसी बातों को देखते हुए संशोधन आवश्यक है। विधायकों के सभी सुझावों को सुनने के बाद विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रभारी मंत्री सुदीव्य कुमार ने स्पष्ट किया कि सरकार का मानना है कि एक छोटी और सक्षम समिति के साथ पर्यटन प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा और झारखंड के पर्यटन उद्योग को एक नयी दिशा मिलेगी। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, यह विधेयक लाया गया है, जिसमें एक पर्यटन प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो मुख्य रूप से प्रबंधन के लिए बनाये गये पर्यटन क्षेत्र के रखरखाव और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभायेगा।

उन्होंने कहा कि जिले के उप आयुक्त अध्यक्ष होंगे और जिला आयुक्त आयुक्त होंगे। प्रस्तावित संशोधन के तहत, पर्यटन स्थलों में एक विशेष प्रशासनिक इकाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों से कर वसूलेगी, जिससे राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी। वे पर्यटन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और पार्किंग सुविधाओं का विकास करने सहित अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। नियमों के उल्लंघन पर आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। इसलिए, इस मामले को चयन समिति के पास भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने सदन पटल से विधेयक पास किया और सदन की कार्यवाही अगले दिन 11 दिसंबर 2025 सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# सरकार अबुआ आवास योजना के लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार : दीपिका सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार 'अबुआ आवास योजना' के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी।

मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं। विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गयी है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है।





उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किये जा चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाये, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि केंद्र सरकार पीएम आवास योजना की राशि बढ़ा कर दो लाख रुपये कर दे, तो यह जनता के हित में बेहतर कदम होगा।






# डॉ प्रदीप वर्मा ने राज्यसभा में झारखंड के पैक्स एवं सहकारिता सुदृढ़ीकरण का मुद्दा मजबूती से उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा में अनुपूरक प्रश्न के माध्यम से झारखंड में प्राथमिक कृषि साख समितियों को मजबूत किये जाने हेतु किए जा रहे कार्यों तथा राज्य में किसानों एवं नये उद्यमियों के लिए अनुकूल सहकारी इकोसिस्टम के निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने उठाया।

डॉ वर्मा ने केंद्र सरकार से यह जानना चाहा कि झारखंड में पैक्स के आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने तथा किसानों और युवाओं को सहकारिता से जोड़ने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि राज्य में कृषि, रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके। इस प्रश्न के उत्तर में माननीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोळ ने सदन को अवगत कराया कि केंद्र सरकार झारखंड सहित पूरे देश में पैक्स को बहुउद्देशीय, तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों और नए उद्यमियों के लिए लक्षित सहकारी समितियों के गठन, प्रशिक्षण, डिजिटल प्लेटफॉर्म, वित्तीय सहयोग एवं नीति-स्तरीय सुधारों के माध्यम से एक मजबूत सहकारी ढांचा तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र को नई नीतियों, तकनीकों और नवाचारों से सशक्त कर रही है। सहकार से समृद्धि के मूल मंत्र को धरातल पर उतारने का यह प्रयास किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और समग्र आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से झारखंड में सहकारिता आंदोलन को नयी दिशा मिलेगी तथा राज्य के किसान, युवा और उद्यमी आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे, जिससे प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती प्राप्त होगी।

## वंदे मातरम पर विवादित बयान देनेवाले विधायक राजेश कच्छप के खिलाफ कार्रवाई की मांग : भाजपा



**रांची (आजाद सिपाही)।** खिजरी के विधायक राजेश कच्छप द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रधानमंत्री और राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर दिये गये बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने इस बयान को न केवल निंदनीय, बल्कि घोर देशद्रोही मानसिकता का परिचायक बताया है। डॉ वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। इस पर प्रश्न उठाना राष्ट्र की एकता और अखंडता पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि विधायक राजेश कच्छप का बयान उनकी संकीर्ण और राष्ट्रविरोधी सोच को उजागर करता है, और ऐसे व्यक्ति का विधायक पद पर बने रहना लोकतंत्र का अपमान है। भाजपा नेता ने मांग की कि राजेश कच्छप के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए और उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त की जाये। डॉ वर्मा ने चेतावनी दी कि भाजपा राष्ट्र, राष्ट्रीय प्रतीकों और देश की गरिमा के अपमान को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी तथा ऐसे लोगों को जनता और कानून दोनों से कड़ी सजा मिलेगी।

# योग की महाधारा रांची में बहेगी : गोल्डन जुबली राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 दिसंबर से



### 27 राज्यों के 950 प्रतिभागी होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड योग एसोसिएशन एवं अरविंदो सोसायटी हेसल ब्रांच, रांची के संयुक्त तत्वावधान में तथा योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में गोल्डन जुबली 50वीं सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर तक रातू रोड स्थित रतनलाल जैन स्मृति भवन परिसर में आयोजित होगी। बुधवार को कैपिटल रेजिडेंसी में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं हिस्सा लेंगे। अभी तक 27 राज्यों के 950 प्रतिभागियों और तकनीकी अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि कर दी है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा की टीमें रांची पहुंच जायेंगी। झारखंड योग संघ के महासचिव आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 6 आयु वर्ग में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में पारंपरिक योग आसनों के साथ-साथ आर्टिस्टिक, रिदमिक और फ्री फ्लो योग की भी स्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी। संघ के सीइओ संजय कुमार झा ने कहा कि प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतिभागियों के आवासीय की व्यवस्था रानी सती मंदिर परिसर धर्मशाला और रतनलाल जैन समिति भवन में की गयी है। 27 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ मार्च-पास्ट से होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में 50 किलो का केक काटा जायेगा। साथ ही योग प्रदर्शन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान रमेश भाई, एसएन भट्ट, डॉ कौशिक दत्ता, रजनी बक्शी, अमरेन्द्र कुमार विकल, कुमारी सृजन, डॉ रूपम कुमारी, निक्की रानी, रीमा वर्मा, सुशीत बनर्जी, सीमा राय, सहित आयोजन समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद महुआ माजी के जन्मदिन पर अल्बर्ट एक्का चौक में भव्य समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक पर बुधवार, 10 दिसंबर 2025 की शाम राज्यसभा सांसद महुआ माजी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महुआ माजी फैन्स क्लब के साथ धार्मिक और सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन का नेतृत्व नंद किशोर सिंह चंदेल ने किया। शाम 6 बजे केक काट कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद बच्चों के बीच पेन-पेंसिल और लड्डू वितरित किये गये। रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। बड़ी संख्या में नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल हुए और सांसद महुआ माजी के दीघार्यु, स्वास्थ्य और सफलता की कामना की। आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि यह आयोजन रांचीवासियों के अपनी जनप्रतिनिधि के प्रति प्रेम और सम्मान का प्रतीक है। जनता की व्यापक सहभागिता ने इस जन्मदिन समारोह को और भी विशेष बना दिया।

कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे–नंद किशोर सिंह चंदेल, सोमवित माजी, मंटू पांडे, विक्रम सिंह सोनू, मनीष सिंह, विनय सिंह, राहुल सिंह, कविता सिन्हा, अमन ठाकुर, सोमू बनर्जी, अनीश वर्मा, बिट्टू सिंह, अर्चना मिर्धा, रंजीता पांडे, शिल्पी कुमारी वर्मा, रश्मि कुजूर, शीला उरांव, कौशिक घोष, निलेश चौधरी, राधा हेमरोम, आरती मुंडा, अजित सिंह टिंकू, विश्वजीत चौधरी, बिट्टू कुमार, विशाल सिंह, सुजीत कुमार, शुभम वर्मा, अंकित सिंह, रिकी वर्मा, अर्जुन वर्मा, रोहन सिंह, आकाश रजक, आनंद कुमार, अर्जुन सिंह और आशीष रजक।

# ऊर्जा विकास निगम में नेतृत्व संकट, श्रमिक संघ ने मुख्यमंत्री से की शीघ्र नियुक्ति की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने राज्य की ऊर्जा व्यवस्था से जुड़े एक गंभीर विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजा है। संघ ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम में चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) और मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) के पद पिछले लगभग दो महीनों से खाली रहने पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि ऊर्जा विकास निगम राज्य की आवश्यक सेवाओं से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो बिजली आपूर्ति, वितरण और उपभोक्ता सेवाओं का प्रमुख आधार है। शीर्ष स्तर पर नेतृत्वहीनता के कारण निगम के प्रशासनिक, तकनीकी और वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नीतिगत निर्णयों में देरी, योजनाओं के क्रियान्वयन में रुकावट और कर्मचारियों से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब की स्थिति बनी हुई है। अजय राय ने कहा कि ऊर्जा विभाग का प्रभार स्वयं मुख्यमंत्री के पास है, इसलिए यह आवश्यक है कि इन महत्वपूर्ण पदों पर शीघ्र स्थायी और अनुभवी अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। संघ ने मुख्यमंत्री से जनहित एवं राज्यहित को ध्यान में रखते हुए सीएमडी और एमडी की तत्काल नियुक्ति की मांग की है, ताकि निगम की कार्यप्रणाली पुनः सुचारू हो सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलती रहे।

# वीए स्पोर्ट्स ने झारखंड टी-10 ब्लास्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के पहले लेदर बॉल आधारित झारखंड टी-10 ब्लास्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार शुभारंभ आज रांची स्थित मेकॉन स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव उपस्थित रहे, जिन्होंने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) के सचिव शैलेंद्र कुमार, झारखंड के पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं राज्य अंडर-23 टीम के कोच शशिभूषण चौबे, मेकॉन के कोच सुभाष चटर्जी, तथा वी.ए. स्पोर्ट्स के संयोजक शंकर दुबे सहित सभी आयोजक मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य अतिथि, खेल प्रेमी और दर्शक भी शामिल हुए जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि अजय नाथ सहदेव ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट से झारखंड के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि लेदर बॉल क्रिकेट वास्तविक प्रतिस्पर्धा का अनुभव कराता है और यह झारखंड के क्रिकेटरों को उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करेगा। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल राज्य के क्रिकेट ढांचे को सुदृढ़ बनायेगी।

### पहले दिन के मैच परिणाम

**पहला मैच**

मरीन इलेवन ने टीसीसी गुमला को पराजित किया।

मैन ऑफ द मैच - राम रोशन शरण बने।

**दूसरा मैच**

बॉस्को इलेवन ने सिख पैंथर टीम को हराया।

मैन ऑफ द मैच - रितेश ऋतु राज चुने गए।

**तीसरा मैच**

सोनेट क्रिकेट अकादमी ने वाइबीएम क्रिकेट अकादमी को मात दी।

मैन ऑफ द मैच - मोहित कुमार बने।

# एसबीयू ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 में जीता ग्रैंड फिनाले




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत हासिल की। एसबीयू ने लगातार 2024 और 2025 में इस सॉफ्टवेयर संस्करण प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर राष्ट्रीय पहचान बनायी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों और राज्यसभा सांसद ने छात्रों को बधाई दी। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एसबीयू की विजेता टीम ने बेहतरीन नवाचार और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष विश्वविद्यालय की तीन टीमें कुल 18 छात्र फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें गुंटूर, कोल्हापुर और कानपुर में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया।

एसपीओसी डॉ मनोज पांडेय ने बताया कि विजेता टीम में हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश और प्रांशु रंजन शामिल थे, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि एसबीयू ने लगातार दो वर्षों 2024 और 2025 में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (सॉफ्टवेयर संस्करण) में जीत हासिल कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी है। यह प्रतियोगिता वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार आधारित तकनीकी मॉडल विकसित करने पर केंद्रित होती है, जो विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करती है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नीरजा सहाय में कवि सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में गुरुवार प्रतिभा किरण कवि सम्मेलन मनाया गया। साहित्य और संस्कृति का भव्य आयोजन किया गया। रसों का संगम कवि सम्मेलन का मुख्य विषय था। विद्यालय के मंच पर विद्यालय के प्रमुख प्रतिभाओं एवं उभरते कवियों द्वारा कविता पाठ का अद्भुत संयोग देखने को मिला। इस कवि सम्मेलन में यश, मीरा ,ऐषणा,अनम रिजवान एवं आयुषी परी ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया, अन्य विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस सम्मेलन में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों में भाग लिया। बच्चे साहित्य के विभिन्न रसों से अवगत हुए। कक्षा आठवीं की स्नेहा सिंह ने मंच संचालन बखूबी किया। विभिन्न शिक्षकों ने अपनी कविता के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये। शिक्षिका घटा गिरी की कविता मौलिक अधिकारों पर आधारित थी, संगीता सिंहा द्वारा उर्मिला की वेदना, सुनीता साव द्वारा भारतीय परंपरा से संबंधित, दुष्यंत सिंह द्वारा सामाजिक कुप्रथा तथा संजय सिंह द्वारा हास्य कविता की प्रस्तुति की गयी। मौके पर प्राचार्या ने विद्यार्थियों को साहित्य से जुड़ने एवं भाषा की गहराई को समझने की सीख दी।

# ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने की मांग तेज, रांची में कुशवाहा महासभा का महाधरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कुशवाहा महासभा के बैनर तले बुधवार को लोक भवन परिसर में महाधरना आयोजित किया गया, जिसकी अगुवाई मुख्य संरक्षक भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाकिम प्रसाद महतो और मंच संचालन संजय तान व अजीत मांझी ने किया। धरना को संबोधित करते हुए भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग वर्षों से लंबित है। उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही रांची के मोरहाबादी मैदान में लाखों ओबीसी का महा जुटान होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन सिर्फ कुशवाहा समाज का नहीं, सभी पिछड़ी जातियों का है। मेहता ने आरोप लगाया कि झारखंड राज्य बनने के बाद पिछड़ा वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित रहा है। अलग राज्य बनने से पहले जहां 27 फीसदी आरक्षण था, वहीं घटाकर 14 फीसदी कर दिया गया, जो पूरी तरह अन्याय है। उन्होंने कहा कि ओबीसी अब यह भेदभाव सहन नहीं करेगा और मोरहाबादी से उठी आवाज दिल्ली तक पहुंचेगी। उन्होंने कई अन्य मांगें भी रखीं, जिसमें भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को राज्य में पूर्ण रूप से लागू किया जाये। पिछली सरकार द्वारा बनाये गये लैंड बैंक में शामिल 21 लाख हेक्टेयर जमीन को रद्द किया जाये, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा गरीब और आदिवासी परिवारों के कब्जे में है। विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, रोजगार और मुआवजे के लिए अलग नीति और स्वतंत्र आयोग बनाया जाये। कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाये। जिन भू-स्वामियों की जमीन उद्योगों के लिए ली गयी है, उन्हें संबंधित प्रतिष्ठानों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में आरक्षण दिया जाये। धरना में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जयप्रकाश वर्मा, संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता, लीलावती मेहता, मुनिया देवी, डॉ आरसी मेहता, सत्यदेव प्रसाद वर्मा सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# बाबूलाल मरांडी का बयान राजनीतिक से प्रेरित : लाल किशोर नाथ शाहदेव



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने साहेबगंज अवैध पत्थर उत्खनन मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दिये गये बयान को राजनीतिक रूप से प्रेरित और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। शाहदेव ने कहा कि न्यायालय के फैसलों का सम्मान करना हर राजनीतिक दल की जिम्मेदारी है और इसे किसी राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का निर्णय सर्वोपरि है और राज्य सरकार ने हमेशा न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान किया है। सरकार ने अपनी अपील में केवल कानूनी और प्रक्रियागत पहलुओं को प्रस्तुत किया था, लेकिन न्यायालय ने अपना निर्णय सुना दिया, जिसे कांग्रेस ने स्वागत योग्य बताया। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह कहना कि फैसला सरकार के ताबूत में अंतिम कील साबित होगा, उनकी हताशा और सत्ता लालच को दर्शाता है। उन्होंने भाजपा को चेताया कि वे सीबीआइ जैसी संस्थाओं का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग करना बंद करें। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता अपनाई है और जहां भी शिकायत मिली, वहां जांच शुरू की गयी। उन्होंने भाजपा को याद दिलाया कि उनके शासनकाल में भी कई बड़े घोटाले हुए, जिनकी जांच नहीं की गयी।

# गति शक्ति विश्वविद्यालय और अमेजन के बीच समझौता ज्ञापन

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) और अमेजन ने ज्ञान-साझाकरण, संयुक्त पाठ्यक्रम विकास और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते के तहत जीएसवी में अमेजन चेयर प्रोफेसरशिप स्थापित की जायेगी, जो वेयरहाउसिंग सेक्टर में डेटा-आधारित अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी। जीएसवी के कुलपति प्रोफेसर मनोज चौधरी ने कहा कि यह सहयोग भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नवाचार और कौशल विकास को नयी दिशा देगा। उन्होंने कहा कि अमेजन जैसी अग्रणी कंपनी के साथ साझेदारी से छात्रों और शोधकर्ताओं को उद्योग से जुड़ी व्यावहारिक समझ और तकनीकी अंतर्दृष्टियाँ मिलेंगी। गति शक्ति विश्वविद्यालय, जिसकी स्थापना वर्ष 2022 में संसद के अधिनियम द्वारा एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में हुई थी, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क के समग्र विकास को समर्पित है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# रांची एयरपोर्ट से इंडिगो फ्लाइट का परिचालन 15 तक सामान्य हो जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में इंडिगो की फ्लाइट संचालन से जुड़ी समस्या जल्द खत्म होने का दावा किया गया है। एयरपोर्ट निदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 15 दिसंबर तक इंडिगो के परिचालन में आ रही दिक्कतें पूरी तरह सामान्य हो जायेंगी। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए एयरपोर्ट प्रबंधन लगातार इंडिगो के साथ समन्वय बनाए हुए है।

उन्होंने बताया कि रांची एयरपोर्ट से इंडिगो की कुल 18 फ्लाइट रोज उड़ान भरती है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से तकनीकी और परिचालन कारणों से कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इससे यात्रियों को असुविधा हुई, जिसे ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने फ्लाइट रद्द होने की सूचना यात्रियों के मोबाइल पर सीधे भेजना शुरू किया है।

एयरपोर्ट निदेशक ने स्पष्ट किया कि फ्लाइट रद्द या रीशेड्यूल होने की सूचना यात्रियों को एसएमएस और एप नोटिफिकेशन के माध्यम से मिल रही है, इसलिए सिर्फ जानकारी लेने के लिए एयरपोर्ट आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना जरूरत एयरपोर्ट पहुंचने से भीड़ बढ़ती है और सुरक्षा व संचालन व्यवस्था पर असर पड़ता है।

इंडिगो प्रबंधन द्वारा यात्रियों की आर्थिक हानि न हो, इसके लिए रिफंड प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि 9 दिसंबर तक की बुकिंग का पूरा रिफंड यात्रियों को भेज दिया गया है। इसके अलावा 10 दिसंबर से आगे जिन तिथियों की फ्लाइटें रद्द होंगी, उनका रिफंड भी स्वतः प्रोसेस किया जायेगा। यात्रियों को इसके लिए किसी प्रकार के आवेदन या एयरपोर्ट आने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि परिचालन संबंधी समस्या अस्थायी है और इसे दूर करने के लिए इंडिगो के इंजीनियरिंग और ऑपरेशन विभाग ने अतिरिक्त टीम तैनात की है। अगले कुछ दिनों में सभी उड़ानें सामान्य रूप से बहाल हो जायेंगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले केवल इंडिगो की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल एप या कस्टमर केयर पर अपनी फ्लाइट की स्थिति चेक कर लें।

एयरपोर्ट डायरेक्टर ने अंत में कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और समयबद्ध यात्रा सुनिश्चित करना एयरपोर्ट की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रबंधन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और 15 दिसंबर तक परिचालन पूरी तरह पटरी पर लौट आयेगा, ऐसी उम्मीद है।

# केंद्रांश की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री

## झारखंड में नल-जल योजना की 40 प्रतिशत से अधिक परियोजनाएं अधूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में नल-जल योजना का कार्य धन की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। केंद्रांश की पर्याप्त राशि समय पर नहीं मिलने से कई जिलों में परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। यह बातें राज्य के पेयजल और स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत 97,535 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें से 56,386 पूरी हो चुकी हैं। बाकी योजनाएं निमार्णाधीन हैं और संसाधनों की कमी के चलते उनके कार्यों में देरी हो रही है।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि केंद्र से अपेक्षित धन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार अपने हिस्से की 1231 करोड़ रुपये की राशि से परियोजनाओं को गति देने का प्रयास कर रही है। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल परगना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की खराब स्थिति पर सवाल उठाया।उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में योजनाएं चालू होते हुए भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जबकि अधूरे कार्यों के बावजूद एजेंसियों को भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने यह भी पूछा कि लिट्टिपाड़ा और डिप्टी पाड़ा प्रखंडों में गंगा नदी से जलापूर्ति की कोई योजना लागू की जा रही है या नहीं। जवाब में मंत्री ने कहा कि गंगा नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति योजनाओं की सूची वे संबंधित विधायक को उपलब्ध करा देंगे। मुर्मू ने आगे बताया कि इन दोनों प्रखंडों में 40 प्रतिशत से अधिक कार्य अधूरे पड़े हैं। इस पर मंत्री ने स्वीकार किया कि धन की कमी के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) के विधायक जनार्दन पासवान ने आरोप लगाया कि चतरा जिले में नल-जल योजना के तहत कोई काम नहीं हुआ है और यहां सिर्फ लूट हुई है। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में डालसा ने मनाया मानवाधिकार दिवस

# सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार : राजेश कुमार सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झालसा के निर्देश में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, एलएडीसी सहायक, पंकज कुमार शर्मा, पीएलवी प्रहलाद उपाध्याय, उमाकांत सिंह, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर राजेश कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव होने के नाते सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। इसी अनुरूप आम और खास सभी को वैधानिक सुविधा प्राप्त करने का भी अधिकार है। उन्होंने बच्चों के अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी। मानव के हक की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रत्येक साल 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानव दिवस मनाया जाता है। श्री सिन्हा ने टॉल फ्री नंबर - 15100 के बारे में जानकारी दी।

पंकज शर्मा ने कहा कि डालसा का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाये तथा उनके अधिकारों के बारे में बता कर उन्हें लाभकारी योजनाओं से भी जोड़ा जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को दी एवं निःशुल्क सहायता किन-किन व्यक्तियों को दिया जा सकता है, इसके बारे में भी बताया गया तथा 13 दिसंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दिये।

श्री शर्मा ने यह भी कहा कि वादकारी उक्त तिथि को न्यायालय परिसर में आकर अपने वादों का निःशुल्क निस्तारण करा सकते है, इससे समय-व-धन की बचत होती है। मानवाधिकार का हनन रोकने के लिए सरकार के साथ देश में कई एनजीओ और सामाजिक संगठन कार्यरत है।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट दो निर्धन बालिकाओं को पढ़ायेगा दिया 48,120 रुपये का चेक



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक और संरक्षक स्वामी सदानंद महाराज के आशीर्वाद एवं आदेश से दो निर्धन जरुरतमंद कन्याओं संस्कृति पाठक एवं संभवी पाठक को कांके रोड स्थित गांधीनगर डीएवी स्कूल मे कक्षा 10 में एडमिशन कराने हेतु संस्कृति पाठक को रुपया छब्बीस हजार दो सै तीस एवं कुमारी संभवी पाठक 8 क्लास मे एडमिशन कराने के लिए इक्कीस हजार आठ सौ नब्बे रुपये का चेक प्रदान किया। स्कूल को एडमिशन का तथा छह माह का फीस टोटल-48 हजार एक सौ बीस का चेक दिया गया, जिससे उनका पढाई निरंतर सुचारु रूप से हो सके। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बालिका कुमारी संस्कृति पाठक और कुमारी संभवी पाठक पिता स्व. इंद्रेश कुमार पाठक माता पल्लवी पाठक शांती नगर गांधी नगर कांके रोड के निवासी है। विगत 6 वर्षों से गुरुजी सदानंद महाराज के सानिध्य में पढ़ाई का पूरा खर्च ट्रस्ट द्वारा दिया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा दोनों बालिकाओं का पूरी पढ़ाई का पूरा जिम्मा लिया गया है। आज के सेवा के इस महान प्रकल्प मे ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ के अलावे ट्रस्ट के कई सदस्य उपस्थित थे।

# साहिबगंज अवैध पत्थर खनन मामले में भगवान भगत को झटका, हाइकोर्ट ने याचिका की खारिज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के साहिबगंज के 1250 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले में आरोपित भगवान भगत को झारखंड उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली है। ईडी कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने और आरोप गठन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को उच्च न्यायालय ने बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुजीत कुमार प्रसाद की अदालत ने यह फैसला सुनाया। इस मामले में इडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और सौरव कुमार ने पक्ष रखा। बता दें कि भगवान भगत को प्रवर्तन निदेशालय ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के करीबी सहयोगी माने जाते हैं।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 2418, Date : 09.12.2025. I, Ghouli Das W/o Rameshwar Ravidas aged about 54 yrs by faith Hindu Resident of village-Bedokala, P.O.-Bedokala, P.S.-Barkatha, Dist- Hazaribag, State- Jharkhand, Pin code-825323. Do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1.That my actual name in PAN Card Ghouli Das. But Aadhar Card my name mention in Masomat Ghauli.
2.That my PAN No. – AXZPD2331B & Aadhar No.-5080 7636 5833.That Ghouli Das and Masomat Ghauli both name are me.
3. That I am submitting this affidavit to correct my name in the Aadhar Card. 4. That above noted statement true and correct name is the best of my knowledge. If I found wrong, legal action can be taken against me. Hence this affidavit.

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. CAOCRSPBBS-30-2025

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के अधीन झाड़ुपूडि रेलवे स्टेशन-इच्छापुरम रेलवे स्टेशन मेन लाइन के बीच कि.मी. 636/3-5 पर समपार-336 के बदले में प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के रेलवे अंश के लिए 1 X 36.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 4 X 24.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर के रोड ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 56,14,68,250.07, EMD : ₹ 29,57,400/-, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 23.12.2025

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 06.01.2026 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ RSP/भुवनेश्वर

PR-183/CI/25-26

# राजस्थान फाउंडेशन झारखंड चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजस्थान फाउंडेशन, झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष अजय मारु एवं सचिव रोहित अग्रवाल ने बुधवार को मुख्यमंत्री सचिवालय, जयपुर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। यह मुलाकात राजस्थान में आयोजित प्रथम प्रवासी सम्मेलन के संदर्भ में हुई, जिसमें देशझविदेश से लगभग 3000 से अधिक प्रवासी शामिल हुए हैं। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार द्वारा स्टेट गेस्ट का दर्जा प्रदान किया गया है। मुलाकात के दौरान राजस्थान राज्य में उपलब्ध 79 प्रकार के खनिज संसाधनों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन मिनरल्स से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जायेगी और झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स को भी भेजी जायेगी, ताकि झारखंड के उद्यमियों को निवेश एवं औद्योगिक अवसरों की पूरी जानकारी मिल सके। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव एवं फाउंडेशन के सचिव रोहित अग्रवाल ने आग्रह किया कि मिनरल्स की विस्तृत सूची हमें उपलब्ध कराई जाये, जिसे चैंबर अपने सदस्यों के बीच प्रसारित करेगा, जिससे दोनों राज्यों के बीच औद्योगिक सहयोग एवं निवेश को गति मिले।

मुलाकात के क्रम में राजस्थान फाउंडेशन, झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष अजय मारू ने दिल्ली एयरपोर्ट से राजस्थान राज्य की सीमा पर ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने का सुझाव रखा, ताकि झारखंड और पूरे देश और विदेशों से उद्यमियों के लिए औद्योगिक विस्तार, निवेश और भूमि आवंटन के नये अवसर तैयार हों। उन्होंने कहा कि राजस्थान में उपलब्ध विशाल मिनरल संसाधन झारखंड के उद्यमियों के लिए बड़े निवेश अवसर प्रदान करते हैं। यदि सीमा पर ग्रीनफील्ड शहर विकसित की जाती है, तो इससे दोनों राज्यों को लाभ होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। बैठक में प्रवासी समुदाय द्वारा अपने मूल क्षेत्रों में धर्मशाला, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य सामाजिक ढांचे विकसित करने की संभावनाओं पर भी विचार हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में विशेष पहल करने की बात कही। इस अवसर पर झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय मारू ने मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर स्वागत किया और अपने पिता के सम्मान में भारत सरकार द्वारा जारी स्मारक डाक टिकट उन्हें भेंट किया।

# विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन 13 मामले सुलझे

**रांची (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर माननीय अध्यक्ष-सह-न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू हो गया है, जो कि 12 दिसंबर तक चलेगा। बताते चले कि बुधवार को तीसरे दिन कुल 56 मामले विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें, 13 वादों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा**

**बैच संख्या–10/2025 , दिनांक : 08/12/2025**

आईआरईपीएस www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है :– **(1) निविदा सं० : 30255248, सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** रूफ मौटेड एयर कंडिशनिंग सिस्टम विदाउट "ट्री " टू स्पेक्न नंबर. आरडिएस ओ/2007/ईल/स्पेक्न/0055, रिवियू 2 ऑर लेटैस्ट. (01 सेट = 02 नंबर्स) ईच सेट। कनसिसटिंग ऑफ 02 यूनिट्स ऑफ कैब एसी., **मात्रा:** 160 सेट्स, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय :** 06 दिसम्बर 2025 10:43 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08 जनवरी 2026 14:00 बजे, प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा।। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

सहायक सामग्री प्रबंधक (क. च. स्टॉक)
ने. सु. च. बोस. जं० गोमोह, पूर्व मध्य रेल

पीआर/1426/जीएमओ,सीएसडी/एसटीआरई/टी/25–26/28

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर/दक्षिण पूर्व रेलवे नीचे उल्लिखित निविदा संख्या जिन्हें **30.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** खोला जाना निर्धारित है, के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्र.सं.:** 1। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-88, दिनांक: 08.12.2025। कार्य का नाम:** जारोली-पदपहाड़-डांगोवापोसी-बलानी खादान-गुआ खंड में टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)-248 सेट के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 9,50,87,029.55। **बयाना राशि:** ₹ 6,25,400। **पूरा करने की अवधि:** 18 (अट्ठारह) महीना। **क्र.सं. :** 2। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-89, दिनांक: 08.12.2025। कार्य का नाम:** बंडामुंडा जंक्शन-राउरकेला, पंपोश-झारसुगुड़ा खंड में टीआरआर(पी) के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 81,85,985.52। **बयाना राशि:** ₹ 1,63,700। **पूरा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) महीना। **क्र.सं.:** 3। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-90, दिनांक: 08.12.2025। कार्य का नाम:** नुआगां और बांगुरकेला स्टेशनों के बीच आईबीएसएस के प्रावधान के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,25,15,638.09। **बयाना राशि:** ₹ 2,62,600। **पूरा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) महीना। **क्र. सं.:** 4। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-91, दिनांक: 08.12.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में डिजिटल एक्सल काउंटर द्वारा बाकी बचे एनालॉग एक्सल काउंटर का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,97,43,381.71। **बयाना राशि:** ₹ 3,48,700। **पूरा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) महीना। **क्र.सं.:** 5। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-92, दिनांक: 08.12.2025। कार्य का नाम:** सिग्नल को सुरक्षित रखने के लिए सैक्रिफिशियल मास्ट सहित उल्लंघन किया गया सिग्नल के सामानांतर स्पेयर सिग्नल फाउंडेशन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,92,01,134.24। **बयाना राशि:** ₹ 2,46,000। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **क्र.सं.:** 6। **निविदा सूचना संख्या: एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-93, दिनांक: 08.12.2025। कार्य का नाम:** (i) राजखरसावां-राजखरसावां पश्चिम/आउटर के बीच जॉइंट लाइन में ट्रैक सर्किट की शुरुआत द्वारा डुअल डिटेक्शन। (ii) चक्रधरपुर मंडल में एसएसडीएसी एवं यूएफएसबीआई के लिए ऑटो मीडिया चेंज ओवर सिस्टम का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,04,32,611.90। **बयाना राशि:** ₹ 2,52,200। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/ बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जाएंगे। (PR-938)

# भारत-नेपाल दिव्यांगजन टी-20 क्रिकेट सीरीज 13 दिसंबर से रांची में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची को एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के आयोजन का अवसर प्राप्त हुआ है। आगामी 13 से 15 दिसंबर तक अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम अनगड़ा रांची में भारत एवं नेपाल के बीच दिव्यांगजनों का 03 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच सीरिज- चैंपियन स्पिरिट कप दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन एवं राउंड टेबल इंडिया (RT-244,160,284) द्वारा आयोजित किया जा/२गा।

राउंडटेबल इंडिया के रांची चैप्टर 244 के अध्यक्ष आकाश खोसला ने कहा कि हमे इस तरह की प्रतियोगिताओं को और प्रोत्साहन देना चाहिए। राउंडटेबल इंडिया मुख्य रूप से जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है जिसके अंतर्गत देशभर में संस्था ने दस हजार से अधिक क्लासरूम का निर्माण कराया है। हमारा प्रयास दिव्यांगजनों का समावेश भी है। यह सीरीज मुख्य रूप से राउंड टेबल इंडिया, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, सीसीएल एवं झारखंड सरकार द्वारा प्रायोजित की जायेगी। एनटीपीसी, एचपी, सीएमपीड़ीआइ, मेघा दूध, झारखंड विकलांग जन फोरम, लीड्स, सेवा सदन कोडरमा, झारक्राफ्ट, पीएनबी बैंक, आशा सहित अन्य स्थानीय स्थानीय संस्थाओं का भी सहयोग मिल रहा है। सूब्रो जोरदर के नेतृत्व में भारतीय टीम में महनतेस चालूवाड़ी (उप कप्तान), नफीस सिद्दकी, कैलाश प्रसाद, जमीर पठान, अनवर मुक्तार अंसारी, साजीद करीम तंबोली, धर्मेंद्र कुमार, सैयद शाह अजीज, अकीब मलिक, राहुल शर्मा, सूरज मनकले, मो शौकत अली, जितेंद्र कुमार यादव, महेश कुमार अगली, श्याम चकवा और राँची के विजय कुमार महतो और चन्दन लोहरा शामिल हैं। डीसीसीबीआइ के अध्यक्ष मुकेश कंचन ने बताया कि नेपाल की टीम 12 दिसंबर को आयेगी। नेपाल की टीम भी जुझारु है एवं भारत उन्हें हल्के में नहीं लेगा। झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने प्रायोजकों को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताया कि मीडिया इसे सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि दिव्यांगजनों के समावेश के प्रयास के रूप में उचित स्थान प्रदान करेगा। उचित उषा मार्टिन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मैच में प्रवेश निशुल्क है। संरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि सरकार और उद्योग जगत को ऐसे आयोजन में और ज्यादा सहयोग करना चाहिए। प्रमुख समन्वयक प्रणव कुमार बब्बू ने बताया कि सभी मैच 11 बजे प्रारंभ होगा। आर्थिक मदद के अभाव के कारण इस सीरिज में कोई नगद ईनाम नहीं रखा गया है। आयोजन में सरिता सिन्हा, जगदीश सिंह जग्गू, अंतू तिर्की, पतरस तिर्की प्रियंका घोष, मुकेश कुमार आदि का विषेष योगदान है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या : 11-MC-BVZI-BVCM-25-26, धनबाद, दिनांक : 09.12.2025

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : BVZI/BVCM वैगनों के नवीनीकरण के लिए आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और फिटमेंट, मात्रा–100 संख्या, 2. संविदा की अवधि : 12 महीना, 3. कार्य–स्थान : BRWD या टेंडर डॉक्यूमेंट के अनुसार कोई भी जगह, 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹1,42,96,226/– (एक करोड़ ब्यालीस लाख छियानवे हजार दो सौ छब्बीस रूपये) मात्र, 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य), 6. बयाना राशि (निविदा सुचना के तदनुसार) : ₹2,21,500/– (दो लाख इक्कीस हजार पाँच सौ रूपये) मात्र, 7. ई–निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : तारीख 15.12.2025 से 29.12.2025 को 11:30 बजे तक, 8. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 29.12.2025 को 11:45 बजे, 9. वेब साईट विवरण : http://www.ireps.gov.in(ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/1430/डीएचएन/यां/टी/25–26/36

## इंडिगो संकट के दौरान यात्रियों से बुरा बर्ताव

इंडिगो संकट ने एक बड़ी सच्चाई खोलकर रख दी है कि यात्रियों के पास कोई ताकत नहीं है। भारत लंबे समय से इस सच की अनदेखी करता आ रहा था। हालांकि एयरलाइंस इंडस्ट्री को इस बारे में अच्छे से पता है। मौजूदा संकट उसी सिस्टम का नतीजा है, जिसमें गलती होने पर भी एयरलाइंस पर पेनल्टी नहीं लगती। इंडिगो में हुई गड़बड़ी उसी तरह है, जैसी दुनिया की दूसरी एयरलाइंस में होती रहती है। 2017 की सर्दियों में Ryanair एयरलाइंस के पास बहुत कम रिजर्व पायलट थे। इस बीच रोस्टरिंग में गलती हुई और समस्या इतनी बढ़ी कि 6 महीने के भीतर करीब 20 हजार फ्लाइट कैंसल करनी पड़ीं। कंपनी के पास नये नियमों के हिसाब से तैयारी करने के लिए 18 महीने थे। जिन एयरलाइंस के पास अतिरिक्त क्रू होता है या जिनकी व्यवस्था ज्यादा लचीली होती है, वे नियम बदलने पर इतनी आसानी से नहीं डगमगातीं। लेकिन, जब कोई कंपनी कम में ज्यादा काम करने की कोशिश करती है, तो हल्का-सा झटका भी मुसीबत खड़ी कर देता है। इंडिगो के केस में एक और अंतर है - यूरोप या अमेरिका की तरह भारत में एयरलाइंस की वजह से होने वाली देरी पर यात्रियों को कोई आर्थिक मुआवजा नहीं मिलता। ऊपर की घटनाओं में एयरलाइंस ने पैसे तो दिए ही, यात्रियों के रुकने-खाने का भी इंतजाम किया था। भारत का पैसेंजर राइट्स चार्टर बहुत कमजोर है। कानून के बजाय यह गाइडलाइंस जैसा लगता है। इसमें रिफंड और भोजन का प्रावधान है, लेकिन वह भी एयरलाइंस की इच्छा पर। मार्केट में कम कंपनियां होने और लापरवाही पर कोई सजा नहीं मिलने से यात्रियों के पास विकल्प नहीं बचता। भारत में इंडिगो का 65% मार्केट पर कब्जा है और टाटा ग्रुप का 27% पर। भारत के उलट, अमेरिका और चीन के एचएचआइ स्कोर बहुत कम हैं, जबकि वहां ज्यादा बड़ी एयरलाइंस हैं। यात्रियों के पास जब दूसरा विकल्प न हो, तो उनकी नाराजगी का एयरलाइन पर कोई असर नहीं पड़ता। यूरोप ने बहुत पहले यह बात समझ ली थी और इयू261 नियम बनाये। वहां एयरलाइंस को अपनी लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ता है। इससे सुधार आया, कंपनियों ने ज्यादा स्टाफ और विमान रखे। जबकि भारत में सरकार ने इंडिगो को नये नियमों में थोड़ी ढील दे दी। नये नियम लाये गये, ताकि पायलटों को थकान से बचाया जा सके। दुनियाभर में हादसों की एक वजह यह भी है। लेकिन नियम से समझौता कर लिया जाये, तो सवाल उठता है। पिछले 15 बरसों में देश में तीन बड़ी विमान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हवाई हादसों की जांच इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन के नियमों के तहत की जाती है। इसमें साफ है कि जांच का मकसद किसी को दोषी ठहराना नहीं - यह समझना है कि गलती कहां हुई, ताकि आगे उससे बचा जा सके। आपराधिक जांच पुलिस का काम है, पर हवाई हादसे में जिम्मेदारी तय करना भी आसान नहीं। इसमें कई वजहें एक-दूसरे जुड़ी होती हैं। इसलिए पुलिस अक्सर कुछ महीनों में केस बंद कर देती है। इस तरह, एक जांच हादसे की वजह समझाती है पर दोषी नहीं बताती और दूसरी जांच दोषी तो बता सकती है पर उसे भी नहीं पता कि किसको। इसकी कीमत पायलट और यात्री ही चुकाते हैं।

**हवाई हादसों की जांच इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन के नियमों के तहत की जाती है। इसमें साफ है कि जांच का मकसद किसी को दोषी ठहराना नहीं - यह समझना है कि गलती कहां हुई, ताकि आगे उससे बचा जा सके।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हम 8 से 14 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नयी जगहों, नये बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी।**

## परिवर्तन से गुजरती परंपरा: भारतीय हस्तशिल्प गढ़ रहे हैं आधुनिक डिजाइन की पहचान



पबित्रा मार्गेरिटा



**परिवर्तन को दर्ज करने वाला क्षण :** ग्रामीण असम में शिल्पकारों की एक बस्ती की हाल की यात्रा के दौरान एक सामान्य से दृश्य में भारत के हस्तशिल्प तंत्र में आ रहे गहरे बदलाव की झलक दिखाई दी। अनेक शिल्पकार सूखी हुई जलकुंभी को बुन रहे थे। लेकिन ये शिल्पकार वे परंपरागत टोकरियां नहीं बना रहे थे जिन्हें उनका समुदाय सदियों से बुनता आ रहा है। इसके बजाय वे कॉरपोरेट बैठकों के लिए खूबसूरत ऑफिस फोल्डर बना रहे थे। उनके हाथ पीढ़ियों से जारी कला को आगे बढ़ाते हुए चिरपरिचित लय में चल रहे थे। लेकिन उनके उत्पाद और उद्देश्य, दोनों ही पूरी तरह से बदल चुके हैं।

हम 8 से 14 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नयी जगहों, नये बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी।

**भारत की हस्तशिल्प विरासत सिर्फ एक याद बनकर नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमारी पहचान एक जीवित अभिव्यक्ति के रूप में फलनी-फूलनी चाहिए।**

**जीवंत ज्ञान प्रणाली के रूप में हस्तशिल्प :** इस विकास को समझने के लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय हस्तशिल्प सिर्फ सुंदरता की वस्तु नहीं रहे हैं। वे सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक परंपराओं में गहराई से रची-बसी जीवंत ज्ञान प्रणालियां हैं। मधुबनी में महिलाएं परंपरागत तौर पर त्यौहारों, शादियों और जीवन संस्कारों के दौरान ताजा लेपी गयी दीवारों पर चावल के पेस्ट से पेंटिंग बनाती थीं। इन चित्रों में मछली को जनन क्षमता और मोर को प्रेम का प्रतीक माना जाता था। चित्रण अपने मूल में व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक हुआ करता था। गोंड समुदाय के लिए पेंटिंग उसके जीव संबंधी विश्वासों तथा जंगलवासी प्राकृतिक शक्तियों और रक्षा करने वाली आत्माओं से जुड़ी है। उनकी कला सिर्फ सुंदर ही नहीं, बल्कि वाचक परंपरा में जड़ों वाला अनुष्ठानिक ब्रह्मांड विज्ञान भी है।

स्वरूपों को हमेशा उपयोग ने गढ़ा है। असम में जलकुंभी को सुखाने के बाद बुन कर घर में काम आने वाली टोकरियां बनायी जाती हैं। कर्नाटक में लाख के लेप वाले चन्नपटना काष्ठ खिलौने बच्चों के खेलने के काम आते हैं। उन्हें पीढ़ियों से खराद पर बनाया जाता रहा है। माध्यम, स्वरूप और आकृति को एकदूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। वे विशिष्ट अनुष्ठानिक और कार्यात्मक संदर्भों से आबद्ध हैं।

**परंपरा का आधुनिक अभिव्यक्ति में विस्तार :** आज जो हो रहा है, वह परंपरा से अलग नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। मूलभाव, पैटर्न और तकनीकें अभी भी पहचानी जा सकती हैं, लेकिन उनके प्रयोग आश्चर्यजनक रूप से समकालीन हो गये हैं। यह बदलाव केवल एक आयामी नहीं, बल्कि बहु-आयामी है। मधुबनी की मछली, जो कभी एक बड़ी प्रजनन कथा का हिस्सा हुआ करती थी, अब तकिए, टोट बैग और फोन कवर पर दिखाई देती है, जिसे आज के समय के अनुसार इस्तेमाल के लिए नया रूप दिया गया है। गोंड के गहरे रंगों वाले जानवर और पौधे और ज्यामिति डिजाइन आज अपने पौराणिक संदर्भ से बाहर भी सराहे जाते हैं।

हालांकि, सबसे बड़ा परिवर्तन माध्यम में आया है। जलकुंभी आज कॉर्पोरेट फोल्डर और डिजाइनर हैंडबैग का रूप ले रही है। मधुबनी कला मिट्टी की दीवारों से हट कर लकड़ी के फर्नीचर, वस्त्रों और चमड़े के सहायक उपकरणों पर की जाने लगी है। चन्नपटना शिल्प, जो कभी केवल खिलौनों में ही दिखता था, अब सजावटी नक्शों, झूमरों, गृह सज्जा और डिजाइनर फर्नीचर में दिखाई देता है। पारंपरिक लाख का अभी भी इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन उसका रूप पूरी तरह आधुनिक हो गया है। यह बदलाव आज के अनुकूल है, न कि उसका कमजोर पड़ना। भारतीय शिल्प पर आधारित फैशन की वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पहचान बन गयी है, जिसमें पारंपरिक कढ़ाई को 'पेरिस हौते कॉउचर वीक' में प्रदर्शित किया गया था। नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया जैसे संग्रहालयों में अब ट्रांसफॉर्मिंग वर्ल्ड्स जैसी प्रदर्शनियां गोंड और मधुबनी कला और उनके आधुनिक रूपों को उनकी संस्कृति या समाज के संदर्भों के बजाय समकालीन कला के तौर पर चित्रित कर रही हैं।

**नेतृत्व और सरकारी हस्तक्षेप परिवर्तन को गति दे रहे हैं :** इस परिवर्तन को राष्ट्रीय नेतृत्व और रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से महत्वपूर्ण समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने इस आंदोलन को असाधारण गति दी है। उनका 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' का बार-बार किया गया आह्वान कारीगरों के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाता है। वह हमेशा नागरिकों से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह करते हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है कि जब हम ऐसा करते हैं, तो हम केवल सामान नहीं खरीदते हैं; हम एक परिवार के लिए आशा लाते हैं, एक कारीगर की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं, और एक युवा उद्यमी के सपनों को पंख देते हैं। उन्होंने अपने नवीनतम मन की बात संबोधन में बताया कि वह विश्व के नेताओं के साथ मुलाकातों के दौरान जानबूझकर हाथ से बने भारतीय उत्पादों को ही उपहार के रूप में क्यों देते हैं। ऐसा करके वह यह सुनिश्चित करते हैं कि वह जहां भी जायें, उनके साथ साथ भारत की समृद्ध शिल्प विरासत भी जाये। उन्होंने कहा की कि यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह उनकी ओर से भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने का एक तरीका है, ताकि हमारे कारीगरों की प्रतिभा को दुनिया भर के सामने लाया जा सके।

विभिन्न सरकारी पहलें इस परिवर्तन को गति दे रही हैं। वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के माध्यम से, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत कारीगरों को कौशल विकास, क्लस्टर-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, विपणन सहायता, अवसंरचना और प्रौद्योगिकी सहायता और ऋण उपलब्ध कराकर सीधे सहायता प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) ने भारत भर में अपने 19 परिसरों के माध्यम से, शिल्पकारों और समकालीन डिजाइनरों के बीच सेतु का निर्माण किया है ताकि आधुनिक डिजाइनों में हमारी परम्परा की झलक भी मिल सके।

भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने 366 से अधिक हस्तशिल्पों को संरक्षित किया है। इससे सामुदायिक प्रतिभा की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और उन्हें सही में मान्यता मिलती है।

मैं असम राज्य से हूं, वहां के कई पारंपरिक हस्तशिल्पों जैसे कि सथेबारी मेटल क्राफ्ट, माजुली मास्क, बिहू ढोल, जापी, पानी मेतेका, आशारिकांदी टेराकोटा और बोडो समुदाय के कई अन्य हस्तशिल्पों को हाल ही में भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) पंजीकरणों की मान्यता मिली है जो कि बहुत लंबे समय से अपेक्षित थी। प्रत्येक पंजीकरण यह दशार्ता है कि कैसे असम या पूरे भारत के हर कोने में विविधता की झलक मिलती है जो दशकों तक उपेक्षित रहने के बाद, आज राष्ट्रीय मंच पर एक नया स्थान पा रही है।

**विकसित भारत के लिए एक गतिशील और विकसित होती विरासत :** भारत के हस्तशिल्प विकास में सबसे बड़ा सबक यह है कि परंपरा स्थिर नहीं है बल्कि यह अनुकूलित होती है, अवशोषित होती है और आगे बढ़ती है। जलकुंभी की घरेलू टोकरियों से लेकर अन्य वैश्विक सामानों तक की यात्रा हमारे कारीगर समुदायों के व्यवहारिकता और रचनात्मकता का प्रतीक है। जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने की ओर बढ़ रहा है, वैसे ही हस्तशिल्प क्षेत्र विरासत और नवोन्मेष, ग्रामीण आजीविका और वैश्विक आकांक्षा, पहचान और आधुनिकता के एक शक्तिशाली चौराहे पर खड़ा है।

यह आंदोलन जैसे-जैसे मजबूत होता जा रहा है, हम सबकी भी ज़िम्मेदारी बनती है कि हर कारीगर को सशक्त बनाया जाये और हमारी प्रत्येक परंपरा फलती-फूलती रहे। भारत की हस्तशिल्प विरासत सिर्फ. एक याद बनकर नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमारी पहचान एक जीवित अभिव्यक्ति के रूप में फलनी-फूलनी चाहिए। हर बार जब कोई परिवार स्थानीय चीजें चुनता है या हर बार जब कोई डिजाइनर किसी हस्तशिल्प समूह के साथ भागीदारी करता है, तो वह आत्मनिर्भर भारत की भावना को ही आगे बढ़ाता है। ये वही सधे हुए सृजनशील और सदियों की समझदारी से संजोये हुए हाथ है जो भारत की आने वाली पीढ़ियों का मार्ग दर्शन करेंगे।

**(लेखक : कपड़ा और विदेश राज्य मंत्री हैं।)**

# कोल्हान की खबरें

## रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस हर्ष उल्लास के साथ मना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। बुधवार को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रोग्राम ऑफिसर डॉ भूपेश चंद्र ने मानवाधिकारों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं। लेकिन इनके प्रति सजग रहना और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर विद्यार्थियों को वर्ष 2024 के थीम ह्लदैनिक आवश्यकताह्व के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही मानवाधिकार विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में मानवाधिकारों की उपयोगिता, संरक्षण और इनके व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास में योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक सत्र में छात्राओं में मनीषा, मोनालिसा और सरोजिनी ने हम होंगे कामयाब गीत प्रस्तुत कर वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी करने वाले विद्यार्थियों में सरोजिनी बारी, पार्वती लिंयागी, दीपक कुमार, लक्ष्मी हेंब्रम, संजीत, विवेक दराईबुरु, गायत्री पिंगुवा, सरिता पूर्ति और संजुक्ता पूर्ति प्रमुख रहे।


## टाटा डीएवी स्कूल में मना मानवाधिकार दिवस



**नोवामुंडी (आजाद सिपाही)।** टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में मानवाधिकार दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत संगीत शिक्षक अरविंद ठाकुर के नेतृत्व में छात्रों द्वारा वंदे मातरम गीत प्रस्तुत कर की गई।मौके पर कक्षा 11 के छात्र अश्विनी गिरी ने मानवाधिकार विषय पर प्रभावी भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षक डीके देव ने मानवाधिकार दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा यह दिवस दुनियाभर में मानवाधिकारों की सुरक्षा और संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। प्राचार्य प्रशांत कुमार भूयान ने कहा मानवाधिकार दिवस समानता, स्वतंत्रता और मानव गरिमा के प्रचार का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग अनंत मेहर और जयप्रकाश साहू ने प्रदान की। अनुशासन व्यवस्था में हर्ष धनवार और सचिन चंद्र साव ने अहम भूमिका निभायी। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक सुरेश पंडा ने की। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## पुलिस ने चोरी कांड का किया खुलासा चार गिरफ्तार, आभूषण और नगद बरामद

आजाद सिपाही संवाददात



**जमशेदपुर।** सीतारामदेरा थाना अंतर्गत बाराहारी स्थित अनित सोलंकी के घर से बीते 7 दिसंबर को हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 14 लाख रुपये मूल्य के चोरी गए आभूषण, नकदी, मोबाइल एवं स्कूटी बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सीतारामदेरा के 20 वर्षीय आलोक मुखी उर्फ सावन, आदित्यपुर के 25 वर्षीय धीरज कुमार तांती, आदित्यपुर के 25 वर्षीय ज्योति मुखी और गम्हरिया के सुनील कुमार प्रसाद शामिल है। बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया जिले के एसएसपी पीयूष पांडेय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) की निगरानी और नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गयी थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और गोपनीय सूचना के आधार पर तड़ित कारवाई करते हुए मुख्य आरोपी आलोक मुखी उर्फ सावन मुखी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार कर लिया और बताया कुछ आभूषण उसने बहन ज्योति मुखी और जीजा धीरज तांती को बेचने के लिए दिया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने भी अपराध स्वीकार किया। आलोक की निशानदेही पर पुलिस ने आदित्यपुर स्थित एक ज्वेलर्स दुकान से ग्राहक बनकर सोने का हार बरामद किया। साथ ही धीरज और ज्योति के पास से 70 हजार नकद, सोने-चांदी के कई आभूषण, स्कूटी और मोबाइल बरामद किया।

## ऑटो प्रोफाइल यूनिट-3 के मजदूरों की हड़ताल से उत्पादन ठप, हड़ताल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑटो प्रोफाइल यूनिट-3 में मजदूरो ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेतृत्व में हड़ताल पर उतर आये। बुधवार को मजदूरों ने हड़ताल के दौरान स्पष्ट कहा प्रबंधन द्वारा उनकी मांगें मानने तक हड़ताल जारी रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार सरायकेला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रेम माड़ी ने बीते दिनों मजदूरों की समस्याओं और मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन को एक मांग पत्र सौंपा था। मांग पत्र में चेतावनी दी गयी थी यदि 9 तारीख तक मजदूरों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 10 तारीख से यूनिट के मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे। निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद प्रबंधन द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जाने पर बुधवार से यूनिट-3 के सभी मजदूरों ने काम बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हड़ताल के कारण यूनिट में उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया। उधर स्थिति को देखते हुए कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। मजदूरों का कहना है उनके हक और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर ठोस निर्णय के बिना आंदोलन वापस नहीं लिया जायेगा। उधर कंपनी प्रबंधन से इस मामले पर पक्ष जानने की कोशिश की गयी। लेकिन प्रबंधन ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। फिलहाल हड़ताल जारी है।

## वन अधिकार समिति के अध्यक्ष मोगो अगरिया और सचिव सुनील अगरिया बने

**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** चिड़िया पंचायत के लोडो गांव में बुधवार को वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन अधिकार समिति के पुनर्गठन के लिए विशेष ग्राम सभा आयोजित की गयी। ग्राम मुंडा मंगल सुरीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में फीया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने अधिनियम से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी और बताया कि तीन माह के भीतर प्रस्ताव अनुमंडलीय समिति को भेजा जायेगा। पुनर्गठन के दौरान 15 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मोगो अगरिया अध्यक्ष और सुनील अगरिया सचिव चुने गये। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए चलायी जा रही है ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना



**जमशेदपुर/ रांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा में बुधवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने स्वर्णरेखा नदी में रांची और जमशेदपुर का कूड़ा-कचरा और दूषित जल गिराए जाने का मुद्दा उठाया। सरकार ने जवाब में बताया नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए व्यापक स्तर पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजनाएं चलायी जा रही हैं।सरकार ने जानकारी दी रांची की हरमू और जुमार नदी और जमशेदपुर की स्वर्णरेखा और खरकई नदी के प्रदूषण को दूर करने के लिए कार्य जारी है। हरमू नदी जीर्णोद्धार परियोजना के तहत बने एसटीपी का पाँच वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव संवेदक द्वारा किया गया और आगे की व्यवस्था प्रक्रियाधीन है। बड़गाई में 37 एमएलडी क्षमता का एसटीपी तैयार होकर क्रियाशील है, जिसका ट्रीटेड पानी बड़ा तालाब में छोड़ा जा रहा है। जमशेदपुर और मानगो क्षेत्र के स्वर्णरेखा में गिरने वाले नालों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए भी योजनाएं लागू हैं। मानगो नगर निगम के 9 नालों और जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के 12 नालों के लिए अलग-अलग स्थानों पर एसटीपी निर्माण की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी। प्रथम चरण में 1.2 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी की निविदा जारी की जा चुकी है। इसके अलावा 44 एमएलडी क्षमता वाले बड़े एसटीपी के लिए अंतिम डीपीआर भी प्रस्तुत कर दिया गया। सरकार ने आश्वस्त किया नदी प्रदूषण रोकने की दिशा में आगे की कार्रवाई तेजी से जारी है।

## मेडिकल कैंप में सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच, मुफ्त दवा का वितरण



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** टीमरा ग्राम स्थित 197 बटालियन कैंप परिसर में बुधवार को सीआरपीएफ 197 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम व मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत टीमरा, लोड़ो, सौदा, गंपू, बिनुवा और अंकुवा के ग्रामीणों के बीच साड़ियां, बेडशीट, बर्तन, मच्छरदानी और पानी की बाल्टी सहित आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। मेडिकल कैंप में सैकड़ों ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और मुफ्त दवाएं दी गयी। कमांडेंट सुरेश कुमार ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और नक्सलवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा और खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कमांडेंट प्रमेन्द्र नारायण, द्वितीय कमान अधिकारी रुस्तम अली, पीएन यादव, चिड़िया ओपी प्रभारी वाहिद अंसारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विवादित जमीन में धान की फसल को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतहरिया गांव में विवादित जमीन में धान की फसल को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गये। मंगलवार को एक पक्ष द्वारा धान की कटनी कराई गई तो दूसरे पक्ष के लोगों ने बल पूर्वक काटी गई धान को अपने खलिहान में डंप करवा लिया। इसे लेकर एक पक्ष के विक्रमा राम द्वारा मेराल थाना में आवेदन देकर दूसरे पक्ष के आधा दर्जन लोगों पर धान का बोझा उठा कर ले जाने, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट करने एवं आगजनी करने का लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। आवेदन में गांव के ही कुलदीप महतो, भगवान महतो, पप्पू महतो, शिवनाथ साव, मनि प्रसाद गुप्ता और सोना महतो पर उपरोक्त आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में कहा गया कि कुलदीप महतो के कहने पर उनके खेत से धान का बोझा उपरोक्त लोग उठा कर ले जाने लगे। मना करने पर पत्नी लक्ष्मीनीया देवी को डायन कहकर मारपीट करने लगे और शरीर का का कपड़ा फाड़ दिया। इसके अलावा नाक की नथीया, मंगल सूत्र भी छिन लिया और 300 बोझा धान उठा ले गये। इसके बाद खेत में बनी झोपड़ी में भी आग लगा दी। बतातें चलें कि मंगलवार की देर शाम में दोनों पक्ष थाना में सुलह समझौता (पंचायती) कर बुधवार को मामला सुलझाने पर राजी हुए थे। खबर लिखे जाने तक किसी पक्ष का थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुआ है। उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी बिष्णु कांत ने कहा कि धान का बोझा बल पूर्वक उठाकर ले जाने संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कानून हाथ में लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मंत्री से मिले प्रभात दुबे, क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने की मांग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के युवा नेता प्रभात उर्फ बड़ू दुबे ने झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात कर बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया। मंत्री ने जल्द समाधान और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मांग पत्र में कांडी प्रखंड अंतर्गत बेलहत से पतीला, भया, सेमौरा से होते हुए कांडी मुख्य पथ सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य, साथ ही कांडी पथ पर दिनेश चौबे के घर से रामबांध होते हुए गवर्नर रोड तक सड़क निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त राणाडीह स्थित गवर्नर रोड के सामने कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग भी प्रमुख रही। इस संबंध में प्रभात दुबे ने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उनके स्वर्गीय बाबा ददई दुबे ने इस क्षेत्र के लिए कई कल्याणकारी कार्य किए, किंतु कुछ सपने अभी अधूरे हैं। उन अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना मेरा धर्म है। प्रभात दुबे बिना पद और दिखावे के, सिर्फ जनसेवा को अपना ध्येय मानकर हर समय क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। जनता से जुड़ाव और सरल स्वभाव के कारण वे युवाओं और ग्रामीणों के बीच एक भरोसेमंद नेता के रूप में पहचान बना चुके हैं।

## 15 को मझिआंव में होगा धरना-प्रदर्शन



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत अंतर्गत ग्राम बिरबंधा और खजुरी में क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विन्देश्वरी पाल उर्फ.अशोक पाल ने की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार किसानों और मजदूरों के हित में काम नहीं कर रही है। धान क्रय केंद्र व पैक्स की दुकानें बंद पड़ी हैं, जिसके कारण व्यापारी किसानों से कम दाम पर धान खरीद रहे हैं। खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बन गया है। केंद्र सरकार की ओर से किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा अब तक सिर्फ घोषणा बनकर रह गई है। कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर खजुरी सिंचाई जलाशय योजना का निर्माण तो हुआ, लेकिन नाहर का काम अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। खजुरी पंचायत के चारों गांव बिरबंधा, भुसुआ, आमर और खजुरी पूरी तरह खेती-किसानी पर निर्भर हैं, लेकिन मझिआंव नगर पंचायत में शामिल किए जाने से किसानों पर नगरपालिका टैक्स का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है। विंदेश्वरी पाल ने बटाईदारी कानून के अभाव को भी बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड में बटाईदारी कानून न होने से खेती करने वाले बटाईदार किसान बिना जमीन की रसीद दिखाए धान बेचने का रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे हैं। इसलिए झारखंड में भी बिहार की तर्ज पर बटाईदारी कानून बनना आवश्यक है। इन सभी मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 15 दिसंबर को झारखंड सरकार और गढ़वा जिला प्रशासन के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद मझिआंव सीओ के माध्यम से मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। बैठक में फुलेश्वर चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, वार्ड पार्षद भरत कुमार कुशवाहा, पूर्व वार्ड पार्षद इबरार खान, शहीद खान, प्रमोद पाल, अशोक साह, भोला महतो, किशुन साह, देवधारी महतो आदि उपस्थित थे। सभी ने अपनी-अपनी बातें रखीं और प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए मजबूती से शामिल होने की सहमति दी।

## मुखिया ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कटहर कलां पंचायत की मुखिया कलावती देवी एवं बीडीसी प्रतिनिधि पवन सिंह ने शारदा मध्य विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय परहिया टोला शारदा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शिक्षण व्यवस्था और मध्यान भोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। मुखिया कलावती देवी ने साफ शब्दों में कहा कि पढ़ाई की गुणवत्ता और विद्यालय परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आने वाले दिनों में किसी प्रकार का सुधार नहीं दिखा, तो संबंधित अधिकारियों के पास लिखित रूप में प्रतिवेदन भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में मुखिया ने स्वयं मध्यान भोजन का स्वाद चखकर इसकी गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले भोजन और संसाधनों का उद्देश्य बच्चों को बेहतर सुविधा देना है।

### सड़क पर उतरे सदर एसडीएम : कार्रवाई से मचा हड़कंप

# बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे 12 ट्रैक्टर पकड़ाये, 2.05 लाख का लगा जुर्माना

**कहा- ट्रैक्टरों से हो रही दुर्घटनाओं पर संज्ञान लेकर खुद करूंगा जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार को बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। परिवहन विभाग के समन्वय से चलाए गए इस अभियान में एसडीएम ने बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे कुल 12 ट्रैक्टरों को पकड़ा। इन सभी वाहन मालिकों पर दो लाख रुपये से अधिक का मौके पर ही जुर्माना काटा।

### अधिकांश के पास नहीं मिला ड्राइविंग लाइसेंस

अभियान के दौरान ज्यादातर मामलों में ड्राइवर के पास लाइसेंस नहीं था। सभी ट्रैक्टरों में ट्रॉली लगी थी, जो प्राथमिक दृष्टि में मिट्टी एवं बालू के अवैध खनन और परिवहन से जुड़े पाए गए। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में तेज रफ्तार, बिना नंबर और नियमविहीन तरीके से चल रहे ट्रैक्टरों की शिकायत लंबे समय से मिल रही है। शिकायतों के अनुसार दिन ही नहीं रात में भी इन ट्रैक्टरों ने आम लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। शिकायतों के बाद जब वह रात में जांच को निकलते हैं तो लगभग सभी ट्रैक्टरों में नंबर प्लेट नहीं होने के कारण उन पर विधिक कार्रवाई आसानी से नहीं हो पाती है। इसलिए अनुमंडल क्षेत्र के सभी ट्रैक्टरों में नंबर प्लेट सुनिश्चित करवाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। कहा कि जब एक घंटे के अभियान में एक ही इलाके में बिना नंबर वाले 12 ट्रैक्टर पकड़ में आ गए, तो पूरे अनुमंडल में यह संख्या हजारों में हो सकती है। बताया कि न केवल ट्रैक्टरों, बल्कि विधि विरुद्ध चल रहे ऐसे अन्य वाहनों के विरुद्ध लगातार एवं सख्त अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा। बतातें चलें कि जिन लोगों के ट्रैक्टरों पर कार्रवाई हुई उनमें परवेज आलम लोटो, फिरोज खान, सद्दाम हुसैन रॉकी मोहल्ला, छोटू मेहता करमडीह, मिथलेश कुशवाहा कल्याणपुर, जनार्दन राम बीरबंधा, राम जी कुशवाहा कल्याणपुर, प्रवीण जायसवाल नवादा, रामप्रवेश साव मेराल व दुबे मरहटिया निवासी बृजेश दुबे आदि शामिल है।



जांच अभियान के दौरान पकड़े गये ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करते सदर एसडीएम।

### दुर्घटनाओं की जांच होगी

एसडीएम ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन से जुड़े संगठित अपराधियों का मनोबल तोड़ने के लिए सख्ती की जा रही है। इनके अवैध वाहनों से होने वाले किसी भी दुर्घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच वे अपने स्तर से खुद करेंगे।

## एक रुपये में करायें रबी की फसल का बीमा : राजकुमार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में बुधवार को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना करने को लेकर एचडीएफसी बैंक की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को शाखा समन्वयक राजकुमार साह की ओर से गेहूं, सरसों, चना आलू फसल का बीमा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऋणि एवं गैर ऋणि किसान एक रुपया का टोकन देकर बीमा करा सकते हैं। इस अवसर पर किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति, भूमि स्वामित्व संबंधित प्रमाण पत्र, बटाई प्रमाण पत्र, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर के साथ फसल बीमा करने आदि जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर तक बीमा की अंतिम तिथि निर्धारित है। इस अवसर पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी, बीटीएम प्रवीण कुमार मिश्रा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, किसान मित्र वीरेंद्र महतो, रामाशंकर चौबे, चंदेश्वर राम सहित कई किसान थे।

## एसडीएम ने फुटवियर व्यवसायियों के साथ किया संवाद, सुनी समस्याएं



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीएम के नियमित साप्ताहिक संवाद 'कॉफी विद एसडीएम' के तहत बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के फुटवियर (जूता-चप्पल व्यवसाय से जुड़े) डीलरों, उद्यमियों एवं दुकानदारों के साथ संवाद किया गया। इस दौरान व्यवसायियों ने स्थानीय बाजारों में दुकान संचालन, फुटपाथ अतिक्रमण, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों एवं व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं को एसडीएम के सामने रखा। एसडीएम ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए नागरिक सुविधाओं को सुचारू रखने, बाजार क्षेत्रों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रशासन-व्यवसायी समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया। कहा कि प्रशासन का उद्देश्य स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करना, सुरक्षित एवं स्वच्छ बाजार वातावरण विकसित करना तथा संवाद के माध्यम से साझा समाधान निकालना है। कार्यक्रम के दौरान व्यापारी हित, लाइसेंसिंग, पार्किंग, सफाई व्यवस्था, सुरक्षा और फुटपाथ प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में पहुंचे ट्रेडर्स ने सामाजिक प्रशासनिक समन्वय से चल रही संवेदनशील पहल 'आइये खुशियां बांटें' की प्रशंसा करते हुए इस अभियान में अपनी भागीदारी की पेशकश की। व्यवसायियों ने कहा कि वे लोग भी इस मुहिम के तहत जरूरतमंदों तक जूता और चप्पल आदि पहुंचाना चाहते हैं। एसडीएम ने उपस्थित सभी व्यापारियों, होलसेलरों एवं ट्रेड प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी सहभागिता से न केवल सामाजिक संवेदनशीलता का माहौल बनता है, बल्कि प्रशासनिक-सामाजिक समन्वय भी मजबूत होती है। बैठक में जामिया फुटवियर के प्रोपराइटर मोहम्मद मिशब उल हक, समाजसेवी राकेश पाल, गरीब नवाज शू स्टोर के प्रोपराइटर मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद अरमान, अजहरुद्दीन आदि आदि मौजूद रहे।

## अवैध गिट्टी और बालू खनन के खिलाफ दो स्थानों पर छापामारी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** श्रीबंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बुधवार को थाना प्रभारी रजनी रंजन के साथ संयुक्त रूप से दो जगहों पर छापामारी अभियान चला कर अवैध गिट्टी और बालू खनन एवं जमाखोरी पर बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से बालू और गिट्टी का बाहर से लाकर स्टॉक कर ट्रैक्टरों के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर बेचा जा रहा है। इसी सूचना की पुष्टि के बाद एसडीओ ने पुलिस टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया। छापामारी के दौरान खरौंधी मोड़ के समीप बड़े पैमाने पर अवैध गिट्टी और बालू का स्टॉक पकड़ा गया, जहां बिना किसी लाइसेंस और अनुमति के खनिज जमा कर बेचा जा रहा था। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद स्टॉक को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की। इसके अलावा एक बालू लदा ट्रैक्टर भी पकड़ा, जिसे तुरंत भवनाथपुर थाना पुलिस को सौंप दिया गया। आगे की कार्रवाई के लिए गढ़वा खनन विभाग को भेज दी गई है। वहीं, कोयला लदे एक ट्रक को भी पकड़ा गया, जहां कोयला से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एसडीओ ने स्पष्ट कहा कि शासन के निर्देश पर अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस पूरे अभियान में थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई परवेज आलम, नारायण प्रसाद और दिनेश सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि अवैध खनन की जानकारी तुरंत अधिकारियों को दें।

### गढ़वा में 15 से खुलेंगे सरकारी धान क्रय केंद्र

# सरकारी खरीद से पहले ही विशुनपुरा में धड़ल्ले से बाहर भेजे जा रहे धान

**बिचौलियों की बढ़ी सक्रियता, प्रतिदिन दर्जनों ट्रक धान दूसरे राज्यों की ओर हो रहे रवाना**

राजू सिंह

**विशुनपुरा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने 15 दिसंबर से पूरे राज्य में 700 से अधिक अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान खरीद शुरू करने की घोषणा की है। बावजूद इसके विशुनपुरा प्रखंड में सरकारी क्रय प्रारंभ होने से पहले ही धान की बड़े पैमाने पर निकासी शुरू हो गई है। ग्रामीणों और किसानों की मानें, तो बिचौलियों की सक्रियता इन दिनों अचानक बढ़ गई है। आरोप है कि प्रतिदिन दर्जनों ट्रक भरकर धान औने-पौने दाम पर खरीदकर दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। इसका सीधा नुकसान किसानों को हो रहा है, जिन्हें सरकार की ओर से निर्धारित 2450 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिलने से पहले ही मजबूरी में बेचने को विवश होना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि अगर प्रशासन तत्काल सख्त व्यवस्था नहीं करता है, तो सरकारी क्रय केंद्र खुलने से पहले ही क्षेत्र का अधिकांश धान बाहर चला जाएगा। किसानों ने ट्रकों की जांच, बिचौलियों पर रोक और क्रय केंद्रों को समय से चालू करने की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार की अधिप्राप्ति व्यवस्था जमीन पर मजबूत रूप से लागू हो, ताकि किसान वाजिब दाम पा सकें और बिचौलियों के शोषण से बचें। इस बाबत सीओ खगेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की इसकी जांच की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।



## टांगी से काटकर शराबी पति ने की पत्नी की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार/गढ़वा।** जिले के केतार थाना अंतर्गत अंजनिया गांव में मंगलवार की देर रात शराबी पति द्वारा अपनी पत्नी की टांगी से काटकर हत्या करने के बाद फरार होने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान तेतरी देवी (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तेतरी देवी की लड़की का कुछ दिन पहले ही भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में प्रसव हुआ था। हालांकि बच्चे का जन्म प्रमाण नहीं बन पाया था। जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए कई बार सामुदायिक अस्पताल का तेतरी लगातार चक्कर लगा रही थी। सोमवार को सामुदायिक अस्पताल में एक बार फिर गयी थी, लेकिन विभाग की उदासीन रवैया के चलते फिर एक बार तेतरी के नाती का जन्म प्रमाणपत्र नहीं बन पाया। वहां देर हो जाने पर तेतरी अपने मायके बेलपहाड़ी में ही रात में रुक गई। इसी बीच उसका पति सुरेश साह ने पत्नी तेतरी के मोबाइल पर फोन कर मायके में रुकने पर गाली गलौज करते हुए घर नहीं आने की धमकी दी। इस पर तेतरी रोने लगी और मंगलवार को अपने भाई-भतीजे को साथ लेकर अंजनिया गांव पहुंची। महिला के भाई-भतीजे ने सुरेश साह से बातचीत कर तेतरी को वहां छोड़ अपने घर चले गए। तब माहौल एकदम शांत था। इसके बाद खाना खाकर तेतरी अपने नातिन के साथ चारपाई पर सोई हुई थी। इसी बीच रात करीब 12 बजे उसका पति उसके पास पहुंचा और सोयी हुई पत्नी पर टांगी से ताबड़तोड़ कर वाई कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। कुछ देर बाद घर के अन्य लोगों ने खून से सना शव पाया। आसपास के लोगों ने बताया कि सुरेश शराब के नशे में धुत था। उधर, घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी सुरेश की तलाश में है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## डुमरसोता में ठंड से वृद्धा की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के डुमरसोता गांव में गरीबी और बीमारी से जूझ रही कांति देवी नामक वृद्ध महिला की ठंड लगने से मंगलवार की देर रात मौत हो गई। कांति देवी लंबे समय से बीमार थी। परिजन कुछ दिनों पहले ही विश्रामपुर स्थित चंद्रवंशी अस्पताल में भर्ती कराये थे, जहां एक दिन इलाज के बाद डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। पर आर्थिक तंगी के कारण परिवार उन्हें बड़ा अस्पताल नहीं ले जा सका। बतातें चलें कि कांति देवी के पति मदन मोहन मिश्रा का पहले ही निधन हो चुका है। कांति अपने पीछे दो बेटा और तीन बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। हालांकि विडंबना है कि बड़ा बेटा शंकर मिश्रा हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज भी विश्रामपुर में ही चल रहा है। यही कारण है कि वह मां के अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हो सका। उधर, मृतका के छोटे बेटे अवधेश मिश्रा ने मुखाग्नि दी। उधर, ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत कल्याण कोष एवं आपदा मद से आर्थिक सहयोग, आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध कराने और घायल पुत्र का उपचार मुख्यमंत्री स्वास्थ्य कोष से करवाने की मांग की है। उधर, कांति देवी के मौत की सूचना मिलते ही भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य रामलाला दुबे, मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी दुबे और शशि रंजन दुबे मौके पर पहुंची और परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की।



मृतक कांति देवी की फाइल फोटो।

Government of Jharkhand
Directorate of Food & Consumer Affairs
3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002

Letter No.-kha.up.ni.-24/chini-01/25-2012 Date : 09-12-2025

Tender Cancellation Notice

Tender Reference No. Kha.Up.Ni.-24/Chini-01/25-1753 Dated:17-10-2025 (GeM Bid No.–GEM/2025/B/6804921 Dt. 17-10-2025) for supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As per FSSAI Notms) for 1st Quarter (April 2025 to March 2025) of Financial Year 2025-26 through e-Tender Followed by e-Reverse Auction on Gem Platform with reference to Directorate Letter No. -1755 Dated 17-10-2025 PR No. 364483 is hereby cancelled on account of unavoidable reasons.

Fresh tender will be invited soon.

Sd/-
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 368151 Directorate of Food and Consumer Affairs (25-26)_D

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
नगर पंचायत कोडरमा

(तृतीय) अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 14/2025–26 दिनांक 10.12.2025

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला अनाबद्ध निधि | | | | | | |
| 1 | 08 | Construction of RCC Drain from Godayti Ahar to Approach Nala Near Tiranga Chowk, Under nagar Panchayat Koderma. | 3943100.00 | 79000.00 | 10000.00 | 04 माह |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 12-12-2025 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 19-12-2025 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 20-12-2025 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | | |
| E | Helpline No. | | | +91-9229932626 | | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 368187 Urban Development (25-26)_D

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहुंचे मैक्लुस्कीगंज



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैक्लुस्कीगंज।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश बुधवार को मैक्लुस्कीगंज पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष के मैक्लुस्कीगंज पहुचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। केशव महतो कमलेश रांची से एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चतरा जा रहे थे कि मैक्लुस्कीगंज में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उनके साथ कांग्रेस नेता अमूल्य नीरज खलखो सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। मैक्लुस्कीगंज में कार्यकर्ताओं से उन्होंने मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता से सांगठनिक विषयों पर भी बात किया साथ ही सभी को संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मैक्लुस्कीगंज के बारे में काफी कुछ सुना था कि यह एक बहुत ही सुंदर पर्यटन स्थल है और यहां की प्राकृतिक छटा और वातावरण पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मैक्लुस्कीगंज के इतिहास और यहां के पर्यटन स्थलों के बारे मे काफी विस्तार से जानकारी दिया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, पर्यटन विभाग विधायक प्रतिनिधि शशि मुंडा, बाबू खान, मुन्ना देवी, आलमगीर खान, विजय मुंडा, सतेंद्र मुंडा, श्रवण भोगता सहित कई लोग मौजूद थे।

### सुदीप गुड़िया ने सदन में उठाया स्वास्थ्य व राजस्व विभाग में डॉक्टर और कर्मचारियों की कमी का मुद्दा, कहा

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या तत्काल बढ़ायी जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं तथा राजस्व विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की घोर कमी के कारण स्थानीय ग्रामीणों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे जन स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। विधायक ने सरकार से मांग की कि क्षेत्र के सभी प्रखंडों के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या



तत्काल बढ़ाई जाये, ताकि नागरिकों को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

इसके साथ ही विधायक सुदीप गुड़िया ने राजस्व विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारियों की कमी के कारण आम लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनता की समस्याओं को देखते हुए सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाये। अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी और राजस्व विभाग में कर्मचारियों के रिक्त पद पर नियुक्ति की विधायक ने सरकार से मांग की।

## पलामू से अधियाचना मिलते ही होगी राजस्व कर्मचारियों की नियुक्ति: मंत्री

विधायक सुदीप गुड़िया के प्रश्नों का जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने माना कि झारखंड में राजस्व कर्मचारियों की भारी कमी है। मंत्री ने बताया कि राज्यभर में राजस्व कर्मियों की नियुक्ति के लिए जिलों से अधियाचना मांगी गयी है, लेकिन अभी तक पलामू जिले से अधियाचना प्राप्त नहीं हुई है। मंत्री ने कहा कि पलामू से अधियाचना मिलते ही लगभग 900 राजस्व कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। मंत्री बिरुवा ने यह भी कहा है कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र में राजस्व कर्मियों की कमी को देखते हुए उपायुक्त को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जायेगा।

# विधायक रामसूर्या ने विधानसभा में उठाया खूंटी में जाम का मुद्दा

**रामसूर्या मुंडा ने व्यवहार न्यायालय के सामने प्रस्तावित बस स्टैंड और नामकुम बस स्टैंड को जल्द चालू कराने की भी मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसूर्या मुंडा ने मंगलवार को विधानसभा में जिले की सबसे गंभीर समस्या–मेन रोड पर बढ़ते जाम-का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है, जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। साथ ही दुर्घटनाओं और जनहानि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

विधायक मुंडा ने सरकार से मांग की कि बाइपास निर्माण में समय लगेगा, इसलिए तत्काल राहत के लिए समाहरणालय से लेकर भगत सिंह चौक तक सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और डिवाइडर या सर्विस रोड का निर्माण अतिआवश्यक है। उन्होंने व्यवहार न्यायालय के सामने प्रस्तावित बस स्टैंड और नामकोम बस स्टैंड को जल्द चालू कराने की भी मांग की। विधायक ने कहा कि यदि दोनों बस स्टैंड शुरू हो जाएं, तो शहर के बीचों-बीच लगने वाली बसों की भीड़ कम होगी, जिससे जाम की समस्या में काफी कमी आयेगी। साथ ही सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर बनने से बाजारटांड़ से लेकर भगत सिंह चौक तक लगने वाले भीषण जाम से लोगों को तत्काल राहत मिल सकेगी।

## बानसा में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मना



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड के बानसा उच्च विद्यालय मैदान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस नमो भारत सेवा संस्था द्वारा मनाया गया।इस दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया।इस दौरान समाजसेवी खगेन महतो ने कहा कि मानवाधिकार की रक्षा तभी संभव है, जब लोग इनके प्रति जागरूक हों। यह संस्था द्वारा सुदूरवर्ती गांवों में इस तरह की कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जगाने की काम कर रहें। इस मौके पर भाजपा नेता दिलीप महतो, अधिवक्ता कमलेश सिंह, विश्वनाथ कालिंदी, बुद्धेश्वर सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## फसल सुरक्षा को लेकर पांच दिवसीय कार्यक्रम शुरू


ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। आत्मा सरायकेला के सौजन्य से टीआरसीएससी प्रशिक्षण केंद्र घोरानेगी में फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत युवाओं के कौशल विकास के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत बुधवार को की गयी। यह कार्यक्रम 10 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जायेगा। मौके पर आत्मा सरायकेला के उप परियोजना निदेशक विजय सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को फसल संरक्षण के क्षेत्र में दक्ष बनाकर उन्हें सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में फसलों के सामान्य रोगों, कीटों एवं खरपतवारों की पहचान, एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) तकनीक, कीटनाशकों का सुरक्षित उपयोग और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों पर विशेष जोर दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में सरायकेला जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 20 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। मौके पर आत्मा सरायकेला के उप परियोजना निदेशक विजय सिंह, जिला परामर्शी डीएन सिंह, बीटीएम चांडिल अमिताभ मांझी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पंकज सेठ, केवीके सरायकेला के मधु महतो और डॉ सुरेश प्रसाद साहू उपस्थित रहे। 11

## सोनाहातू में जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत अंतर्गत सोमाडीह गांव में दर्जनों गरीब असहायों के बीच समाजसेवी शिव शंकर साहू ने कंबल वितरण किया। कंपकंपा देने वाली ठंड को देखते हुए असहायों के बीच कंबल दिया। एक ओर जहां ठिठुरती ठंढ में रजाई और कंबल के सहारे घरों में लोग सो जाते है, लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते हैं। असहायों पर सबकी दया नहीं होती, बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है वहीं इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। मौके पर जितवाहन उरांव, बिष्णु साहु, सुकरा उरांव, लखीचरण, कार्तिक आदि मौजूद थे।

## पिपरवार में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का कार्यकर्ता सम्मेलन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार स्थित सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में बुधवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जोनल सचिव जयनारायण महतो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनल उपाध्यक्ष राजकुमार महतो और वरिष्ठ नेता मनोज चंद्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व पंचवटी गेस्ट हाउस से रैली निकाली गई, जो बाजारटांड़ होते हुए चार नंबर चौक पहुंची। वहां शहीद कृष्णा महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। श्रमिक क्लब में दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन, डॉ. अंबेडकर, बिरसा मुंडा, शेख भिखारी और नीलाम्बर-पीताम्बर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अध्यक्षता परमेश्वर गंझू और संचालन इकबाल हुसैन व अनिल राम ने किया। सम्मेलन में संगठित व असंगठित मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा हुई। जयनारायण महतो ने हाई वेजेज कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप वेतन देने की मांग की और चार लेबर कोड को मजदूर-विरोधी बताया। राजकुमार महतो व मनोज चंद्रा ने भी लेबर कोड को यूनियन की शक्तियां कमजोर करने वाला बताया। अंत में शहीद मजदूरों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं मजदूर शामिल हुए।

## क्रशर में फायरिंग मामले की एसपी ने की जांच



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो ने बुधवार को डोडमा जाकर बाबा आमरेश्वर माइनिंग प्रा लि में हुई फायरिंग के मामले की जांच की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मंगलवार की रात लगभग होने 10.45 बजे एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने क्रशर के पास दो गोलियां चलाई थी। पुलिस ने घटनास्थल से दो धोखे बरामद किये हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक लेवी को लेकर किसी तरह का पर्चा नहीं मिला है। इसलिए स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि फायरिंग के पीछे अपराधियों की मंशा क्या थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मौके पर तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम सहित अन्य मौजूद थे।

# भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी होते ही अधूरी सड़क का निर्माण होगा शुरू

**विधायक सुरेश बैठा के सवाल पर विभागीय मंत्री से मिली जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड के होयर में 60 मीटर और बचरा क्षेत्र में 930 मीटर अधूरी पड़ी सड़क अब जल्द ही बनकर तैयार होगी। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी होते ही शेष हिस्से के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की जायेगी। यह जानकारी पथ निर्माण विभाग के मंत्री ने 10 दिसंबर को सदन में विधायक सुरेश कुमार बैठा के तारांकित प्रश्न के जवाब में दी।

विधायक सुरेश बैठा ने स्टेट हाईवे अथारिटी आफ झारखंड (शाज) द्वारा पतरातू-हेन्देगीर-मैकलुस्कीगंज सड़क के



चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के दौरान खलारी क्षेत्र में अधूरे छोड़े गये हिस्सों को लेकर सरकार से सवाल पूछा था। जवाब में मंत्री ने बताया कि कुल 45.081 किलोमीटर लंबी इस सड़क में से 44.091 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि होयर और बचरा में अधूरा हिस्सा भू-अर्जन की प्रक्रिया लंबित रहने और भूमि विवाद के कारण नहीं बन पाया है। विभाग ने यह भी बताया कि जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा मांगी गयी राशि विभाग द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है और शेष कार्रवाई जैसे ही पूरी होगी, सड़क निर्माण का टेंडर निकाल कर कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क के कारण उन्हें रोजाना आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। खलारी प्रखंड समन्वय समिति के संयोजक राजेश सिंह 'मिंटू' समेत कई कार्यकर्ताओं ने इस समस्या को लेकर विधायक सुरेश बैठा को अवगत कराया था। उम्मीद जतायी जा रही है कि अधूरा निर्माण जल्द शुरू होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

## स्व. नकुल बेसरा की 73वीं जयंती पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुए सुबोधकांत सहाय



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को ईचागढ़ प्रखंड के टिकर परगना मैदान में सामाजिक कार्यकर्ता स्व. नकुल बेसरा की 73वीं जयंती के अवसर पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय बेसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्व बेसरा जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता थे। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के प्रति सतत प्रयासरत रहा करते थे। उनकी स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। इस मौके पर ईचागढ़ प्रखंड के खेल प्रेमी सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## दलालों को धान न बेचें किसान: बीडीओ

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को धान अधिप्राप्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने की। बैठक में किसानों के रजिस्ट्रेशन, भंडारण व्यवस्था, लैंपस केंद्रों की तैयारी और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि धान क्रय को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और सभी संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बीसीओ बसंत कुमार राय, सभी लैंपस प्रतिनिधि, बीटीएम, किसान मित्र, पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे। मालूम हो कि इस वर्ष झारखंड सरकार किसानों से 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। धान बिक्री की पूरी प्रक्रिया मोबाइल ऐप के माध्यम से स्लॉट बुकिंग और ई-पूश आधारित आधार-बायोमेट्रिक सत्यापन से संपन्न होगी। बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने किसानों से अपील की कि वे अपना धान बाहर न बेचें, बल्कि मात्र लैंपस केंद्रों पर ही विक्रय करें, ताकि सरकारी दर का लाभ सीधे उन्हें मिल सके।

## संपूर्ण आदिवासी समाज की टीम ने किया सेलायडीह गांव का दौरा



रगामाटी/तमाड़ (आजाद सिपाही)। संपूर्ण आदिवासी समाज की टीम ने कुचाई थाना अंतर्गत सेलायडीह गांव का दौरा किया। टीम ने राम मुंडा के परिवार से जिसमें राम मुंडा की पत्नी मंजू मुंडा, पुत्र जरासन मुंडा, पुत्री मेनका मुण्डा, सुनील मुंडा से मुलाकात किया। टीम ने परिवार को आदिवासी रूढ़ि प्रथा परंपरा में वापस आने पर परिवार को आदिवासी गमछा और फूलमाला से अभिनंदन किया। ज्ञातव्य है हो कि राम मुंडा का पूरा परिवार ईसाई धर्म में चला गया था, बाद में परिवार को एहसास हुआ कि आज के दौर में आदिवासी का पहचान मिट रहा है। वापसी कराने में संपूर्ण आदिवासी समाज और आदिवासी मूलवासी समिति का मुख्य भूमिका रहा। टीम में संपूर्ण आदिवासी समाज के अध्यक्ष पंचानन सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष सिदाम सिंह मुंडा, सचिव सबरन सिंह मुंडा, महेश मुंडा, मधुसूदन मुंडा, मुन्नालाल सिंह मुंडा और अन्य शामिल थे।

# मानव अधिकार मिशन की 77वीं वर्षगांठ मनी

**रांगामाटी कार्यालय का उद्घाटन और रक्तदान शिविर आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** मानव अधिकार मिशन का 77वां वर्षगांठ बुधवार को रांगामाटी में उत्साहपूर्वक मनाया गया। साथ ही कार्यालय का उद्घाटन किया गया और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पीके लाला, प्रदेश उपाध्यक्ष सोहिनी बनर्जी, संगठन सचिव डॉ पंपा सेन, रीता लाला, सपना मुखर्जी, बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू कुमारी सहित कई अतिथि शामिल हुए। मंच संचालन रांची जिला उपाध्यक्ष नंदा नायक, प्रखंड अध्यक्ष अनिमा मल्लिक ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष पीके लाला ने कहा कि मानव अधिकार संरक्षण हर नागरिक का दायित्व है, समाज तभी सुरक्षित और सशक्त बन सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुहानी बनर्जी ने कहा कि अपने अधिकारों की जानकारी रखना और समय पर आवाज उठाना हर व्यक्ति की पहली जरूरत है। संगठन सचिव डॉ पंपा सेन ने कहा कि महिला-शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता से ही समाज में बराबरी और सुरक्षित वातावरण बनता है। महिला थाना प्रभारी ने नशा मुक्ति साइबर क्राइम व किशोर-किशोरियों की देखरेख पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बतायी। रीता लाला ने कहा कि सामाजिक एकता और मानवीय सहयोग किसी भी समुदाय को मजबूत और प्रगतिशील बनाते हैं। सपना मुखर्जी ने कहा कि युवाओं में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सही दिशा देना समय की सबसे बड़ी मांग है। कार्यक्रम में प्रखंड उपप्रमुख शकुंतला खंडित, जिप सदस्य भवानी मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, भारती कुमारी हुसैन आरा, दिव्यानी देवी, अलका देवी, आशा देवी, सीता देवी, शकुंतला देवी का सराहनीय योगदान रहा।

## लुंगटू में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के लुंगटू गांव में बुधवार को आदिवासी रीति-रिवाज के साथ बुरु पर्व धुमधाम से मनाया गया। बुरु पर्व के मौके पर फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें जेएलकेएम स्पोर्टिंग क्लब ने फाइनल में पेनाल्टी शुटआउट में दो गोल से विजेता बना। विजेता जेएलकेएम स्पोर्टिंग क्लब तमाड़ को प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपये मुखिया विश्व भूषण सिंह मुंडा ने देकर सम्मानित किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपये जेएम स्पोर्टिंग क्लब को समाजसेवी कृष्ण मोहन पातर मुंडा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिशुपाल पातर मुंडा, लील मोहन सिंह मुंडा, संदीप पुराण, गुरदयाल मुंडा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वोटर कार्ड मैपिंग को लेकर विशेष शिविर



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के मिडिल स्कुल बचरा में बुधवार को वोटर कार्ड मैपिंग (एसआईआर) कैंप का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश महिला फुटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेत्री व बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में पंचायत के कुल 123 लोगो का आनलाइन मैपिंग किया गया। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर से संबंधित बुथो के बीएलओ प्रत्येक दिन मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर कार्ड मैपिंग का कार्य करेंगे। इसके अलावा शनिवार 13 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से 3:00 बजे तक पुन: मिडिल स्कुल बचरा में कैंप का आयोजन किया जायेगा। बुधवार के कैंप में बचरा उतरी पंचायत के बुथ संख्या 96,97,98, 99,100,101 और 102 बुथ के मतदाताओं का वोटर कार्ड मैपिंग का कार्य किया गया। कैम्प में बीएलओ बाला कुमारी, कलावती देवी, किरण कुमारी, ललिता देवी, शांति देवी सहित स्थानीय लोग मौजुद थे।

# तोरपा में गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा, बीएलओ को मिले निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रारंभिक गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी तोरपा परमेश्वर मुंडा ने की। बैठक में तोरपा प्रखंड के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और उनके सुपरवाइजर शामिल हुए।



अपर समाहर्ता ने बीएलओ ऐप के माध्यम से वर्ष 2003 की मतदाता सूची की वर्तमान मतदाता सूची से पैरेंटल एवं पारिवारिक मैपिंग की प्रगति की बूथवार समीक्षा की। जिन बीएलओ का प्रदर्शन कमजोर पाया गया, उनसे फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गयी और उनके निराकरण के उपाय बताये गये। बैठक के दौरान ऑनलाइन नाम खोजने की प्रक्रिया भी समझाई गयी और बीएलओ को वहीं पर अभ्यास कर स्वयं सक्षम बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। जिन व्यक्तियों का मैपिंग कार्य सभी प्रयासों के बाद भी संभव नहीं हो पाता, उनकी अलग सूची तैयार करने को कहा गया, ताकि उचित सुनवाई कर उनका नाम जोड़ा जा सके। अपर समाहर्ता ने बीएलओ को मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित, शादीशुदा तथा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जल्द से जल्द तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध बनाया जा सके।

इसी क्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा भाजपा, झामुमो, कांग्रेस एवं राजद के प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। उन्हें एसआईआर की प्रारंभिक गतिविधियों से अवगत कराया गया और बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर उनकी सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा, निर्वाचन प्रभारी नीति रतन मुंडू, भाजपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, पुरेन्द्र मांझी, विनोद भगत, राजू साहू, कांग्रेस के कैसर खान, संजय यादव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रुबेन टोपनो, नीलांबर गोप सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## झामुमो प्रखंड कमेटी ने नकुल बेसरा की जयंती मनायी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के टिकर पारगाना चौक स्थित नकुल बेसरा के जयंती के अवसर पर बुधवार को उनके मुर्ति पर झामुमो ईचागढ़ प्रखण्ड कमिटी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अमित कुमार सिन्हा, मुखिया किशुन किस्कु, पंचायत अध्यक्ष मधु गोप, मधु घोष, रहिन महतो, कालाचंद धीवर, दीपक राय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# ट्रेन से खोया चार साल का बच्चा भुवनेश्वर से बरामद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोरार बस्ती निवासी फूलचंद मुंडा का चार साल का बेटा रियांश मुंडा विगत पांच जून से लापता हो गया था। जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ था। परिजनों ने रांची के हटिया थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार फूलचंद अपने बेटे रियांशु के साथ अपने पैतृक गांव लापुंग गया हुआ था। इसी दौरान रांची आने के बजाए फूलचंद भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेन में गलती से बैठ गया। वहीं, फूलचंद की ट्रेन में आंख लग गई और वह गहरी निंद में सो गया। बच्चे को ट्रेन में रोते-बिलखते देख एक महिला ने उसे गोद में उठा लिया और परिजनों को खोजा, लेकिन ट्रेन में कोई नहीं मिल पाने पर महिला उसे भुवनेश्वर स्थित एडिशनल चाइल्ड वेलफेयर कम्युनिटी में आपबीती बताते हुए छोड़ दिया। उधर, सूचना मिलते ही हटिया पुलिस सक्रिय हो गई और एक टीम का गठन कर तुरंत बच्चे की तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस की टीम ने पांच दिसंबर को बच्चे को भुवनेशवर से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसके परिवार को सौंप दिया गया। इधर, बच्चे को वापस पाकर परिवार में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस ने मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## 23 दिसंबर को लगेगा लापुंग का फतेहपुर पुश जतरा

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर में 13 दिसंबर को लगने वाला पुश जतरा अब 23 दिसंबर को लगेगा। इस जतरा को आदिवासी और सदानों के सहयोग से सभी जाति के लोग मिलकर आपसी तालमेल से यह मेला लगता है। यह पुश जतरा वर्षों से लगता आ रहा है। इस जतरा में दिन में नागपुरी आर्केस्ट्रा और मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया जाएगा है। इसमें नागपुरी के जाने माने कलाकार भाग लेंगे और लोगों को सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक मनोरंजन करेंगे। मेला का समय बढ़ाने का कारण धनेश्वर महतो के दो छोटे पुत्र प्रदीप महतो एवं विनोद महतो के अलावा गोबिंदपुर के एतवा मुंडा के पुत्र मोहित मुंडा की गोवा में विगत दिसंबर को हुए अग्नि कांड में मौत होना है। उनकी असमय दर्दनाक मौत के कारण शोक में उनके दशकर्म के बाद पुश जतरा को 23 दिसंबर को सबकी सहमति से लगाया जा रहा है। यह बुधवार को बाजार में बुधवा पहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। पुश जतरा कमेटी के अध्यक्ष पवन बारला, सचिव सूरज साहू ,मनोज साहू, मुर्तजा मियां, रामप्रसाद साहू , रामवृत महतो,राजेश साहू, विष्णु साहू, सजाद मियां, इस्लाम मियां के अलावे दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## डीएवी नीरजा सहाय में मानवाधिकार दिवस का आयोजन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं की समीक्षा राजबाला ने मंच संचालन किया। नौवीं की ही मेहविश ने अपने भाषण में आज के इस कार्यक्रम की उपादेयता और महत्त्व को रेखांकित किया। वहीं, आठवीं की अल्फिया शोएब ने कविता के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया। सातवीं की एलिना अली खान ने मानवाधिकार की शपथ दिलाई। विद्यालय की वरीय शिक्षिका सुष्मिता मुखर्जी के मार्गदर्शन में सातवीं के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को दर्शाया। शिक्षक हिमांशु रंजन ने क्विज का संचालन किया। वहीं, प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि आज का दिन हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग करता है, बल्कि हमें दूसरों के अधिकारों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए।

## नगड़ी : चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शुक्रवार को नगड़ी अंचलधिकारी राजेश कुमार द्वारा नगड़ी प्रखंड के विभिन्न सार्वजनिक चौक-चौराहों नगड़ी, नगड़ी मस्जिद मार्केट देवरी और नगड़ी प्रखंड चौक पर लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की गयी है। इधर नगड़ी सीओ राजेश कुमार ने बताया कि कड़ाके के ठंड को देखते हुए अभी नगड़ी के चार स्थानों के चौक चौराहों में लगातार अलाव की व्यवस्था करायी जायेगी। मौके पर गौरव राज, जयराब ताहा, परमानंद केसरी मनीष केसरी, छोटन कुमार, राजू अंसारी हर्ष केसरी हसीब अंसारी मोहम्मद अनीश जमील अंसारी इम्तियाज अंसारी उपस्थित थे।

# घर पर लिप्ट्स का पेड़ गिरने से बच्चे की मौत, मां-बाप गंभीर

## हादसे में कई लोगों के मकान और कार भी क्षतिग्रस्त, अधिकारियों ने लिया जायजा





पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुए मकान को दिखाती महिला। हादसे में घायल पीड़िता और पेड़ के नीचे दबी क्षतिग्रस्त कार।

### कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना से सटे वन विभाग कार्यालय परिसर के बगल में एक विशालकाय लिप्ट्स का पेड़ गिरने से उसके नीचे दबकर तीन साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। उसकी पहचान अनु कच्छप के रूप में हुई है। जबकि, इसी हादसे में उसके पिता विमल कच्छप और मां रोशनी गोप गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी ओर, मारिया देवी और गोयंदा कच्छप का पूरा घर और अनिल उरांव की कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना बुधवार की शाम 4.30 बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की ओर से लिप्टस पेड़ को काटा जा रहा था। तभी परिसर से सटे घरों पर अचानक पेड़ गिर गया। इस बाबत पीड़िता मारिया देवी ने बताया कि पेड़ गिरने से उसके मकान की दीवारें और छप्पर पूरी तरह से ध्वस्त हो गईं। यही नहीं, घर में रखा फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, अनाज और अन्य घरेलू सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो गए। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में उन्हें रहने में बहुत परेशानी होगी। उधर, घटना के बाद अगल-बगल के लोगों ने घटना स्थल से पेड़ को हटाकर मासूम बच्ची एवं दंपत्ति को बाहर निकालकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ सुमन एक्का ने जांच के बाद मासूम अनु कच्छप को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल दंपति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया सुशांति भगत, सुशील भगत, पूर्व प्रमुख महतो भगत, अनिल उरांव, बेड़ो पुलिस के साथ बेड़ो सीएचसी पहुंचे और घायलों का हाल एवं घटना की जानकारी ली। सात ही गंभीर रूप से घायल दंपति को रिम्स अस्पताल भिजवाया। हालांकि आरोप है कि, घायलों को सीएचसी से रिम्स अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस सहित किसी वाहन की मदद नहीं मिली। दूसरी ओर, घटना की जानकारी मिलने पर सीओ राज कुंवर सिंह ने वन विभाग जाकर स्थिति का मुआयना किया। जबकि, थाना प्रभारी सुजित कुमार उरांव ने पुष्टि करते हुए कहा कि एक बच्ची की मौत हुई है। वहीं, उसके माता-पिता घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहां से आने के बाद उनकी ओर से मिलने वाले आवेदन के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ राहुल उरांव से संपर्क किए जाने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं, सीओ राज कुंवर सिंह ने कहा कि उनकी वन क्षेत्र पदाधिकारी गायत्री देवी से बात हुई है। कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि जिनके मकान की क्षति हुई है। उसकी कर्मचारी रिपोर्ट ली जाएगी। साथ ही उन्हें क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा एवं प्रावधान के तहत अंचल से दिए जाने वाले सहयोग भी दिये जायेंगें।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए मुखिया दीपक बड़ाइक हुए सम्मानित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन एमडीए-आइडीए 2025 अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए ओरमांझी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष एवं ओरमांझी के मुखिया दीपक बड़ाइक को बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के वेक्टर बॉर्न डिजीज कार्यक्रम पदाधिकारी ने उन्हें यह सम्मान क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए किए गए उनके सक्रिय और प्रभावी प्रयासों के लिए दिया। इस दौरान दीपक बढ़ाइक ने अपने पंचायत में सभी कर्मियों के साथ समन्वय बनाते हुए घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित कराया, जागरूकता अभियान चलाया और स्वास्थ्य विभाग को हर स्तर पर सहयोग दिया। उनके प्रयासों से ओरमांझी क्षेत्र में अभियान की प्रगति उल्लेखनीय रही। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की ऐसी जिम्मेदार और सक्रिय भूमिका राज्य को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को मजबूत करती है।

## मानवाधिकार दिवस पर लॉ कॉलेज की ओर से पाठ्य सामग्री और कंबल का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को छोटा नागपुर लॉ कॉलेज की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों एव विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से ओरमांझी प्रखंड के सदमा गांव में स्थित माध्यमिक विद्यालय में पढ़ रहें 300 से अधिक बच्चों के बीच खाद्य एवं पाठ्य सामग्री का विवरण किया। लगे हाथ, लगातार बढ़ते ठंड को देखते हुए गांव के दर्जनों बुजुर्ग एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि 10 दिसंबर मानवाधिकार के संरक्षण में मील के पत्थर के रुप में जाना जाता है। इसी तिथि पर मानवाधिकार के सार्वभौमिक घोषणा को पूरे विश्व ने स्वीकार किया था। मानवाधिकार का विधि के क्षेत्र से गहरा नाता है। इसी कड़ी में लॉ कॉलेज की ओर से यह पहल किया गया।

# सतत भूमि प्रबंधन एवं पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्का नगड़ी।** केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की वानिकी प्रशिक्षण क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत रांची के भारतीय वानकि अनुसंधान शिक्षा परिषद वन उत्पादकता संस्थान में सतत भूमि प्रबंधन एवं पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन विषय पर बुधवार से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ अमित पाण्डेय की अगुवाई में प्रशिक्षण का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून की महानिदेशक कंचन देवी, सीएमपीडीआई के पूर्व प्रबंध निदेशक विनय दयाल आदि ने किया। अपने संबोधन में डॉ अमित पाण्डेय ने संस्थान की ओर से चलाये जा रहे विभिन्न प्रकार के शोध कार्यो की चर्चा की और भू-जल के संरक्षण को जीव-जंतु के साथ ही वृक्षों के लिये भी आवश्यक बताया। वहीं, कंचन देवी ने अपने संबोधन में खनन को विकसित भारत के लिये आवश्यक बताते हुए खनन क्षेत्रों मे होने वाले भू-क्षरण को रोकने, जैव-विविधता के संरक्षण के लिये वानिकी पुनर्स्थापन पर बल दिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि सीएमपीडीआई के पूर्व प्रबंध निदेशक विनय दयाल ने कोयला खनन क्षेत्र में किए गए कार्यों के अपने अनुभवों को साझा किया और हरित वनों के विस्तार के लिये प्रोत्साहित किया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में गुरुवार और शुक्रवार को आम्रपाली एवं पिपरवार खनन क्षेत्रों में वृक्ष प्रजनन, रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस, सांख्यिकीय मॉडलिंग कृषि-वानिकी जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र, प्रयोगात्मक प्रदर्शन एवं सहभागिता आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को भारतीय वानकि अनुसंधान शिक्षा परिषद वन उत्पादकता संस्थान, रांची के सभी प्रयोगशालाओं, बैम्बूसीटम एवं मैंग्रोव प्रजातियों की नर्सरी संबंधित भ्रमण अथवा जानकारी दी जायेगी। इस प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय कोलफील्ड लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल, दामोदर वैली कार्पोरेशन-कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया मेघाताबुरु, मेकॉन, आईआइसीएम आदि के वरीय प्रबंधक/प्रतिनिधि प्रशिक्षण शिविर में भाग लिये।

## लापुंग में बीडीओ-सीओ का आवास बन कर तैयार



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ उषा मिंज और सीओ पंकज कुमार के के अलावे प्रखंड और अंचल कर्मी के आवास बनकर तैयार है। गृह प्रवेश और उद्घाटन की बांट जोह रहा है। रांची से प्रतिदिन पदाधिकारियों का लापुंग आना-जाना काफी परेशानी भरा रहता है। प्रखंड परिसर में आवास रहने से कार्यालय समय से पहुंचने एवं देर शाम तक कार्यालय में काम कर सकते है। बहुत दिन बाद लापुंग प्रखंड कार्यालय परिसर में कुल पदाधिकारियों का 14 आवास बाउंड्री के साथ बना है जिससे प्रखंड एवं अंचल पदाधिकारी को यह सौगात मिली है। बीडीओ को छोड़कर सभी अधिकारी बाहर से आते है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पूर्व में बने अंचलाधिकारी के बने आवास में रहते है। बीडीओ के नया आवास परिसर नव वर्ष 2026 में गृह प्रवेश की संभावना है। उनके आवासीय परिसर में फूल लहलहा रहे है साथ ही वीडियो पति इससे परिसर को और संवारने में लगे हुए है।

# दाखिल-खारिज नहीं करने की मांग को लेकर लोहरा समाज का धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** फर्जी पते पर अलग-अलग आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र बनवाकर जमीन दलालों द्वारा जमीन खरीद फरोख्त में व्यापक फर्जीवाड़ा किये जाने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। इसके संज्ञान में आने के बाद मंगलवार को रामकिष्टो लोहार, संतोष लोहार और मनबोध लोहार ने अनगड़ा के डूमरगढ़ी में 76 डीसमील और 35 डीसमील जमीन के दाखिल खारिज आवेदन पर आपत्ति करते हुए इसे रद्द करने की मांग को लेकर लोहरा समाज के सदस्यों के साथ धरना शुरू कर दिया। दस्तावेजों के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार उक्त खाता एवं प्लॉट की करीब एक एकड़ 10 डीसमील जमीन डूमरगढ़ी मौजा में रांची-मूरी पक्की सड़क के किनारे अवस्थित है। उक्त जमीन का रुकदेव लोहार और सुखदेव लोहार (पिता शीतल लोहार) से रांची के लोअर चुटीया निवासी विकास जायसवाल नामक एक व्यक्ति ने कथित रूप से पॉवर लेकर जमीन को विष्णु वर्मा और साधना देवी के पास दो डीड के माध्यम से गलत ढंग से बिक्री करने का आरोप लगाया। उन्होंने अनगड़ा सीओ से उक्त जमीन का दाखिल खारिज नहीं करने की मांग की है। आरोप है कि रुकदेव लोहरा और सुखदेव लोहरा वास्तविक रूप से मेढ़ा गांव के रहने वाले हैं, लेकिन जमीन की खरीद-बिक्री करने के लिए जमीन दलालों द्वारा गलत तरीके से अनगड़ा सीओ और रांडी डीसी कार्यालय से जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया। हैरत की बात यह है कि वंशावली में दोनों को महेशपूर गांव का निवासी बनाकर लोहार अन्य पिछड़ी जाति का जाति प्रमाण गलत ढंग से बनवा कर जमीन का निबंधन कराया गया है। जाति प्रमाण पत्र बनवाने में सिरका के मुखिया रोशन मुंडा के हस्ताक्षर को स्कैन कर डाला गया है। वहीं, मुखिया रोशन लाल मुंडा ने बताया कि वह उक्त नाम के किसी व्यक्ति के जाति प्रमाण पत्र फॉर्म पर उन्होंने अनुशंसा नहीं की है। ना ही रुकदेव और सुखदेव लोहार महेशपूर गांव के रहने वाले हैं। मुखिया ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है। इसे लेकर लोहरा समाज के सदस्यों ने अंचल कार्यालय में गलत पते पर गलत ढंग से जमीन बिक्री करने के लिए जमीन दलालो द्वारा जाति प्रमाण पत्र अंचल और डीसी कार्यालय से एक ही तारीख एक नवंबर 2025 को निर्गत करावाये गये हैं। आरोप है कि जमीन दलालों द्वारा सुखदेव लोहरा और रुकदेव लोहार के आधार कार्ड को भी फर्जी बनाया गया है। एक आधार कार्ड में सुखदेव और रुकदेव का नाम सुखदेव लोहरा और रुकदेव लोहरा पिता शीतल लोहरा है। उनका पता ग्राम मेढ़ा पोस्ट बोंगई बेड़ा है। जबकि दूसरे आधार कार्ड में दोनों का पता ग्राम मेढ़ा पोस्ट बोंगई बेड़ा के स्थान पर ग्राम पोस्ट महेशपूर लिखा हुआ है। मंगलवार को अनगड़ा सीओ की विधानसभा में प्रतिनियुक्ति होने के कारण प्रतिनिधि मंडल के सदस्य अंचल निरीक्षक से मिले। अंचल निरीक्षक सुखदेव कच्छप ने आश्वासन दिया कि दाखिल खारिज की कार्रवाई को निरस्त करने के लिए एलआरडीसी को प्रतिवेदित किया जा रहा है।

# हुंडरू फॉल में नववर्ष पर आनेवाले पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुलिस ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** झारखंड के प्रसिद्ध हुण्डरु जलप्रपात में नववर्ष में आने वाले पर्यटकों की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर बुधवार को पर्यटन कर्मी, स्थानीय दुकानदारों और ग्रामिणों के साथ संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सिकिदिरी थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा और संचालन बालेश्वर बेदिया ने किया। नववर्ष में पर्यटकों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय पर्यटन कर्मी मिलकर कार्य करेंगे। साथ ही फॉल घुमने आने वाले पर्यटकों का स्वागत अतिथि देव भवः की तर्ज पर किया जाएगा। पर्यटकों के साथ मधुर व्यवहार और सहयोग किया जाएगा। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि पर्यटन स्थल में नशापान करना, शराब बिक्री, प्लास्टिक एवं थर्मोकोल प्लेट का उपयोग, डीजे साउंड बजाने आदि पूरी तरह पाबंदी रहेगी। सिकिदीरी थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यटकों को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा एवं पर्यटकों की सुरक्षा-शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वाले एवं तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने वाले पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। इधर, जोन्हा फॉल एवं सीता फॉल में भी पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर पर्यटक मित्र एवं दुकानदारों की बैठक हुई। जिसमें एसआई वरुण कुमार, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया,वार्ड सदस्य रामू बेदिया, सोहन बेक, राजेन्द्र महतो, बुधराम बेदिया, पवन भोगता, मदन बेदिया, हरिचरण बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, मंगलदास हजाम, अमित बेदिया, मेघनाद बेदिया, मनोज बेदिया, सुरज कुमार बेदिया, प्रेम कुमार बेदिया, प्रदीप महतो, सुरेन्द्र महतो, गीता देवी,माला देवी, गुदन कुमारी, महेश्वर बेदिया, चंद्र उदय बेदिया, महेंद्र बेदिया वंशीराम भोगता, जीतवाहन भोगता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सेवा भारती विद्यालय में बांटा गया स्वेटर



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सेवा भारती की ओर से संचालित प्रखंड के जोन्हा गुड़ीडीह ग्राम स्थित सेवा धाम के सेवा भारती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को ठंड से राहत के लिए 260 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। समाजसेवी और रांची के चिन्मय मिशन के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संस्कारित शिक्षा का अलख जगाने का प्रेरक कार्य कर रही है। कमल पोद्दार, सगुण अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, मधु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# 384 एकड़ जमीन पर दावेदारी को लेकर सेना और गुरु टोली के रैयत आमने-सामने

## जमीन के विवाद को लेकर रैयतों-सेना की बैठक रही बेनतीजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत गुरु टोली स्थित 384 एकड़ जमीन पर दावेदारी को लेकर एक बार फिर सेना और गुरु टोली के ग्रामीण रैयत आमने-सामने आ गए है। इसे लेकर बुधवार को सेना के अधिकारियों एवं ग्रामीणों की बैठक हुई, पर कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल पाया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की 384 एकड़ खतियानी जमीन पर सेना का अवैध कब्जा है। जिससे परेशान होकर रैयतों ने न्यायालय का सहारा लिया। 13 जनवरी 2008 को सेना के विरुद्ध सिविल कोर्ट में मामला दर्ज किया गया था। 17 साल बाद 28 फरवरी 2025 को न्यायालय ने रैयतों के पक्ष में फैसला सुनाया था, पर सेना के लोग न्यायालय के आदेश को मानने से इंकार कर रहे है। सामाधान को लेकर ग्रामीणों ने सेना के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें न्यायालय के फैसले को मानने को इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सेना की ओर से ग्रामीणों को डराया धमकाया जा रहा है। यह कानून के खिलाफ है। इधर, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उन्हें जमीन पर मालिकाना नहीं मिला, तो आंदोलन को बाध्य होंगें।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# महिला ने थाने में दर्ज करायी पति के लापता होने की रिपोर्ट

**दूसरी विवाहित महिला के साथ अवैध संबंध होने का लगाया आरोप**



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे शास्त्री नगर निवासी सती देवी नामक महिला ने अपने पति राजू सिंह के लापता होने का रिपोर्ट गुमला थाना में दर्ज कराया है। बुधवार को थाना पहुंची महिला ने बताया उसका पति विगत गुरुवार से ही लापता है। उसने अपने स्तर से उसकी खोजबीन करने की काफी कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति का किसी दूसरी महिला के साथ संबंध है। पूर्व में भी महिला थाना में मामले को लेकर समझौता हुआ था। उसके अचानक चले जाने से बच्चों की परवरिश में काफी परेशानी हो रही है। महिला ने आशंका जताई है कि उसका पति उस महिला को लेकर काम करने दूसरे प्रदेश में जाने वाला है। पुलिस जल्द कार्रवाई नहीं करेगी, तो वह गुमला छोड़कर भाग जाएगा। महिला ने बताया कि दूसरी महिला विवाहित है और उसका पति भी उसे ढूंढ रहा है।

# कृषि मित्रों की बैठक में धान की खरीद की तैयारियों सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा



**घाघरा (आआजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में कृषक मित्रों की बैठक हुई। जिसमें धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बीटीएम नीरज कुमार ने बताया कि धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, जिसके लिए कृषक मित्रों के बीच फार्म का वितरण किया गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक किसानों को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करें, ताकि सभी योग्य किसानों को लाभ मिल सके। बैठक में फसल बीमा योजना के तहत किसानों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। कृषक मित्रों को फसल बीमा से मिलने वाले फायदे, बीमा कराने की प्रक्रिया और समयसीमा की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फसल बीमा का फॉर्म भी वितरित किया गया, ताकि गांव-गांव में किसानों को आसानी से इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े लाभ और आवेदन प्रक्रिया पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक किसान केसीसी बनवाकर कृषि कार्यों के लिए सस्ते ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि 15 दिसंबर से क्षेत्र के विभिन्न लैंप्स में धान की खरीदारी शुरू की जाएगी, जिसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कृषक मित्रों से अपील की गई कि वे किसानों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं और योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। इस मौके पर फसल बीमा प्रखंड समन्वयक आशीष कुमार सोनी, अमित कुमार सिंह, बैजनाथ उरांव, जूसिंदर गोप, नंदकिशोर मुंडा, फ्रांसिस जेवियर लकड़ा, नसीम अंसारी, कुंती देवी, प्रमिला उराईन, मंगलमुनि उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर जारी रखने का निर्णय, 16 को ऑपरेशन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब की बैठक बुधवार को अध्यक्ष लायंस मुरली मनोहर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई, जिसमें निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर जारी रखने का निर्णय लिया गया। आगामी 16 दिसंबर को आंखों की जांच और ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय पटेल चौक पर डायबिटीज और बीपी शुगर की निःशुल्क जांच भी की जाएगी। जिन लोगों को आंखों की जांच या ऑपरेशन कराना है, वे आगामी मंगलवार को अपने आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इसके अलावा, लायंस क्लब परिवार की ओर से चार जनवरी 2026 को वन भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाओं के लिए आकर्षक खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। इस मौके पर सचिव योगेंद्र प्रसाद साहू, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, जून चेयरपर्सन शंकर लाल जाजोदिया की निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार अग्रवाल, लायंस अरुण कुमार केसरी, सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता, संजय अग्रवाल और अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल में शिविर लगाकर 102 स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गयी, दी गयी दवाइयां



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में पिरामल स्वास्थ्य एवं रेफरल अस्पताल की ओर से संयुक्त रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेफरल अस्पताल से डॉ अलका रानी, डॉ अनुजा कुमारी, प्रवीण टोप्पो, ओए आदित्य कुमार रवि, एलटी रीना तिर्की, सीएचओ, सोलंगबिरा, जगरानी मिंज, सीएचओ, मोरेंग, रेशमा कुमारी, एएनएम सोलंगबिरा, विनीता लकड़ा, निर्मला कुल्लू, एएनएम लौंगा और सहिया सुकरो लकड़ा आदि शामिल थे। वहीं, पिरामल स्वास्थ्य से शेख नौशाद अख्तर, वरीय कार्यक्रम प्रबंधक, संजीत एक्का, जिला कार्यक्रम लीडर, रजनी किस्कू आदि उपस्थित रहे। जबकि, प्रदान स्वयंसेवी संस्था से वसीम और प्रतिमा मौजूद थे। चिकित्सा शिविर में कुल 102 छात्रों का हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, सिकल सेल, रक्त चाप और आंखों की जांच की गई। इसके बाद आवश्यकतानुसार दवाइयों का भी वितरण किया गया।

## दुर्घटना : भरनो के एनएच 43 पर दिखा तेज रफ्तार का कहर

# हाइवा की चपेट में आया बाइक सवार दंपति, महिला की मौत

**पति-बच्चा भी घायल, सड़क जाम कर परिजनों-ग्रामीणों ने किया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता



अस्पताल में घायल का इलाज करते चिकित्सक।

**भरनो।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 43 स्थित पुराना थाना के पास बुधवार को तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया। हाइव का पहिया बाइक सवार पति-पत्नी के ऊपर से गुजर रहा, जिससे उसपर सवार महिला की मौके पर ही मौत हो यी। मृतका की पहचान सुंदरी बीबी (30) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सूपा गांव निवासी मुजलिम मिरदाहा (35) अपनी पत्नी सुंदरी बीबी और आठ साल के बेटे को बाईक पर बैठाकर भरनो जा रहा था। तभी बालू खाली कर तेज गति से एक हाईवा सिसई की ओर लौट रहा था, जिसने रास्ते में उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हाइवा के टक्कर से बाइस पर बैठा बच्चा यासीन मीरदाहा छिटक कर दूर जा गिरा। जबकि मुजमिल और सुंदरी हाइवा के चक्का के नीचे आ गए। महिला का सिर हाइवा के चक्के के नीचे आ जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उधर, दुर्घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सुंदरी बीबी की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

## अव्यवस्था को देख परिजनों का हंगामा

गंभीर रूप से घायल महिला सुंदरी बीबी को भरनो अस्पताल लाया गया था। जहां की अव्यवस्था देख परिजनों ने हंगामा कर दिया। उन्हें बताया गया कि अस्पताल से एंबुलेंस नहीं है। इसके बाद परिजन आनन-फानन में निजी वाहन और निजी ऑक्सीजन की व्यवस्था कर उसे रांची ले जा रहे थे। पर रास्ते में ही सुंदरी बीनी ने दम तोड़ दिया। इससे आक्रोशित लोग अस्पताल चौक में सड़क जाम कर बैठ गये और अव्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। लगे हाथ अवैध बालू परिवहन और हाइवा के तेज रफ्तार का भी विरोध किया। इसकी सूचना पाकर भरनो और सिसई थानेदार दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। बतातें चलें कि आरकेडी कंपनी की ओर से सर्विस रोड बनाने के क्रम में बुधवार की सुबह से ही दोनों सर्विस सड़क पर मिट्टी डालकर उसे बंद कर दिया था। दोनों तरफ से वाहन गलत दिशा से आना जाना कर रहे थे, जो दुर्घटना का मुख्य कारण है। हालांकि हादसे के बाद पुलिस ने तुरंत सर्विस रोड से मिट्टी हटवाकर आवागमन सुचारू कराया।

# विहिप की 13 को बाइक रैली और 14 को शौर्य यात्रा को लेकर सदर थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** विहिप और बजरंग दल की ओर से प्रस्तावित 13 दिसंबर की बाइक रैली और 14 दिसंबर की शौर्य यात्रा को लेकर बुधवार को सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने की। इस दौरान बीडीओ, सीओ हरीश कुमार और थाना प्रभारी महेंद्र करमाली मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सभी समुदायों और संगठनों के सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का भरोसा दिया। कार्यक्रम संचालन करते हुए रमेश चीनी ने 13 दिसंबर को बाइक रैली और 14 दिसंबर को निकलने वाली शौर्य यात्रा का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने बजरंग दल और विहिप की ओर से आश्वासन दिया कि दोनों कार्यक्रमों के दौरान किसी भी समुदाय की भावना को आहत करने वाला आचरण या नारा नहीं लगाया जाएगा। वहीं, अंजुमन के सदर मो मुशाहिद आजमी ने बाइक रैली एवं शौर्य यात्रा में अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन और लाइसेंस से संबंधित सवाल उठाए। इस पर थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी भावनात्मक संवेदनशील नारे या गतिविधि पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने सभी को इंसानियत और अनुशासन का संदेश देते हुए पर्याप्त वॉलेंटियर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि थाना रोड में जुलूस कहीं भी अनावश्यक रूप से नहीं रुकेगा। जुलूस के आगे बाइक और सिविल पदाधिकारी चलेंगे, ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। वहीं, बीडीओ ने कहा कि गुमला में सामाजिक सौहार्द हमेशा से सराहनीय रहा है। इसका श्रेय गुमलावासियों को जाता है। जबकि, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने सभी उपस्थित सदस्यों से सूझबूझ और संयम रखने की अपील की। कहा कि भीड़ कभी-कभी अनियंत्रित हो सकती है, इसलिए पूरी तैयारी और सावधानी जरूरी है। बैठक में शिवम जायसवाल, संतोष यादव, अमित कुमार, सरवर आलम, कृष्ण कुमार मिश्रा, शमीम खान, मो इम्तियाज, दिनेश कुमार अग्रवाल, हिमांशु आनंद केशरी, बद्री कुमार गुलशन, बिनोद मिंज, मो० लड्डन, अमर प्रदीप कुजूर, विकास सिंह, मनीष कुमार, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## गुमला बंद का निर्णय वापस

**गुमला (आजाद सिपाही)।** परमवीर अल्बर्ट एक्का की आदमकद प्रतिमा को तोड़े जाने के विरोध में ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट की ओर से 11 दिसंबर को घोषित गुमला बंद का निर्णय बुधवार को वापस ले लिया गया। यह निर्णय जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और संगठन के पदाधिकारियों के बीच हुई सफल वार्ता की बाद ली गयी। बतातें चलें कि गुमला बंद को वापस लेने को लेकर बुधवार को गुमला जिला प्रशासन और ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। जिसमें संगठन की ओर से प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप, आशीष पूर्ति, अरविंद कच्छप, राबर्ट टोप्पो, होशियाना तिर्की, इरनियुस मिंज, महावीर मिंज और त्योफिल बिलुंग उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी ओर, जिला प्रशासन की ओर से डीसी, आरक्षी अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जिला प्रशासन ने स्वीकार किया कि प्रतिमा तोड़े जाने की घटना गंभीर त्रुटि थी। प्रशासन ने इसके लिए खेद प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

# पगडंडियों से सात किमी पैदल चलकर विशुनपुर के सुदूरवर्ती हेलता के बालातु गांव पहुंची डीसी

## जमीन पर बैठकर सुनी आदिम, जनजाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों की समस्या

- काम में लापरवाही बरतने पर कई अधिकारियों को लगायी फटकार
- समस्याओं के कम से कम समय में निदान करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता






**विशुनपुर।** गुमला जिले की डीसी प्रेरणा दीक्षित बुधवार को विशुनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती हेलता पंचायत स्थित बालातु पाठ पहुंचीं। दुर्गम इलाकों और पगडंडियों से होकर उन्हें करीब सात किलोमीटर पैदल चलकर गांव तक पहुंचना पड़ा। गांव में आदिम जनजाति एवं जनजाति समुदाय के लगभग 400 लोग रहवे हैं, जहां आजादी के 75 वर्ष बाद पहली बार जिला प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी पहुंचा है। ग्रामीणों ने भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान डीसी ने बालातु पाठ में ग्रामीणों से करीब से जमीन पर बैठकर सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने एक सुर में अपनी प्राथमिक मांग सड़क निर्माण को बताया। इसके साथ ही बिजली, पेयजल, शिक्षा, आधार अपडेट एवं नया और बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी डीसी के समक्ष रखीं। ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने मौके पर ही कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मार्च 2026 तक गांव में बिजली का काम पूर्ण करने का आदेश दिया। इसी दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कई लोगों के बैंक खाते बंद पड़े हैं। बार-बार बैंक ऑफ इंडिया की विशुनपुर शाखा से उन्हें लौटा दिया जाता है। बताया कि हम लोग पांच से सात बार केवाईसी के लिए आवेदन दिये, लेकिन खुलता नहीं है। इस पर डीसी ने शाखा प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी लंबित खातों को जल्द से जल्द सक्रिय कर ग्रामीणों को सूचना देने का निर्देश दिया। साथ ही आधार अपडेट और नया कार्ड नहीं बन पाने के कारण राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं बच्चों का विद्यालय में नामांकन नहीं होने संबंधि शिकायतें सुनने के बाद यूआईडी डीपीओ सैफुल्लाह को भी जमकर फटकार लगाई। लगे हाथ निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण बहाल करने का भी निर्देश दिया। अधिकारियों से कहा कि इस गांव में सप्ताह में एक बार टीम जरूर आए। उधर, गांव की दिव्यांग महिला सुनीता असुर को अब तक पेंशन नहीं मिलने की शिकायत पर डीसी ने विशेष रूप से संज्ञान लेते हुए अगले 24 घंटे में पेंशन योजना चालू करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला स्तर के सभी बड़े पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर गुमलाके सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य पवन उराव, प्रमुख राजलक्ष्मी उराव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, हेलता के मुखिया सुशील मुंडा, सीओ शेखर वर्मा, उप प्रमुख चंदन सिंह आदि मौजूद थे।

# कारोबारी ने अपने घर में ही फंदा लगाकर की आत्महत्या



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मलगो गांव में एक व्यक्ति ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान रामजनम साहू के रूप में हुई है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच गयी और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामजनम साहू मंगलवार को घर पर अकेला थे। शाम तक वह अपने मिल दुकान में थे। इसके बाद घर के अंदर दरवाजा बंद कर सोने चले गए। बुधवार की सुबह जब वह काफी देर तक नहीं उठे ना ही देर तक दरवाजा खोला, तो अगल-बगल के लोगों ने खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। संदेह होने पर ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर दिया। घर के अंदर देखा, तो छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे रामजनम साहू फांसी पर लटके हुए है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# विक्षिप्त युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना अंतर्गत चिरोडाड़ निवासी सम्मेलन किस्पोट्टा (29) ने मंगलवार की शाम अपने पुराने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, मृतक के भाई अनिल किस्पोट्टा ने बताया कि मृतक सम्मेलन मानसिक रूप से विक्षिप्त था। मंगलवार शाम वह नए घर से पुराने घर चला गया, जहां कोई नहीं रहता है। काफी देर तक वापस नये घर नहीं लौटने पर परिजन उसे खोजते हुए पुराने घर पहुंचे। तो वह वहां रस्सी के सहारे फांसी पर लटका मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। खबर पाते ही सुरसांग थाना प्रभारी दलबल के साथ गांव पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# लक्ष्मी फ्यूल सेंटर में ट्रैक्टर-जेनरेटर से बैट्री चोरी, वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के सिलाफारी स्थित लक्ष्मी फ्यूल सेंटर से मंगलवार की रात चोरों ने बैट्री चोरी कर ली। घटना को लेकर फ्यूल सेंटर के मैनेजर त्रिवेणी साहू ने बुधवार को गुमला थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया कि मंगलवार की रात करीब 12 बजे पेट्रोल पंप परिसर में कार से प्रवेश कर चोरों ने जनरेटर में लगी बैट्री और परिसर में खड़े ट्रैक्टर की बैट्री चोरी कर ली। हालांकि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। चोर बड़े ही आराम से बैटरी खोल कर कार की डिक्की में डालकर चलते बने। मैनेजर ने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कार्रवाई करने और चोरी गई सामग्रियों की बरामदगी की मांग की है।

# ठंड लगने से महिला की बिगड़ी तबीयत, चैनपुर सीएचसी में डॉक्टर अनुपस्थित, गुमला रेफर



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेंदोरा गांव में मंगलवार की रात आठ बजे ठंड लगने से एक महिला की हालत बिगड़ गयी। गंभीर स्थिति में उसे तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, लेकिन डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए आनन-फानन में गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला की पहचान सुगंधि देवी (45) के रूप में हुई है। वह बेंदोरा की रहने वाली है। उसके पति रामचंद्र महतो ने बताया कि पत्नी सुगंधि देवी घर पर थीं। उनकी तबीयत खराब थी। दोपहर में वे उनके साथ धान मिसाई का काम कर रही थीं। अचानक घर चली गईं और ठंड से कांपते हुए बेहोश हो गईं। परिजनों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया और उन्हें चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पर सीएचसी पहुंचने पर पता चला कि यहां डॉक्टर ही नहीं है। इसके बाद वहां बिना प्राथमिक इलाज के ही महिला को गुमला सदर अस्पताल रेफर करना पड़ा। उधर, इस घटना पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद खलखो ने नाराजगी जाहिर की है। कहा कि चैनपुर में अनुमंडल स्तरीय अस्पताल का निर्माण हो रहा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अब तक यहां डॉक्टर की सेवा 24 घंटे उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डीटीओ की कार्रवाई : एजी चर्च स्कूल की बसों पर लगा 60 हजार का जुर्माना, प्रिंसिपल की लगी 'क्लास'



**एक्सपायर्ड सुरक्षा उपकरण :** बसों में लगे अग्निशामक यंत्र एक्सपायर्ड पाए गए, जो आपातकालीन स्थिति में बच्चों की जान को खतरे में डाल सकते थे।

**अनिवार्य उपकरणों की कमी :** कई बसों में सीसीटीवी और जीपीएस जैसे अनिवार्य सुरक्षा उपकरण नदारद थे।

**अमान्य/अवैध कागजात :** बसों के पास वैध परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, रोड टैक्स और इंश्योरेंस जैसे दस्तावेज अमान्य पाए गए।

**अतिरिक्त लाइटें :** बसों में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए अतिरिक्त लाइटें भी लगी मिलीं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गुमला प्रशासन का सघन जांच अभियान बुधवार को भी जारी रहा। इस दिन जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के नेतृत्व पर एजी चर्च स्कूल और सोलिटेयर एकेडमी स्कूल के पास विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों की गंभीर अनदेखी पाए जाने पर एजी चर्च स्कूल की बसों पर तुरंत 60 हजार रुपए का भारी जुर्माना भी लगाया गया। वहीं, नियमों की अनदेखी पर प्रिंसिपल को कड़ी फटकार भी लगायी। जिला परिवहन विभाग ने स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि बच्चों को लेकर चलने वाली सभी गाड़ियां लाइसेंस, बीमा, परमिट, फिटनेस जैसे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही चलें, अन्यथा स्कूल प्रबंधन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीटीओ ने चेतावनी दी है कि गुमला जिले में सुरक्षित और अनुशासित सड़क परिवहन व्यवस्था स्थापित होने तक यह कठोर अभियान जारी रहेगा। जिला परिवहन विभाग ने स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि बच्चों को लेकर चलने वाली सभी गाड़ियां लाइसेंस, बीमा, परमिट, फिटनेस जैसे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही चलें, अन्यथा स्कूल प्रबंधन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# औचक छापामारी में शैलेंद्र बस जब्त, वाहनों पर लगा 2.20 लाख रुपये का भारी जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्कूली वाहनों की सघन जांच पूरी करने के बाद, जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के नेतृत्व में जांच टीम ने मालवाहक और यात्री परिवहन की ओर रुख किया। बुधवार को इस औचक कार्रवाई में ओवरलोडिंग, बिना वैध परमिट के परिचालन और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों से कुल दो लाख 20 हजार रुपए का भारी जुर्माना भी वसूला गया। डीटीओ के सड़क पर उतरते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जांच का मुख्य फोकस बॉक्साइट जैसे खनिज लदे वाहनों पर था, लेकिन कार्रवाई के दायरे में यात्री बसें भी आईं। इस दौरान 'शैलेन्द्र' नामक एक यात्री बस को बिना वैध परमिट के चलते पाए जाने पर तुरंत जब्त कर लिया गया। इसके अलावा बॉक्साइट लदे वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादकर सड़क को जोखिम में डाला जा रहा था। **सुरक्षा उल्लंघन:** कई चालकों के पास वैध लाइसेंस नहीं था, न ही उनके पास वाहन परिचालन के लिए ऑथोराइजेशन सर्टिफिकेट मौजूद था।

## जिला प्रशासन ने गरीब और बेसहारा लोगों के लिए की अलाव की व्यवस्था

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बढ़ते ठंड के कारण बोकारो जिला प्रशासन ने पूरे जिले में अलाव जलाने की व्यवस्था की है। ताकि जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने गरीब, बेसहारा एवं रात में काम करने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था की है। इस संदर्भ में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ठंड से परेशानी न हो, इसे सुनिश्चित करें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों के साथ-साथ प्रखंड मुख्यालय, पंचायत भवन, हाट-बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गयी है। लकड़ी और कोयला की आपूर्ति भी सुनिश्चित की गयी है, ताकि अलाव की व्यवस्था निर्बाध रूप से हो सके। उपायुक्त अजय नाथ झा ने संवेदनशीलता के साथ अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है ताकि ठंड से किसी भी आम जनता को परेशानी ना हो।

## तिब्बती समुदाय ने मनाया 'विश्व शांति दिवस' दलाई लामा के दीर्घायु के लिए की प्रार्थना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 10 दिसंबर को चिल्ड्रन पार्क न्यू स्टेशन कॉलोनी पुराना बाजार स्थित तिब्बती रिफ्यूजी वूलन मार्केट में तिब्बती समुदाय द्वारा विशेष रूप से 14 वें दलाई लामा के नोबेल पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। मार्केट के प्रधान ओलो ने बताया कि यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी तारीख को परमपावन दलाई लामा को विश्व शांति के लिए प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। तिब्बती महिला करुणा ने बताया कि इस वर्ष तिब्बती समुदाय ने इस दिवस को करुणा वर्ष के रूप में मनाते हुए शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और मानवता के भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान तिब्बती समुदाय ने परमपावन दलाई लामा की दीघार्यु, विश्व में शांति और सद्भाव कायम रहने की कामना के साथ विशेष पूजा-अर्चना की। विश्व मानव अधिकार दिवस पर करुणा और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल, उपहार एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी किया गया। तिब्बती समुदाय के सदस्यों ने बताया कि यह दिन न केवल सम्मान का प्रतीक है बल्कि वैश्विक शांति और भाईचारे का संदेश भी देता है।

## दुकानदार महासंघ 22 को करेगी विरोध प्रदर्शन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात प्रबंधन के संपदा न्यायालय के अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बुधवार को स्थानीय सिटी सेंटर सेक्टर चार में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 22 दिसंबर को बोकारो इस्पात नगर सेवा भवन के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय रजक ने की।बैठक में प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनायी गयी। इसके तहत बोकारो इस्पात नगर के सभी झुग्गी कॉलोनी निवासियों और फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक कर संगठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश ने कहा कि सेल प्रबंधन के संपदा न्यायालय द्वारा हवाई अड्डा और सिटी सेंटर सेक्टर चार सहित पूरे बोकारो में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत लगभग 250 दुकानों और झुग्गियों को तोड़ दिया गया है। इससे रोजगार विहीन हुए दुकानदार और गरीब झुग्गीवासी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिन मीट दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गयी हैं या जिन्होंने स्वयं ही व्यवसाय बंद कर दिया है, उन्हें पुनर्वासित करना जिला प्रशासन और सेल प्रबंधन की नैतिक जिम्मेवारी है। बैठक में महासंघ के सह सचिव आजाद कुमार, कोषाध्यक्ष शंभु पासवान, उपाध्यक्ष गोविंद जायसवाल, अशोक कुमार, बिनोद सत्यार्थी, छोटेलाल, रामजी प्रसाद, सुमन सिंह मिट्ठू, अंसित सिंह, राजू, सुधीर कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बीएसएल में नयी श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के यातायात विभाग में नई श्रम संहिताओं के संबंध में जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम काआयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री भरत प्रसाद ने श्रमिकोंके साथ संवाद स्थापित किया तथा नई श्रम संहिताओं से जुड़े प्रमुख प्रावधानों, कल्याणकारी लाभों और सामाजिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर मनोज कुमार ह्यांकी, राजेश कुमार, ओम प्रकाश, शैलेन्द्र कुमार, कपूर रंजन सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री प्रसाद ने बताया कि नयी श्रम संहिताएं सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित करती हैं तथा समय पर और पारदर्शी वेतन भुगतान की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाती हैं। इसके अतिरिक्त, वेतन सुरक्षा, निर्धारित कार्य घंटे, वार्षिक अवकाश, एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों को भी इन संहिताओं में मजबूत किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम श्रम सुधारों के उद्देश्यों को श्रमिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में सहायक हैं।

## सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण की बैठक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व मानवाधिकार दिवस पर सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के नेशनल इंचार्ज भागवत प्रसाद पाण्डेय वशीष्ठ के नेतृत्व में बिराजपुर के श्रीराम कृष्णा पब्लिक स्कूल में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नेशनल इंचार्ज वशिष्ठ नारायण ने मानव अधिकार के प्रति लोगों को सतर्क रहने के लिए आश्वस्त किया। बैठक को प्रदेश सचिव सुरेश तिवारी, जनार्दन पांडेय, प्रधानाध्यापक सरयू प्रसाद कर्मकार, सुरेश कुमार महतो, खुशबू जायसवाल, किरण कुमारी आदि ने संबोधित किया। श्रीराम कृष्णा पब्लिक स्कूल की छात्राएं कुमारी नित्या, कुमारी कृतिका एवं कुमारी अर्चना ने मानव अधिकार का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की। मौके पर मनोहर प्रसाद साव, प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोचन पाण्डेय, मो अनीश अंसारी, विकास प्रसाद साव, नन्दलाल साव, तुलसी कुमार दास,राजू साव, प्रदीप कुमार दास, रोहित साव, इंद्रजीत पांडेय, विरेन्द्र मंडल, रामचंद्र दास,जगनी देवी, अरुण राजवंशी, शुभाशीष पांडेय आदि उपस्थित हुए।

# मुखिया पर पीएम आवास योजना में घोटाले का आरोप, ग्रामीणों में रोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा/ मधुबन।** सीनिडीह पंचायत के हनुमान नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर चल रहे कथित करोड़ों के घोटाले के खिलाफ ग्रामीण अब खुलकर सड़क पर उतर आये हैं। बुधवार को दर्जनों ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया पर भूमिहीन लाभुकों के आवास में ठेकेदारी करने, फर्जी भुगतान और भारी अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाये।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ग्राम स्वराज अभियान के अध्यक्ष जगत महतो की पहल पर उपविकास आयुक्त धनबाद के आदेशानुसार जांच करायी गयी थी, लेकिन वह जांच भी कागजी खानापूर्ति साबित होकर रह गयी। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है-इस बार जांच में अगर लापरवाही हुई, तो आंदोलन और भी तेज होगा।

इधर पूर्व जिप सदस्य गौरचंद्र बाउरी ने मुखिया पर सीधे-सीधे गंभीर आरोप ठोकते हुए कहा कि मुखिया लाभुकों का पासबुक और पैसा अपने कब्जे में लेकर ह्लघर बनवानेह्व का लालच देता रहा, लेकिन आज तक किसी को आवास नसीब नहीं हुआ। पैसे निकालकर बैठ जाने के बावजूद लाभुकों को सिर्फ झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि मुखिया पति बिट्टू चौहान हर बार जल्द मिलेगा कहकर मामला टालते रहे। श्री बाउरी ने साफ कहा कि इस पूरे घोटाले में जांच अधिकारी की भी मिलीभगत है। उन्होंने मांग की कि निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को तुरंत सलाखों के पीछे भेजा जाये।

## बोकारो के पुलिस जवान की सड़क दुर्घटना में मौत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय सदस्य गोविंदपुर के रामपुर निवासी राकेश महतो का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार राकेश महतो बोकारो पुलिस लाइन से अपने गाड़ी का इंश्योरेंस करने के लिए धनबाद के धनसार पहुंचे थे, रामपुर घर जाकर मां से मुलाकात करने के बाद वह वापस ड्यूटी के लिए राजगंज के रास्ते बोकारो आ रहे थे इसी बीच जमुआटांड से काको मोड़ के बीच रात्रि 8:30 बजे हाइवा और उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी, इस दौरान घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों गाड़ी को जप्त कर लिया है वही शव का पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसी एच भेजा गया है।

# कतरास कॉलेज में अभ्यर्थी की जगह दूसरे युवक ने दी परीक्षा

**कॉलेज प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन रहा मौन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** कतरास कॉलेज में सेमेस्टर 6 के एग्जाम में बाहरी युवक द्वारा घुस कर परीक्षापत्र लिखने के प्रमाण मिलने के बावजूद कॉलेज प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कारवाई नही करने से नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कतरास इकाई द्वारा बुधवार को कतरास कॉलेज, कतरासगढ़ में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे कॉलेज में घटित परीक्षा घोटाले को सार्वजनिक किया गया। इस दरम्यान एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम हजारी ने बताया कि बिगत 8 अगस्त 2025 को सेमेस्टर 6 के माइनर हिंदी पेपर की परीक्षा में एनएसयूआइ सदस्य सह छात्र मोहम्मद फैजल इकबाल के स्थान पर एक बाहरी युवक सैफ अंसारी को परीक्षा देते हुए तथा अनुसासन हीन कार्य करते हुए पाया गया। जिसका प्रमाण सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फिर उन्होंने कहा कि आरोपी छात्र मोहम्मद फैजल इकबाल पूर्व में भी एक छात्रा से स्कॉलरशिप दिलाने के नाम पर 5000 की ठगी कर चुका है। वही इसका भाई जफर द्वारा हमेशा परीक्षा केंद्र पर गुंडागर्दी, और डराने-धमकाने का कार्य किया जाता है जिसका भी सीसीटीवी फुटेज मौजूद है जो परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है। इस पूरे मामले की लिखित शिकायत ई-मेल के माध्यम से राज्यपाल, उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन को भेजकर पहले ही अवगत कराया जा चुका है।

# गैस रिसाव से जान-माल का नुकसान ना हो, यह हमारी पहली प्राथमिकता : मनोज कुमार अग्रवाल

**बीसीसीएल 24 घंटे केंदुआडीह की स्थिति को सामान्य करने में जुटे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि गैस रिसाव के कारण जान माल को नुकसान न हो यह हमारी पहली प्राथमिकता है। केंदुआडीह गैस रिसाव मामले में चिकित्सा व्यवस्था, राहत संचालन, वैज्ञानिक नगरानी, और पुनर्वास गतिविधियां हमारी पहली प्राथमिकता है राजपूत बस्ती के आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में कार्बन मोनोऑक्साइड जैसा जहरीला गैस का रिसाव जारी है। यह स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है, इसके निराकरण हेतु आइआईटी आईएसएम, सिंफर, एनडीआरफ, एवं सीएमपीडीआई को लगाया गया है।एजेंसी के मुताबिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर चले जाना चाहिए यही एकमात्र स्थाई समाधान है, बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। सीएमडी ने बताया ने बताया कि बीसीसीएल और एनडीआरएफ की टीम मिलकर लगातार सर्वेक्षण कर रही है। फॉगिंग का वाटर एस्प्रे के माध्यम से गैस नियंत्रण करने का कार्य जारी है, कहा कि जब तक प्रभावित इलाके पूरी तरह से सुरक्षित ना हो, सभी परिवार सम्मानजनक जीवन के साथ अपने नए घरों न बस जाएं, तब तक अभियान जारी रहेगा, उन्होंने बताया कि बीसीसीएल पूर्ण सतर्कता और वैज्ञानिक निगरानी के साथ राहत कार्य चला रहा है। वहीं बीसीसीएल के द्वारा किए गए एसेसमेंट से पता चला है कि यह गैस छोड़ी हुई अंडरग्राउंड गैलरी से निकल रहा है वही माइंस रेस्को स्टेशन सर्वे के दौरान कई घरों के अंदर कार्बन मनोऑक्साइड का लेबल निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया। घटना के बाद से कुल 44 लोगों ने हल्का सिर दर्द , सीने में तकलीफ और सांस लेने में जलन जैसा लक्षण बताया। अब तक 37 मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी। जबकि सात मरीजों का अभी इलाज चल रहा है, 45 घरों के लोगों को बीसीसीएल द्वारा बनाए गये टेंपरेरी सेंटर में जाने की सलाह दी गयी है, साथ ही लोगों को भोजन दिया जा रहा है इमरजेंसी के लिए बीसीसीएल ने विभिन्न अस्पतालों में 399 बेड तैयार रखे है, उसके साथ डॉक्टर की पूरी व्यवस्था की गई है वहीं बीसीसीएल सीएमडी ने बताया की रिवाइज झरिया मास्टर प्लान के तहत लोगों को बेहतर सुविधा मुहैय करायी जा रही है, मंत्रालय की ओर से कार्यों का भी बंटवारा किया गया है। बीसीसीएल ने पुनर्वास कार्य में तेजी के लिए बैलगाड़ी मौजा 378.39 एकल भूमि जेआरडी को लिज पर सौंप दी है झरिया पुनर्वास योजना के तहत प्रभावित परिवारों को 800 वर्ग फुट के पक्का आवास दिया जा रहा है।

## गोविंदपुर एरिया 3 के महाप्रबंधक से पेयजल संकट को लेकर समाजसेवी मो शहाबुद्दीन ने की वार्ता



**कतरास (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर एरिया 3 महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को समाजसेवी मो शहाबुद्दीन ने छाताबाद वार्ड नंबर 2 के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक से वार्ता की। वार्ता में महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने हदहदिया तथा भंडारीडीह तालाब के निकट नया बोरिंग कर सम्बसेर्बुल पंप लगाने, जर्जर पाइपों की मरम्मती एवं शीघ्र जलापूर्ति करने का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक ने फिल्टर प्लांट लगाने की भी बात कही। श्री किशोर ने डीजीएमएस के निर्देश के अनुरूप ब्लास्टिंग करने का आश्वासन दिया। कार्य स्थल के आसपास जल छिड़काव किया जायेगा। वार्ता में मो शहाबुद्दीन, अधिवक्ता तैयब अली, मो जियाउल हक, मो निसार, मो अनवर अंसारी, बाबू मानी, मो परवेज,मो अफसर उर्फ छोटू, शौकत अली, मो भोला, राहत अली, मिस्टर आदिल, फिरोज सिद्दीकी, रवि, धनेश्वर, मंजूर अंसारी, जाहिद अंसारी, जुनैद, सोनू जसीम जबकि प्रबंधन के ओर से अपर महाप्रबंधक जयंत कुमार क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित कुमार महतो, मैनेजर अमित कुमार आदि शामिल थे। समाजसेवी मो शहाबुद्दीन ने बताया कि समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर जाने की चेतावनी के बाद महाप्रबंधक ने वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता संतोषजनक रहा।

# 14 को होगा हैप्पी स्ट्रीट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**सुबह 7 बजे से 10 बजे तक यातायात रहेगा बंद**

**बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि 14 दिसम्बर और उसके बाद के तीन रविवार गांधी चौक से बोकारो मॉल मोड़ तक के दोनों तरफ की लेन को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक यातायात के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जायेगा।**

**बोकारो।** विगत वर्ष की भांति, इस बार भी बोकारो स्टील प्लांट के तत्वावधान में ह्लहैप्पी स्ट्रीटह्व का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे किया जाएगा, जिसमें बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की सफल आयोजन हेतु बीएसएल द्वारा आवश्यक तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं। इस आशय की जानकारी बीएसएल की ओर से बुधवार को स्थानीय मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गयी। संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि ह्यएक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारोह्व के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो के विभिन्न विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बोकारो महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन तथा अन्य सामाजिक संस्थाएं भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, समस्त नगरवासी भी इस आयोजन में शामिल हो सकेंगे। हैप्पी स्ट्रीट का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करेंगे।

हैप्पी स्ट्रीट के अंतर्गत बोकारो वासी एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के संदेश को आत्मसात करते हुए विभिन्न मनोरंजक एवं स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का आनंद उठा सकेंगे।

## मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंडल कारा धनबाद में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के निर्देश पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेन्दु ,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, डालसा सहायक सौरभ सरकार, जेलर दिनेश वर्मा, आधिकार मित्र राजेश सिंह उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य बंदियों को उनके मौलिक अधिकारों, विधिक सहायता, नि:शुल्क कानूनी सेवाओं तथा सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की जानकारी देना था।

# पुलिस केंद्र में आधुनिक परिवहन शेड का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बुधवार को पुलिस केंद्र धनबाद में नव निर्मित परिवहन शेड का उद्घाटन किया। इस मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी, जवान और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। नये परिवहन शेड के निर्माण के बाद पुलिस केंद्र में मौजूद लगभग 50 से अधिक छोटी-बड़ी गाड़ियों को अब सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पार्क किया जा सकेगा। शेड के नीचे पुलिस लाइन की बस, वाटर केनन, बज्र वाहन, रक्षक वाहन, जीप और अन्य छोटे वाहनों का सुरक्षित पड़ाव बनेगा, जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में वाहनों का त्वरित उपयोग संभव होगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पुलिस बल दिन-रात कड़ी परिस्थितियों में काम करता है। ऐसे में उनकी बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं को पूरा करना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को हर आवश्यक संसाधन प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के पुराने और जर्जर थाना व ओपी भवनों का सर्वे कर लिया गया है। उनकी मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य सीएसआर फंड से शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परिवहन शेड केवल वाहन पार्किंग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह कई महत्वपूर्ण अवसरों पर अत्यंत उपयोगी साबित होगा। चुनावों के दौरान सुरक्षा बलों के अस्थायी आवासन, विधि-व्यवस्था नियंत्रण के लिए विशेष तैनाती, बल संचयन और विभिन्न प्रशासनिक कार्यक्रमों में भी इस शेड का उपयोग किया जा सकेगा। एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि शेड के पीछे आधुनिक शौचालय और स्नानघर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिससे पुलिस बल को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, एसएसपी प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा समेत पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, जवान व पुलिस मेन्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RAMGARH**
**RAMGARH, PIN – 829122**

**E-Tender Notice**

**E-tenders are invited from reputed tenderers having good experience in following similar type of Civil works and having sound certified financial status.**

| Sl. No | NIT No. | Name of work | Estimated cost (InRs.) | Earnest money to be Deposited (In Rs.) | Cost of BOQ(GST18% Included) Non-refundable(In Rs.) | Time of Completion (In Day) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 282/PR/ JBVNL /2025-26 | Temporary arrangement in TRW Ramgarh in place of fallen boundary wall due heavy rain at Ramgarh. | 2,03,300.00/- | 4100.00/- | 590.00/- | 30 days |
| 02 | 283/PR/ JBVNL /2025-26 | Roof treatment of control room building of 33/11 KV PSS Naisarai under ESC Ramgarh. | 2,74,400.00/- | 5500.00/- | 886.00/- | 60 days |
| 03 | 284/PR/ JBVNL /2025-26 | Roof treatment of MRT office building and other allied civil works under ESC Ramgarh. | 3,74,300.00/- | 7500.00/- | 886.00/- | 60 days |
| 04 | 285/PR/ JBVNL /2025-26 | R&M of Sl no. F02 staff quarter under ESC Ramgarh premises. | 3,53,800.00/- | 7100.00/- | 885.00/- | 90 days |
| 05 | 286/PR/ JBVNL /2025-26 | Construction of approach path from E/S/C Ramgarh to Electric Supply Section, Ramgarh. | 7,11,000.00/- | 14300.00/- | 1475.00/- | 60 days |
| 06 | 287/PR/ JBVNL /2025-26 | Temporary arrangement in 33/11 KV PSS Huppu in place of fallen boundary wall due heavy rain under ESSD Gola,Ramgarh. | 59,500.00/- | 1200.00/- | 590.00/- | 30 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 11/12/2025 From 02.00 PM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 02/01/2026 up to 03:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 03/01/2026 up to 03:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 05/01/2026 At 02:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | E.S.E, Electric Supply Circle, Ramgarh |

1. E-tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. **06034-222109**, for any clarification regarding NIT contact no. **065553-231987**
2. Demand Draft from any nationalized bank/Schedule bank in India towards cost of BOQ and Earnest Money will be prepared within the tender period in favour of **Accounts Officer, Electric Supply Circle, Ramgarhpayable at Ramgarh.**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**Electrical superintending Engineer**
**ESC, Ramgarh**

PR 368233 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

# दीपावली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

## ■ मोदी बोले- दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा | ■ कुंभ मेला समेत 15 धरोहरें पहले ही लिस्ट में

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं।

इस पर पीएम मोदी ने कहा कि दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है।' भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।



### दिवाली संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी : मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, 'भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें।

### भारत की 15 धरोहरें पहले से लिस्ट में

यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते, लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आनेवाली पीढ़ियों तक पहुंचे। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

# राहुल संसद सत्र के बीच जर्मनी जायेंगे

- भाजपा बोली- उनके लिए 'एलओपी' लीडर ऑफ पर्यटन
- कांग्रेस का जवाब- मोदी की 85% विदेश यात्राएं सत्र के दौरान



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर राजनीति तेज हो गयी है। भाजपा ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राहुल की विदेश यात्रा को लेकर उनकी आलोचना की है। कंगना रनोट, संजय जायसवाल समेत कई भाजपा सांसदों ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि 'एलओपी' का मतलब 'लीडर ऑफ पर्यटन' होता है। वे लीडर ऑफ पार्टींइंग (पार्टी करने वाले नेता हैं)। संसद सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, फिर भी राहुल 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे।

वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काम का आधा समय विदेश में बिताते हैं। फिर भाजपा की ओर से विपक्ष के नेता की विदेश यात्रा पर सवाल क्यों उठाये जा रहे हैं?

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पोस्ट किया है। इसमें पीएम मोदी की विदेश यात्राओं की जानकारी दी है। दावा किया है कि पीएम मोदी की लगभग 85% विदेश यात्राएं संसद सत्र के दौरान ही होती हैं।

**राहुल जर्मनी में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होंगे :** राहुल गांधी 17 दिसंबर को जर्मनी की राजधानी बर्लिन में होने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आइओसी) के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे यूरोप के विभिन्न देशों से आये आइओसी के नेताओं से मुलाकात करेंगे। आइओसी ने इस दौरे को पार्टी के वैश्विक संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल बताया है। आइओसी ने कहा कि राहुल गांधी 17 दिसंबर को बर्लिन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। इस दौरान यूरोप में आइओसी के लोकल ब्रांच के सभी प्रमुख आइओसी मुद्दों, कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को विस्तार देने की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

# भारत का एआइ मॉडल कॉपी नहीं हो सकता : नडेला

## गौतम अडाणी से मिले, माइक्रोसॉफ्ट भारत में 1.6 लाख करोड़ रुपये निवेश करेगी


आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीइओ सत्य नडेला अभी भारत के दौरे पर हैं, जिसकी थीम है- 'लीडिंग इन द न्यू एज ऑफ एआइ'। बुधवार को नडेला ने अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को नडेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे और दोनों ने भारत की एआइ रोडमैप और ग्रोथ प्रायोरिटीज पर बात की। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 बिलियन डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपये) निवेश की घोषणा की।

कंपनी की प्रेस रिलीज के मुताबिक ये निवेश भारत के तेजी से बढ़ते एआइ इकोसिस्टम को सपोर्ट करेगा। कंपनी एआइ को बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से लागू करेगी, यानी हर आदमी तक इसकी पहुंच आसानी से हो जाये, इसके लिए काम करेगी।

### नडेला-अडाणी ने एआइ पर चर्चा की

नडेला ने गौतम अडाणी से भी मुलाकात की। दोनों ने टेक्नोलॉजी



के भविष्य, खास कर एआइ पर चर्चा की। अडाणी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नडेला से मिलना हमेशा सुखद होता है। उन्होंने आगे लिखा कि सत्य नडेला खुद जो एआइ एप्स बना रहे हैं, उसका डेमो भी दिखाया। उनकी टेक्नोलॉजी के भविष्य वाली बातें बहुत कीमती हैं। जैसे-जैसे एआइ का जमाना आ रहा है और फिजिकल-डिजिटल दुनिया एक हो रही है, हम 360 डिग्री पार्टनरशिप बनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

### 30 करोड़ से ज्यादा कामगारों को जॉब सिक्योरिटी

सत्य नडेला ने कहा कि हर बार जब मैं भारत आता हूं, मुझे ये देख कर ताज्जुब होता है कि एआइ यहां लोगों की जिंदगी को कितनी तेजी से बदल रहा है। लेबर मिनिस्ट्री के साथ हमारी पार्टनरशिप इसका एक जबरदस्त उदाहरण है, जिससे असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ से ज्यादा मजदूरों को बेहतर नौकरियों और सोशल सिक्योरिटी से जोड़ा जा रहा है। ये दिखाता है कि जब टेक्नोलॉजी बड़े स्तर पर लोगों को ताकत देती है, तो क्या-क्या हो सकता है।




# गढ़चिरौली में 82 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में महाराष्ट्र की गढ़चिरौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसके तहत गढ़चिरौली में बुधवार को 82 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। ये सभी नक्सली ने महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान वहां पर एडिशनल डीजी (स्पेशल ऑपरेशंस) चेहरिंग दोरजे, गढ़चिरौली रेंज के डीआइजी अंकित गोयल, एसपी नीलोत्पल और सीआरपीएफ के ऑपरेशंन डीआइजी भी मौजूद थे।

गढ़चिरौली पुलिस को मिली इस बड़ी सफलता को डीजीपी रश्मि शुक्ला ने नक्सलवाद के अंत की शुरूआत बताया। उन्होंने कहा कि यह गढ़चिरौली में नक्सलवाद के अंत की शुरूआत है। शुक्ला ने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य रखा है और राज्य की पुलिस इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सिर्फ इस साल ही 100 से ज्यादा माओवादी गढ़चिरौली में आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

बता दें कि गढ़चिरौली महाराष्ट्र का अत्यंत प्रभावित नक्सली इलाका माना जाता है। इतने बड़े स्तर पर नक्सलियों का आत्मसमर्पण पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। इससे इलाके में शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद मजबूत हुई है। ऐसे में पुलिस के मुताबिक, आगे भी नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित की जा सके।

# तिरुपति देवस्थानम में सामने आया सिल्क दुपट्टा घोटाला, 54 करोड़ की हुई हेराफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। 2015 से 2025 के बीच मंदिर प्रशासन को सप्लाई किये गये सिल्क दुपट्टों में भारी फजीवाड़ा पकड़ा गया है। सतर्कता विभाग की जांच में खुलासा हुआ कि सिल्क के नाम पर पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किये गये, जिनकी कीमत करोड़ों में वसूली गयी। इस घोटाले की रकम लगभग 54 करोड़ रुपये से अधिक बतायी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक एक ठेकेदार ने करीब 15,000 दुपट्टे प्रति पीस 1,389 रुपये की दर से दिये और दावा किया कि ये 'सिल्क दुपट्टे' हैं, लेकिन जांच के दौरान सैंपल जब सेंट्रल सिल्क बोर्ड सहित दो लैब्स में भेजे गये, तो रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि दुपट्टे असली रेशम से नहीं, बल्कि पूरी तरह पॉलिएस्टर से बने थे।



### जांच एसीबी को सौंपी गयी

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए टीटीडी चेयरमैन बीआर नायडू ने कहा हमें खरीद विभाग में कुछ अनियमितताएं मिली हैं। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेकर हमने जांच एसीबी को सौंप दी है।

**पहले भी विवादों से घिर चुका है टीटीडी :** नकली घी और मिलावट मामला (2024): सितंबर 2024 में तब हड़कंप मच गया था जब आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तिरुपति के पवित्र लड्डुओं में इस्तेमाल होने वाला घी शुद्ध गौघृत न होकर मिलावटी हो सकता है। इसके बाद सीबीआइ की निगरानी में एक एसआइटी गठित की गयी और पूरे सप्लाई चेन की जांच शुरू हुई।

**परकामानी केस (2023):** 29 अप्रैल 2023 को परकामानी विभाग से जुड़े एक क्लर्क सीवी रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया था। आरोप था कि वह श्रद्धालुओं द्वारा श्रीवारी हुंडी में डाले गये दान की रकम चोरी कर रहा था।

**टीटीडी के लिए बढ़ी चुनौतियां :** इन विवादों के बाद अब 54 करोड़ रुपये का सिल्क दुपट्टा घोटाला मंदिर प्रशासन की पारदर्शिता पर फिर सवाल खड़ा कर रहा है। जांच एजेंसियां अब इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि 10 साल तक यह फर्जीवाड़ा कैसे चलता रहा, किसकी मिलीभगत थी और किन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। जांच जारी है और आगे और खुलासों की संभावना जतायी जा रही है।




# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड : 4 मालिकों में से एक पकड़ाया

- बोला- मैं सिर्फ बिजनेस पार्टनर, थाइलैंड भागे लूथरा ब्रदर्स को जमानत नहीं मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**पणजी/नयी दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया। गोवा पुलिस ने दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ की। इसके बाद उसे साकेत कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को गोवा पुलिस की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा है। इस दौरान उसे उसे दवाएं लेने की अनुमति दी गई है। क्राइम ब्रांच ऑफिस में जाने के दौरान, आरोपी ने मास्क, टोपी और हुडी जैकेट से अपना चेहरा छिपा रखा था। आरोपी अजय ने मीडिया के सवालों पर कहा- मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं पता।

इधर, क्लब के दो अन्य मालिक और सगे भाई, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा ने दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। कोर्ट ने जमानत नहीं दी और पुलिस से जमानत पर जवाब मांगा है। मामले पर गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। दोनों भाई आग लगने के कुछ घंटों बाद, 7 दिसंबर को दिल्ली से थाईलैंड भाग गए थे। इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन ने दोनों भाइयों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। नाइट क्लब के एक अन्य मालिक सुरिंदर खोसला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। वह एक ब्रिटिश नागरिक हैं।

**पुलिस ने दिल्ली के अस्पताल से अजय गुप्ता को पकड़ा :** गोवा पुलिस के मुताबिक, अजय गुप्ता की बिर्च बाय क्लब में बड़ी फाइनेंशियल साझेदारी है। उसने लूथरा ब्रदर्स के क्लब में काफी पैसा निवेश किया था। पुलिस ने गुप्ता के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था। पुलिस टीम जब गुप्ता के दिल्ली स्थित घर पर पहुंची तो वह घर पर नहीं मिला। इसके बाद उसके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। बाद में उसकी लोकेशन दिल्ली के लाजपत नगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रेन एंड स्पाइन अस्पताल में मिली।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**